स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
15 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 293 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
**मूल्य : 4 रुपये**

epaper : epaper.swatantrabharat.net

सूर्यवंशी 10 साल की उम्र से रोजाना लगभग 100 ओवर बल्लेबाजी अभ्यास करता था: कोच ओझा



# भारत दुनिया को समाधान देने वाला देश

## नीस में पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली/नीस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने रक्षा, अर्धचालक (सेमीकंडक्टर), अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, निवेश और रणनीतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत

- **रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग पर जोर**

डोभाल, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स-2026' कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के नवाचार आधारित उद्यमों तथा निवेश कोषों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता केवल व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्वास, साझा मूल्यों और साझा लक्ष्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब केवल समाधान लेने वाला देश नहीं, बल्कि दुनिया को समाधान देने वाला राष्ट्र बनकर उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विज्ञान जैसी उभरती तकनीकें भविष्य की दिशा तय करेंगी और भारत इन क्षेत्रों में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स-2026' भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। इससे भारतीय नवाचार आधारित उद्यमों, युवा उद्यमियों और नए विचारों को वैश्विक निवेशकों तथा विशेषज्ञों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक नवाचार आधारित उद्यम शामिल हुए हैं, जबकि भारत में ऐसे उद्यमों की संख्या दो लाख से अधिक है। ये उद्यम न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहे हैं, बल्कि वैश्विक तकनीकी विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत की नवाचार क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में भारत दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत हर वर्ष इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियर तैयार करता है, जितने यूरोप और अमेरिका मिलकर भी नहीं कर पाते। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि अब सवाल यह नहीं है कि भारत नवाचार करता है या नहीं, बल्कि यह है कि दुनिया में कौन भारत के साथ मिलकर नवाचार करना चाहता है। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीस के निकट स्थित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर 'विला केरीलोस' लेकर गए। दोनों नेताओं ने वहां अनौपचारिक बातचीत की और परिसर का भ्रमण किया। राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक सेल्फी लेकर उसे सामाजिक मंच 'एक्स' पर साझा भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 17 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर हैं। इस दौरान वह 17 जून को फ्रांस के एवियान में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन के अवसर पर उनकी कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं भी प्रस्तावित हैं, जिनमें व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

# ओमान तट के पास डूबी भारतीयों से भरी नौका

**मस्कट।** ओमान के तट के पास समुद्र में एक बड़ा हादसा टल गया, जब 14 भारतीय नागरिकों को लेकर जा रही एक पारंपरिक नौका अचानक संकट में फंसकर डूबने लगी। घटना की

- **अमेरिका ने तुरंत पहुंचाई मदद**
- **सभी 14 लोग सुरक्षित**



सूचना मिलते ही अमेरिकी नौसेना, भारतीय नौसेना और पास से गुजर रहे एक व्यापारी जहाज ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया। समय रहते सभी 14 भारतीयों को जीवनरक्षक नौका (लाइफ राफ्ट) में सुरक्षित पहुंचा दिया गया। अधिकारियों के अनुसार यह घटना ओमान के रास अल हद्द से लगभग 80 नॉटिकल मील पूर्व में हुई। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 14 जून की सुबह अमेरिकी नौसेना को सूचना मिली कि भारतीय नागरिकों को लेकर जा रही नौका संकट में है और उसके डूबने का खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद अमेरिकी नौसेना ने तटीय अधिकारियों और भारतीय नौसेना को अलर्ट किया। अमेरिकी नौसेना के पी-8 समुद्री निगरानी विमान ने तुरंत मौके पर पहुंचकर एक जीवनरक्षक नौका समुद्र में गिराई और पूरी निकासी प्रक्रिया पर नजर रखी। नौका पर सवार सभी 14 लोग सुरक्षित रूप से इस जीवनरक्षक नौका में पहुंच गए। इसके साथ ही भारतीय नौसेना के जहाजों को भी घटनास्थल की ओर रवाना किया गया ताकि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सहायता दी जा सके।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब ओमान और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास का समुद्री क्षेत्र सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। हाल के महीनों में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के कारण इस क्षेत्र में जहाजरानी और समुद्री गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य से बड़ी मात्रा में तेल और व्यापारिक सामान की आवाजाही होती है। ऐसे माहौल में समुद्र में किसी भी आपात स्थिति को गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि इस मामले में सभी भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जिससे एक संभावित बड़ी समुद्री त्रासदी टल गई। फिलहाल भारतीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

## अमेरिका-ईरान समझौते का मसौदा तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिनों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक अंतरिम शांति समझौते का मसौदा तैयार हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौते पर

- **युद्धविराम समेत कई शर्तों पर बनी सहमति**

हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि कुछ मुद्दों पर अंतिम सहमति अभी बाकी है। प्रस्तावित समझौते के तहत लेबनान समेत सभी मोर्चों पर तत्काल और स्थायी युद्धविराम लागू किया जाएगा। अमेरिका 30 दिनों के भीतर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा और होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने पर सहमति बनेगी। ईरान को यहां से गुजरने वाले जहाजों से सेवा शुल्क लेने की अनुमति दी जा सकती है। समझौते में विदेशों में जमा ईरान की 24 अरब डॉलर की जब्त संपत्तियों को लौटाने और ईरानी तेल, पेट्रोकेमिकल उत्पादों तथा पेट्रोलियम डेरिवेटिव्स पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को निलंबित करने का भी प्रावधान है।

# ममता बनर्जी ने की तृणमूल कांग्रेस की 'सर्जरी'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस

- **दो महिला सांसदों को पद से हटाया**
- **बगावत की हवा धीमी नहीं पड़ रही**



(टीएमसी) में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया है। ममता बनर्जी ने पार्टी की युवा और महिला इकाइयों में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपते हुए सांसद सायोनी घोष और सांसद माला रॉय को उनके प्रमुख पदों से हटा दिया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पार्टी के भीतर असंतोष और बगावत की खबरें सामने आ रही हैं। माना जा रहा है कि ममता बनर्जी संगठन पर अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जादवपुर से सांसद सायोनी घोष को युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाकर युवा नेता अर्नब बनर्जी को जिम्मेदारी दी गई है।

## पूर्व विधायक के बेटे ने की पत्नी की हत्या, खुद भी दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व विधायक स्व. जगदीश सिंह यादव के बेटे राकेश यादव (73) ने शनिवार रात फिरोजाबाद के सुभाष तिराहा स्थित आवास में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से पत्नी राममूर्ति (68) को गोली मार अपने सिर में भी गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी ने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ा। राकेश आदर्श कृष्ण इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक थे और उन पर मई 2025 में विद्यालय की कृषि भूमि से होने वाली आय के 2.60 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगा था। उसी के मुकदमे की तारीख से वह शाम को अदालत से घर लौटे थे। शनिवार रात करीब 9.30 बजे राकेश के आवास के एक कमरे से अचानक दो गोलियों की आवाजें गूंजीं। घर के दूसरे कमरों में मौजूद राकेश यादव की बड़ी बेटी गरिमा और छोटी बेटी प्रतिमा बदहवास दौड़ीं। कमरे के भीतर माता-पिता खून से लथपथ पड़े थे।






# पेपर लीक : एनएसयूआई ने किया राजभवन का घेराव

## पुलिस से झड़प के बाद कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नीट, लेखपाल और यूपी एसआई समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के कथित पेपर लीक के विरोध में तथा आंदोलन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ रविवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से राजभवन घेराव के लिए मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने भारी बैरीकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए राजभवन की ओर बढ़ रहे थे। लाल बहादुर शास्त्री मार्ग के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया। आरोप है कि बैरीकेडिंग पार करने की कोशिश



कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया, जिसमें एक कार्यकर्ता बेहोश हो गया। उसे तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बसों के जरिए इको गार्डेन पहुंचाया, जहां से उन्हें देर शाम रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विनोद जाखड़ ने कहा कि भाजपा सरकार प्रतियोगी परीक्षाएं कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और पेपर लीक के मामलों को लेकर देशभर में छात्र आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेपर माफियाओं को संरक्षण दे रही है और भारी पुलिस बल की तैनाती से सरकार का डर साफ दिखाई देता है। उन्होंने पेपर लीक से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता देने, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर प्रतिबंध लगाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी की। प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों और बेरोजगार युवाओं की आवाज उठाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी और किसी भी कार्रवाई से पीछे हटने वाली नहीं है। प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब अहमद, जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रणव पाण्डेय, सौरभ, ऋषभ पाण्डेय, देवकी पटेल, मोहम्मद नईम सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लविवि ने जारी की विस्तृत सीएसआर नीति

## कॉर्पोरेट निवेश से संवरेगा उच्च शिक्षा और शोध का स्तर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने उद्योग जगत, कॉर्पोरेट घरानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ अपने अकादमिक और तकनीकी संबंधों को एक नई ऊंचाई देने के लिए अपनी पहली विस्तृत सीएसआर नीति आधिकारिक रूप से जारी कर दी है। 106 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक और एनएएसी द्वारा ए प्लस प्लस(,++)ग्रेड प्राप्त संस्थान ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप उच्च शिक्षा, नवाचार और सामाजिक विकास को गति देने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के विस्तृत दिशानिर्देशों को कार्य परिषद् द्वारा पारित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विशेष सीएसआर सेल के माध्यम से अब कॉर्पोरेट संगठन सीधे तौर पर विश्वविद्यालय के बंदोबस्ती कोष, बुनियादी ढांचे और छात्र कल्याण योजनाओं में पारदर्शी तरीके से अपना योगदान दे सकेंगे। इस नीति का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत आने वाली पात्र कंपनियों को विश्वविद्यालय के साथ मिलकर समाज कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भागीदार बनाना है। विश्वविद्यालय



का मानना है कि इस साझेदारी से न केवल परिसर के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण होगा, बल्कि उभरती हुई वैश्विक प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर्स, ग्रीन एनर्जी, साइबर सुरक्षा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान को भी बल मिलेगा। वहीं कॉर्पोरेट घराने मेधावी, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्तियां, वित्तीय सहायता कार्यक्रम और शोध फेलोशिप शुरू कर सकते हैं। उद्योग जगत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में चल रहे वैज्ञानिक, सामाजिक और अंतःविषय शोध परियोजनाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान कर सकते हैं। सीएसआर फंडिंग के माध्यम से रोबोटिक्स, पर्यावरण विज्ञान, रिन्यूएबल एनर्जी, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और क्लाइमेट चेंज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधुनिक प्रयोगशालाओं और विशिष्ट केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, स्टार्टअप और नवाचार सहयोग, फैकल्टी ग्रांट और चेयर प्रोफेसर की स्थापना, सामुदायिक और ग्रामीण विकास, निवेश करने वाली कंपनियों को मिलेंगे विशेष अकादमिक लाभ, अधिकारियों के लिए सीधी पीएचडी, अंशकालिक पीएचडी प्रवेश मिलेगा। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय का विजन एक ऐसा आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर का शैक्षणिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां ज्ञान और उद्योग मिलकर काम कर सकें। यह सीएसआर नीति केवल वित्तीय अनुदान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, नवाचार और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक साझा और दूरगामी यात्रा है।

## खबर एक नज़र

### काकोरी जैन मंदिर में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** काकोरी के भगवान पार्श्वनाथ धाम में 24 से 29 जून तक होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर श्री 1008 आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक रविवार को भगवान पारसनाथ धाम, काकोरी में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य, व्यवस्थापिका समिति एवं महिला मंडल समिति की पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। बैठक में आगरा से पधारे प्रबंधन प्रभारी विनय जी* तथा समिति के अध्यक्ष संजीव जैन एवं महामंत्री संदीप जैन द्वारा पंचकल्याणक महोत्सव की सभी व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। जल, विद्युत, आवास, भोजन, यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। विशाल जैन, आदीश जैन ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान पारसनाथ के समक्ष अत्यंत उत्साह एवं समर्पण भाव से अपने-अपने दायित्वों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का संकल्प लिया।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने दी बधाई

**स्वतंत्र भारत सरोजिनी नगर।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने और देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुरक्षा, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, जी-20 की सफल अध्यक्षता, चंद्रयान-3 और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तथा सरोजनीनगर क्षेत्र में भी निवेश, आधारभूत ढांचे और रोजगार के नए अवसर विकसित हुए हैं।

### अर्थ फाउंडेशन ने शुरू किया 'कन्फ्यूजन का सॉल्यूशन सेंटर'

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज।** ब्लॉक के बड़ी सिटकहा गांव में अर्थ फाउंडेशन की दूसरी वर्षगांठ पर विद्यार्थियों के लिए 'कन्फ्यूजन का सॉल्यूशन सेंटर' का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा, करियर और लक्ष्य निर्धारण के लिए सही दिशा व मार्गदर्शन प्रदान करना है। यहां दी जाने वाली शिक्षा और परामर्श सेवाएं पूरी तरह निशुल्क होंगी, जिसका खर्च संस्था वहन करेगी। कार्यक्रम में महमूदपुर ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक दुर्गेश कुमार, अंबेडकर पंचायत सहायक सतीश कुमार, संस्था की प्रेसिडेंट कृति प्रकाश, सचिव मनीष कुमार बहेल तथा कार्यकर्ता विनय कुमार राय और कोमल मौजूद रहे। सर्वेश कुमार ने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

### राजधानी में लिबर्टी का 427वां मेगा शो रूम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हजरतगंज में लिबर्टी शूज़ लिमिटेड के 427वें मेगा एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लिबर्टी ग्रुप के सीओओ रमन बंसल, लिबर्टी के कंट्री सेल्स हेड रामनाथ वर्मा और महादेव एंटरप्राइजेज के संचालक मौजूद रहे। रमन बंसल ने कहा कि लखनऊ में उपभोक्ताओं के विश्वास को देखते हुए कंपनी विस्तार कर रही है, जबकि रामनाथ वर्मा ने देशभर में 25 प्रीमियम मेगा शोरूम खोलने की योजना की जानकारी दी।

### सीएमएस छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, इंदिरा नगर प्रथम कैम्पस की छात्राओं कियारा अग्रवाल, यशिका श्रीवास्तव और अग्रिमा सिंह ने इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आईबीटी) के तहत आयोजित अंतरराष्ट्रीय इंग्लिश प्रतियोगिता में 95 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर 'सर्टिफिकेट ऑफ हाई डिस्टिक्शन' हासिल किया। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (एसीईआर) के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 देशों के छात्रों ने हिस्सा लिया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्रीष्म कालीन खेलों का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सरगम अपार्टमेंट रेजिडेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में कुर्सी रोड स्थित सरगम में नव निर्मित सरगम स्पोर्ट्स क्लब में ग्रीष्म कालीन खेलो का आयोजन किया गया। इस दौरान टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन में कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल 55 मैच आयोजित हुए। लीग, क्वार्टर फाइनल, सेमि फाइनल और फाइनल मैचों के बाद विजेताओं की घोसड़ा हुई। ग्रीष्म कालीन टूर्नामेंट में नचिकेता को विजयी घोसित किया गया रनर अप अद्वितीय को घोषित किया गया। तीसरा स्थान कुशाग्र ने प्राप्त किया। सरगम आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुरोध राय ने कहा की स्पोर्ट्स में बच्चो की उत्सुकता बढ़ाने तथा स्वस्थ मनोरंजन के लिए रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सदैव प्रयासरत रहेगी। उन्होंने कहा कि सरगम मैं ऐसा माहौल बनाना है जिसमें बच्चे खेल मैं आगे बढ़े और हमारे यहाँ से भी कोई राष्ट्रीय और अंतरास्ट्रीय स्तर का खिलाडी निकले।

# जरूरतमंदों को कराया निःशुल्क भोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वारा संचालित बृज की रसोई के तत्वाधान में रविवार को आशियाना में निःशुल्क भोजन, शीतल शरबत और केला वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों, श्रमिकों और राहगीरों ने सेवा का लाभ उठाया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि सेवा के माध्यम से समानता और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत किया जा सकता है। संजय श्रीवास्तव, दीपक भुटियानी, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग दुबे और जालिम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में सी.एच. तिवारी, पप्पू कुमार सिंह, बलवंत सिंह, राजीव कुमार पटेल, अनिल सिंह, विनोद मिश्रा, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह, उमाशंकर यादव और गोविन्द सिंह ठाकुर समेत कई स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग किया।

# श्रीराम मंदिर सदियों के संघर्ष, बलिदान और आस्था की विजय का प्रतीक

**स्वतंत्र भारत सरोजिनी नगर ।** सरोजिनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अयोध्या और श्रीराम मंदिर को लेकर विपक्षी दलों के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक राम मंदिर निर्माण का विरोध किया और प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया, वे आज अयोध्या के नाम पर राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन समाज और देश की जनता सब कुछ याद रखती है। डॉ. सिंह ने कहा कि अयोध्या केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। श्रीराम मंदिर का निर्माण किसी राजनीतिक दल की उपलब्धि नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों के त्याग, संघर्ष, धैर्य और विश्वास की ऐतिहासिक विजय है। उन्होंने कहा कि दशकों तक चले आंदोलन और अनगिनत बलिदानों के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, जो सनातन संस्कृति की विजय का



प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश उन घटनाओं को नहीं भूला है, जब रामभक्तों की भावनाओं की उपेक्षा की गई और राम जन्मभूमि के मुद्दे को राजनीतिक कारणों से लंबित रखा गया। ऐसे लोग आज स्वयं को अयोध्या का हितैषी बताने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि इतिहास उनकी भूमिका का साक्षी है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या आज वैश्विक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरी है। श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ शहर में आधुनिक बुनियादी ढांचे, पर्यटन, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सत्य, धैर्य और आस्था की विजय का प्रतीक है। यह मंदिर उन करोड़ों लोगों की भावनाओं का सम्मान है, जिनकी आस्था को लंबे समय तक अनदेखा किया गया। आज यह मंदिर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन चुका है। डॉ. सिंह ने कहा कि अयोध्या को राजनीतिक अवसरवाद का मंच बनाने के बजाय उसकी गरिमा और सांस्कृतिक महत्व का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रभु श्रीराम भारतीय जीवन मूल्यों, मर्यादा, न्याय और लोककल्याण के शाश्वत प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को एकता, समरसता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत बालिकाओं को लगी वैक्सीन



**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** बक्शी का तालाब विकास खंड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महोना, कुम्हरावां और भरिगहना में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में सहायक है। इस अवसर पर सीएचसी इटौंजा के अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार, फार्मासिस्ट नरेश सिंह, हेमंत मिश्रा, अनूप तथा संबंधित एएनएम, आशा और आशा संगिनी मौजूद रहीं।

# विशाल भंडारे का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सेवई पुल के समीप स्थित पीएम आवास परिसर में ज्येष्ठ माह पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम और हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच पूरी, सब्जी, छोला, चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भंडारे में सरोजनीनगर विधायक के प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कई श्रद्धालुओं व कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अशोक कुमार मिश्रा, विवेक द्विवेदी, पंकज त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, आकाश त्रिपाठी, सौरव यादव और सतीश त्रिपाठी समेत कई महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। शैलेंद्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# लखनऊ विवि में छात्र नेताओं के निष्कासन के विरोध में धरना 13वें दिन भी जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं के निष्कासन के विरोध में चल रहा धरना रविवार को 13वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में उनके अभिभावक और परिवार के सदस्य भी धरना स्थल पर पहुंचे और विश्वविद्यालय प्रशासन से निष्कासन का आदेश वापस लेने की मांग की। अभिभावकों ने कहा कि छात्रों की बात सुने बिना कठोर कार्रवाई करना उचित नहीं है और प्रशासन को संवाद के जरिए समाधान निकालना चाहिए। धरना स्थल पर छात्रों के साथ उनके परिजन पूरे दिन मौजूद रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से निष्कासित छात्रों का भविष्य ध्यान में रखते हुए फैसला वापस लेने की अपील की। परिजनों का कहना था कि शिक्षा संस्थानों में संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस बीच भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ भी धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। विनोद जाखड़ ने कहा कि शिक्षा संस्थानों में छात्रों को अपनी बात रखने का अधिकार है और विश्वविद्यालय प्रशासन को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि निष्कासित छात्र नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई पर पुनर्विचार किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाए। धरना दे रहे छात्रों ने कहा कि जब तक निष्कासन का फैसला वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को उठा रहे हैं और उन्हें न्याय मिलने तक पीछे नहीं हटेंगे। धरना स्थल पर विभिन्न छात्र संगठनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी पहुंच रहे हैं और आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे हैं। लगातार बढ़ते समर्थन के बीच विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच गतिरोध बना हुआ है।

# संतुलन का विज्ञान है योग : डॉ अमरजीत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** फैकल्टी ऑफ योग एवं ऑल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के तहत रविवार को ध्यान पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान योग विभाग के कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, चिंता, अवसाद एवं जीवनशैली संबंधी विकारों की बढ़ती चुनौतियों के बीच ध्यान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और चेतना के संतुलन का विज्ञान है। ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति की एकाग्रता, निर्णय क्षमता तथा मानसिक स्थिरता में वृद्धि होती है और वह अपने जीवन को अधिक सकारात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण बना सकता है। कार्यशाला के वक्ता योगाचार्य किशोर कुमार शुक्ला ने ध्यान की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ध्यान मन को बाह्य विषयों से हटाकर आंतरिक चेतना की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग में ध्यान को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है तथा यह धारणा और समाधि के मध्य की अवस्था है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति आत्म-जागरूकता, मानसिक शांति एवं आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने ध्यान के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख करते हुए श्वास आधारित ध्यान, मंत्र ध्यान, त्राटक ध्यान, साक्षी भाव ध्यान, विपश्यना ध्यान तथा ओंकार ध्यान की विशेषताओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रकार का ध्यान मन और मस्तिष्क पर अलग-अलग सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है तथा नियमित अभ्यास से तनाव में कमी, भावनात्मक संतुलन, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता में वृद्धि देखने को मिलती है।

# चढ़ावा वापस कर दें, भगवान राम माफ कर देंगे : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने राम मंदिर दान में कथित गड़बड़ी पर तंज कसते हुए कहा कि अगर भगवान राम को चढ़ाए गए चढ़ावे के साथ कुछ हुआ है, तो कैमरे बंद कर दें और आपस में चर्चा कर लें। उन्होंने आगे कहा कि 'जो भी चढ़ावा चोरी हुआ है, उसे वापस कर दें। भगवान राम आपको माफ कर देंगे। साथ ही सपा मुखिया ने जांच के लिए विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) गठित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकारी संतों-महंतों की जांच करेंगे। सनातन धर्म का अपमान दरअसल, यह बातें अखिलेश यादव ने रविवार को आगरा में पत्रकारों से बात करते हुए कहा,'चढ़ावे की कथित चोरी के बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकारी हमारे धर्म और मंदिर से जुड़े लोगों की जांच करेंगे।' उन्होंने एसआईटी जांच पर सवाल उठाते हुए पूछा, 'क्या



अधिकारी उन लोगों की जांच करेंगे जो हमारे धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं? सनातन धर्म के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है?' तीन सदस्यीय एसआईटी हुई थी गठित उत्तर प्रदेश सरकार ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के दान और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े आरोपों की जांच के लिए शनिवार को तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। राम मंदिर को दिए गए दान से जुड़े आरोपों का जिक्र करते हुए सपा मुखिया ने कहा, '' यादव ने इस जांच को आस्था का अपमान भी बताया और कहा, 'अधिकारी हमारे भगवान के पुजारियों की जांच करेंगे। यह सनातन धर्म का अपमान है।' उन्होंने कहा, 'इतनी पवित्र और प्रतिष्ठित जगह से जुड़े संतों और साधुओं की अधिकारियों द्वारा जांच किया जाना ऐसी बात है जिसे सनातन धर्म के अनुयायी स्वीकार नहीं कर सकते। ' अधिकारियों के अनुसार, एसआईटी का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ट्रस्ट के अनुरोध के बाद किया गया था। ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर जारी चर्चाओं की जांच करने और सच्चाई सामने लाने' के लिए निष्पक्ष जांच की मांग की थी और आरोप लगाया था कि राम मंदिर की छवि खराब करने की कोशिशें की जा रही हैं। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं।

# 60 बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार

## सीपेट लखनऊ में वितरित हुए जॉब ऑफर लेटर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट), लखनऊ में एनटीपीसी ऊँचाहार द्वारा प्रायोजित चार माह के आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 60 बेरोजगार युवाओं को जॉब ऑफर लेटर तथा प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी ऊँचाहार की परियोजना प्रभावित ग्राम सभाओं के 60 युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें देश के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। समारोह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी ऊँचाहार के परियोजना प्रमुख विश्व मोहन सिंह रहे। उनके साथ मानव संसाधन विभाग के पंकज कुमार, वरिष्ठ



प्रबंधक स्नेह त्रिपाठी तथा कार्यकारी सोनाली भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपेट लखनऊ के संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख विवेक कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण प्रताप सिंह, प्रभारी कौशल विकास ने किया। इस अवसर पर डॉ. सजेश पांडा, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, लवकुश मिश्र सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विश्व मोहन सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में सफलता और निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं।



# राजधानी में आबकारी नियमों को चुनौती!

## रात 10 बजे के बाद भी शराब बिक्री के आरोप, विभागीय निगरानी पर उठे सवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आबकारी नियमों के पालन को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आबकारी विभाग के सेक्टर-8 क्षेत्र में संचालित कुछ शराब दुकानों पर निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी देर रात तक शराब बिक्री किए जाने का वीडियों वायरल हुआ हैं। विशेष रूप से कैसरबाग स्थित नावेल्टी चौराहा और अमीनाबाद क्षेत्र के कुछ ठेकों को लेकर स्थानीय स्तर पर देर रात्रि तक शराब बेचने और दुकान खोलने का मामला सामने आया है। आबकारी नियमों के अनुसार निर्धारित समय के बाद शराब बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यदि कहीं भी नियमों की अनदेखी कर बिक्री जारी रहती है तो यह न केवल विभागीय आदेशों की अवहेलना है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती मानी जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार रात 10 बजे के बाद भी शराब की बिक्री होती देखी गई है। लोगों का कहना है कि देर रात तक ठेकों के आसपास भीड़ जुटने से शोर-शराब,मारपीट की संभावना बनी रहती है। आसपास रहने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्धारित समय के बाद भी दुकानों पर गतिविधियां जारी रहती हैं, जिससे नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं। मामले को लेकर आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था भी चर्चा के केंद्र में है। सवाल उठ रहा है कि यदि समय सीमा के बाद बिक्री हो रही है तो संबंधित आबकारी निरीक्षक, क्षेत्रीय अधिकारी और स्थानीय पुलिस की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ रही। विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और आकस्मिक जांच के दावों के बावजूद यदि नियमों का उल्लंघन जारी है तो यह निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जानकारों का कहना है कि शासन ने आबकारी विभाग को राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ नियमों के सख्ती से पालन की भी जिम्मेदारी दी है। ऐसे में यदि कहीं भी निर्धारित समय के बाद शराब बिक्री के आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों और लाइसेंस धारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सकती है। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबन, आर्थिक दंड और अन्य विभागीय कार्रवाई का भी प्रावधान है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि संबंधित क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, बिक्री रिकॉर्ड और निरीक्षण रजिस्टर की जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो अब तक जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अब निगाहें आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों पर टिकी हैं।



> देर रात्रि तक शराब बेचने का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।
> **करुणेन्द्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ।**

**बड़े सवाल**

- क्या निर्धारित समय के बाद शराब बिक्री के आरोपों की विभागीय जांच होगी?
- क्या संबंधित क्षेत्र के आबकारी अधिकारियों से जवाब-तलब किया जाएगा?
- क्या देर रात बिक्री करने वाले लाइसेंस धारकों पर कार्रवाई होगी?
- क्या आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर वास्तविक स्थिति की जांच करेंगे?
- नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के बावजूद अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

# 2029 में देश में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी

## नरेन्द्र मोदी चौथी बार बनेंगे प्रधानमंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने वीआईपी गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के बाद 2029 में देश में फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी चौथी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालेंगे।नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनता का विश्वास उनके साथ है और हमें पूरा भरोसा है कि 2029 में भी भारी बहुमत के साथ एनडीए की सरकार सत्ता में लौटेगी। '

**■ यूपी के विकास, कानून-व्यवस्था की सराहना**

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामदास अठावले ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।अठावले ने कहा, 'उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहां विकास की गति बहुत तेज है। योगी जी ने राज्य से 'गुंडाराज' को पूरी तरह से खत्म करने का काम किया है। आज प्रदेश में हर वर्ग, चाहे वह दलित हो, आदिवासी हो, महिला हो या युवा, सभी को न्याय मिल रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार के बजट में भी उत्तर प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए भारी वित्तीय मदद दी गई है।



**जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र-** केंद्रीय राज्यमंत्री ने मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से 'प्रधानमंत्री जन धन योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से देश के लगभग 58 करोड़ लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे गरीबों को सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# माह के अंत तक यूपी में हो सकता है प्रशासनिक फेरबदल

## कई कमिश्नर और डीएम बदलने के संकेत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में 20 जून के बाद सीमित प्रशासनिक फेरबदल होने की संभावना जताई जा रही है। जनगणना से संबंधित प्रतिबंध समाप्त होने के बाद शासन स्तर पर अधिकारियों के तबादलों की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक इस फेरबदल में करीब आधा दर्जन मंडलायुक्तों और इतने ही जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार प्रस्तावित फेरबदल केवल जिलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शासन स्तर पर प्रमुख सचिव तथा विभिन्न निदेशालयों में भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पिछले कुछ समय से विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली और शिकायतों को लेकर सरकार गंभीर नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार ऊर्जा विभाग में लगातार मिल रही शिकायतों के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष नजर इस विभाग पर है। मुख्यमंत्री जल्द ही विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करने वाले हैं। हाल ही में ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा की ओर से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन को लेकर लिखे गए पत्र और उसके बाद सामने आए विवाद के मद्देनजर विभाग में बड़े बदलाव की संभावना व्यक्त की जा रही है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के पास नगर विकास विभाग का भी प्रभार है। हाल के महीनों में इस विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं।

# 'नंगों की इस भीड़ में, नहीं शर्म का काम'

**नवकांत ठाकुर**

देश के मौजूदा सामाजिक और सियासी माहौल के मद्देनजर रामेश्वर काम्बोज 'हिमांशु' का यह कहना कतई गलत नहीं है कि– 'नंगों की इस भीड़ में, नहीं शर्म का काम / इतने नंगे हो गए, नंगा हुआ हमाम / मन में कपट कटार है, मुख पर है मुस्कान / डोलते अब गली-गली, ऐसे ही इंसान।'

वाकई, यह नंगई की पराकाष्ठा ही तो है कि मनगढ़ंत झूठ के सहारे अखिलेश यादव की उस मासूम बेटी के चरित्र हनन की बेहद घटिया और शर्मनाक कोशिश हुई है जो देश से बाहर रहकर पढ़ाई–लिखाई कर रही है और जिसका सियासत या सार्वजनिक जीवन से कोई लेना–देना भी नहीं है। वह भी सिर्फ इसलिए ताकि यादव परिवार को अपमानित कर नीचा दिखाया जाए और झूठे आरोपों के सहारे विवाद खड़ा कर राम मंदिर में हुई कथित चंदे की चोरी के मामले से लोगों का ध्यान भटकाया जाए। तभी तो अखिलेश ने जब सात करोड़ रूपए की चोरी होने की बात कही तो उतनी ही रकम को केंद्र में रखकर उनकी बिटिया पर झूठा लांक्षन लगा दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेटी को सबकी बेटी बताते हुए एफआईआर दर्ज करके ऐसा कुत्सित कृत्य करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने का सराहनीय आदेश अवश्य दे दिया है। लेकिन मसला है कि अंधभक्तों के काफी बड़े तबके ने जिस निर्लज्जता के साथ इस

**नज़र और नज़रिया**

कुकृत्य का बचाव करते हुए इसे 'जैसे को तैसा' बताने के लिए स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के 'लड़कों से गलती हो जाती है' और आजम खान के 'पैंटी के रंग' सरीखे बयानों की याद दिलाई है उसे विशुद्ध नंगई ना कहें, तो और क्या कहें? वह भी तब जबकि सबको पता है कि राजनीतिक लाभ के लिए जया प्रदा से लेकर जया भादुड़ी और स्मृति ईरानी से लेकर कंगना रणौत तक का चरित्रहनन करने वालों को जनता जनार्दन ने ऐसी सजा दी है कि एड़ियां रगड़ते हुए पश्चाताप करने के बावजूद पुराना प्रताप दोबारा प्राप्त कर पाना उनके लिए असंभव है।

ऐसी ही बेशर्म नंगई राम मंदिर के दान पात्र से हुई कथित संस्थागत व्यवस्थित चोरी के मामले में भी दिख रही है जहां भले ही ट्रस्ट की मांग पर एसआईटी जांच शुरू हो गई है। लेकिन, गोबर के ढ़ेर से लाखों रूपए बरामद होने से लेकर मंदिर की व्यवस्था में लगाए गए कई लोगों द्वारा अकूत अचल संपत्ति अर्जित कर लिए जाने की बात सामने आने के बावजूद अभी तक उस पदाधिकारी ने भी अपना पद छोड़ने की जहमत नहीं उठाई है जिसने सीसीटीवी लगाने का यह कह कर विरोध किया था कि 'सब अपने ही लड़के हैं।'

हालांकि नंगई तो प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग के मामले में भी दिख रही है जहां नैतिकता के तकाजों को अनसुना करते हुए इंसाफ की आवाज उठाने वालों को ही आरोपों के कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। इसी प्रकार शंकराचार्य पर नाबालिग के यौन शोषण का झूठा आरोप लगाए जाने के मामले में भी नंगई का बेशर्म प्रदर्शन ही हो रहा है जिसमें सभी साजिशकर्ताओं की असलियत सार्वजनिक मंच पर सामने आ जाने के बावजूद कोई रत्ती भर शर्मसार होने के लिए भी तैयार नहीं है।

सच तो यह है कि देश और समाज के मौजूदा हालात ऐसे हो गए हैं जिसे बयां करते हुए अनिरुद्ध सिन्हा लिखते हैं कि– 'मुहब्बत बेच डाली है विरासत बेच डाली है / नई दुनिया के लोगों ने ये दौलत बेच डाली है / सियासत के इशारों पर यहाँ इंसाफ़ होते हैं / हुआ क्या है कि मुंसिफ़ ने अदालत बेच डाली है।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

# आरटीई के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश देने में 35 स्कूलों की मनमानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश देने में राजधानी के कई निजी विद्यालयों की लापरवाही सामने आई है। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस), बाल गाइड स्कूल, सेंट मेरी स्कूल और एलपीएस सहित 35 निजी विद्यालयों ने अब तक आरटीई के तहत चयनित छात्रों को दाखिला नहीं दिया है। इसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने संबंधित स्कूलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने समेत कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) विपिन कुमार ने बताया कि आरटीई के तहत चयनित बच्चों के प्रवेश को सुनिश्चित कराने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इस संबंध में कई दौर की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं और संबंधित विद्यालयों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में ऐसे विद्यालयों की संख्या 90 से अधिक थी, लेकिन विभाग की सख्ती और लगातार दबाव के बाद 60 से अधिक स्कूलों ने चयनित बच्चों को प्रवेश दे दिया है। इसके बावजूद 35 विद्यालय अभी भी नियमों का पालन करने में आनाकानी कर रहे हैं। बीएसए के अनुसार, जल्द ही इन विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उनके जवाबों और पक्ष की समीक्षा की जाएगी। यदि विद्यालयों की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला और चयनित बच्चों को प्रवेश नहीं दिया गया, तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ-साथ अन्य कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। ऐसे में किसी भी विद्यालय को चयनित बच्चों के प्रवेश से इनकार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पात्र बच्चों को उनका अधिकार समय पर मिले। दूसरी ओर, चयनित बच्चों के अभिभावकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**■ एफआईआर की तैयारी में शिक्षा विभाग**




# नारी सम्मान पर चयनात्मक न हों

**नजरिया**

राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन महिलाओं के सम्मान का प्रश्न किसी दल, विचारधारा या परिवार तक सीमित नहीं होना चाहिए। यदि किसी राजनीतिक नेता की बेटी, पत्नी या परिवार की महिला सदस्य के खिलाफ अभद्र टिप्पणी होती है तो उसका विरोध होना चाहिए, लेकिन यही संवेदनशीलता तब भी दिखनी चाहिए जब निशाना कोई दूसरी महिला हो, चाहे वह लोकगायिका मैथिली ठाकुर हों, अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत हों या सार्वजनिक जीवन की कोई अन्य महिला। भारतीय राजनीति में अक्सर देखा गया है कि विरोध का स्वर चयनात्मक हो जाता है। अपने दल या अपने नेता से जुड़ी महिला के सम्मान की बात जोर-शोर से उठाई जाती है, लेकिन विरोधी विचारधारा की महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों पर वही लोग मौन साध लेते हैं। यह दोहरा मापदंड न केवल राजनीति की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि महिला सम्मान के मूल सिद्धांत को भी कमजोर करता है। लोकतांत्रिक समाज में आलोचना विचारों, नीतियों और कार्यों की होनी चाहिए, व्यक्तित्व या पारिवारिक संबंधों की नहीं। महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा का विरोध तभी सार्थक माना जाएगा जब वह राजनीतिक सुविधा के बजाय सिद्धांत पर आधारित हो। समाज और राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि मर्यादा का कोई दल नहीं होता। महिला सम्मान भी वोट बैंक, विचारधारा या राजनीतिक पहचान के आधार पर विभाजित नहीं किया जा सकता।

यदि हम वास्तव में नारी सम्मान की बात करते हैं, तो वह हर महिला के लिए समान रूप से लागू होना चाहिए–चाहे वह किसी भी दल, वर्ग, क्षेत्र या विचारधारा से जुड़ी हो। वैसे भी भारतीय संस्कृति में नारी का सम्मान और मर्यादा को सर्वोपरि माना गया है तो क्यों आज के समाज में भ्रम की स्थिति बन रही है। नारी सम्मान का सिद्धांत स्पष्ट होना चाहिए–सम्मान सबका, विरोध हर अपमान का।

– भृगु नागर

# दस प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क पर लगे रोक

## उपभोक्ता परिषद ने सरकार से की अपील

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** ऊर्जा विभाग की प्रस्तावित समीक्षा बैठक 15 जून से ठीक पहले उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश सरकार से गंभीर अपील करते हुए मांग की है कि 10 प्रतिशत एफपीपीसीए (ईंधन एवं विद्युत क्रय लागत समायोजन) अथवा ईंधन अधिभार शुल्क के मुद्दे को प्रमुखता से लिया जाए और प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के हित में सरकार अपना स्पष्ट पक्ष सार्वजनिक करे। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आयोग पूर्व में भी अपने आदेश में यह स्पष्ट कर चुका है कि यूपीपीसीएल द्वारा जारी किया गया आदेश आयोग के विनियमों के अनुरूप नहीं है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं से ईंधन अधिभार शुल्क की वसूली जारी रखी गई है, जिससे प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं में असंतोष और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग स्वयं इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए यूपीपीसीएल से बार-बार आंकड़े, गणनाएं और अभिलेख मांग रहा है तथा आयोग के समक्ष वसूली की वैधता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं, तब सरकार का दायित्व है कि वह उपभोक्ताओं की चिंताओं को प्राथमिकता दे और इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष समीक्षा सुनिश्चित करे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री भी कह रहे हैं कि जून के महीने में 10% ईंधन अधिवर शुल्क लगाए जाने की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। उनसे कोई इस मसले पर राय नहीं ली गई ऐसे में पावर कारपोरेशन को किसने इतनी पावर दे रखी है कि वह नियम कानून का उल्लंघन करके मनमाना फैसला करता रहे ऐसे में उपभोक्ता परिषद प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करता है कि तत्काल इस मामले पर हस्तक्षेप किया जाए और सबसे पहले ईंधन अधिभार शुल्क की वसूली पर रोक लगाई जाये। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से लिया जाए।क्योंकि प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं से 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क की वसूली की जा रही है, जबकि उसके आधार से संबंधित सूचनाओं को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है।





# 12 वर्षों में भारत ने विकास के नए आयाम स्थापित किए : केशव मौर्य

## महिला सशक्तिकरण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को मुरादाबाद में आयोजित जनकल्याण शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने विकास खण्ड मुरादाबाद के अंतर्गत सभागार के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री मौर्य ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की। उन्होंने नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के समर्पित वर्ष रहे हैं। इन वर्षों में देश ने विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से तीन करोड़ दीदियों को जोड़ने तथा एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। बीते 12 वर्षों में सड़क, रेल, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में देश ने तेजी से प्रगति की है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के घर, उज्ज्वला योजना से महिलाओं को स्वच्छ ईंधन, हर घर जल योजना से ग्रामीण परिवारों को पेयजल तथा आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के खाते खुले हैं, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। मौर्य ने कहा कि किसानों के हितों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज से शुरू होगा योग सप्ताह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर कल 15 जून 2026 को मध्यान्ह 12 बजे राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, टुडियागंज, लखनऊ

**-आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र करेंगे उद्घाटन**

**-१५ से २१ जून तक प्रदेश के सभी आयुष महाविद्यालयों में होंगी विविध प्रतियोगिताएं**

के महर्षि चरक सभागार में योग सप्ताह का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' होंगे। कार्यक्रम में आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार, आयुष महानिदेशक चैत्रा वी.(आईएएस) आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी के निदेशकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तैयार किए गए पोर्टल पर विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं, चिकित्सक, योग प्रदर्शक एवं जन सामान्य प्रतिभाग कर सकते हैं। निदेशक डॉ. नारायण दास ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, टुडियागंज लखनऊ एवं समस्त 19 राजकीय आयुष महाविद्यालयों तथा निजी आयुष महाविद्यालयों में दिनांक 15 जून से 21 जून तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं योग पर सेमिनार का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। महाविद्यालय परिसर में प्रतिदिन सभी कर्मचारी, शिक्षकों, चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं द्वारा प्रातः काल 6:30 बजे से सामूहिक योगाभ्यास भी किया जाएगा। 21 जून 2026 को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी लोगों को जुड़ने के लिए आह्वान किया गया है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

पत्रांक 677 / ग्रा0अ0वि0 / ई-निविदा / निर्माण / 2026-27 दिनांक 06.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी. एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू० में (जीएसटी छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र-कटरा बाजार। | | | | | |
| 01 | गोण्डा | ग्राम पुरैनिया में तिवारी के घर से मुलायम के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 5.36 | 0.11 | 300+500+GST | चार माह |
| 02 | गोण्डा | ग्राम पकड़ी मालतीह में पिच रोड से टिपहनपुरवा में राधिका प्रसाद मिश्रा के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 17.62 | 0.35 | 300+500+GST | चार माह |
| 03 | गोण्डा | ग्राम मधवापुर परसागोंड़री में प्राइमरी स्कूल से जू0हा0 स्कूल तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 9.73 | 0.19 | 300+500+GST | चार माह |
| 04 | गोण्डा | ग्राम परसौना के डीलापुरवा में पक्की सड़क से राज कुमार सिंह के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 7.72 | 0.15 | 300+500+GST | चार माह |
| 05 | गोण्डा | ग्राम नकहा में रघुराज मिश्रा के घर से पक्की सड़क तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 3.16 | 0.06 | 300+500+GST | चार माह |
| 06 | गोण्डा | ग्राम रामपुर लोधन नकटी काली रोड से पाली नकटी पीपल पेड़ आगे तिराहे तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 9.45 | 0.19 | 300+500+GST | चार माह |
| 07 | गोण्डा | ग्राम दूरे निधि में रामदेव के घर से कौशल किशोर श्रीवास्तव के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 10.62 | 0.21 | 300+500+GST | चार माह |
| 08 | गोण्डा | ग्राम सभा अशोकपुर दुबेपुरवा में बाबादीन दुबे के घर से रामो दुबे के घर के सामने तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.43 | 0.09 | 300+500+GST | चार माह |
| 09 | गोण्डा | ग्राम पिसैया काली रोड से नाऊटोला होते हुये अवधेश गौतम के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 15.59 | 0.31 | 300+500+GST | चार माह |
| 10 | गोण्डा | ग्राम जयरामजोत में पठानपुरवा विश्वनाथ पाठक के घर से मन्दर के घर के पास तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 6.15 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 11 | गोण्डा | ग्राम मैसमपुर के बड़कापुरवा पी0डब्लू0डी0 रोड से फकीरे के खेत हुये राम जानकी मन्दिर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 16.53 | 0.33 | 300+500+GST | चार माह |
| 12 | गोण्डा | ग्राम बेलवा बाजार में पक्की सड़क से स्व0 सुमित तिवारी के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 4.70 | 0.10 | 300+500+GST | चार माह |
| 13 | गोण्डा | ग्राम उसरैना खास में रेलवे अण्डर पास से महन्थ सिद्धार्थ दास शुक्ला के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 11.79 | 0.24 | 300+500+GST | चार माह |
| 14 | गोण्डा | ग्राम अशोकपुर गन्धासी पक्की सड़क से दुबेपुरवा नहर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 7.35 | 0.15 | 300+500+GST | चार माह |
| 15 | गोण्डा | ग्राम रामपुर डीहा पर कुआं नाई के घर से उमेश शर्मा व निरंजन तिवारी के घर होते हुये परागदत्त विश्वकर्मा के घर तक स्वरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 5.63 | 0.11 | 300+500+GST | चार माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 25.06.2026 से 05.07.2026 तक।
3. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय-05.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-05.07.2026 को अपरान्हन 12.30 बजे।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0पी0 के क्लाज के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

उ0प्र0 252473 दिनांक- 12.06.2026
Website: www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गोण्डा



स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा सही नाम फूलकली पत्नी राधेश्याम नि0 ग्रा0 गोतौना पो0 हैदरगढ़ जि0 बाराबंकी है, जो की आधार कार्ड में अंकित है। किसान विकास पत्र में गलती से कमला पत्नी राधेलाल अंकित हो गया है। किसान विकास पत्र में सही नाम फूलकली पत्नी राधेश्याम अंकित किया जाए।

सी.आर.- 520/D-32


# निपुण भारत मिशन को नई धार देगी प्रदेश सरकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर

**-५८ जनपदों के २३२ संदर्भदाताओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण**

**-२२ जून से १० जुलाई तक एसआईएचएफडब्ल्यू, लखनऊ में आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम**

प्रदेश सरकार निपुण भारत मिशन को विद्यालय स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। एफएलएन (फाउंडेशन लिटरेसी एंड नुमैरेसी) तथा एनसीईआरटी आधारित पाठ्यपुस्तकों पर आधारित शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश के 58 जनपदों से 232 शैक्षणिक संदर्भदाताओं को राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन चरणों में 22 जून से 10 जुलाई तक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान ,लखनऊ में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण के माध्यम से एआरपी और डायट मेंटरों की ऐसी प्रशिक्षित टीम तैयार की जाएगी, जो आगे चलकर ब्लॉक स्तर पर हजारों शिक्षकों को प्रशिक्षित कर निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को कक्षा-कक्ष तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी। योगी सरकार की यह पहल बुनियादी शिक्षा में गुणवत्ता, सीखने के परिणामों और निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार का फोकस केवल विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि कक्षा-कक्ष में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने पर भी है। इसी उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन और एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्राथमिक विद्यालयों के सभी शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों के लिए प्रस्तावित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु जिला स्तरीय संदर्भदाताओं का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। एसआईएचएफडब्ल्यू, सेक्टर-18, इंदिरा नगर, लखनऊ में तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 22 जून से 26 जून, द्वितीय चरण 29 जून से 3 जुलाई तथा तृतीय चरण 6 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। इन तीनों चरणों में कुल 58 जनपदों से 232 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रत्येक जनपद से चार संदर्भदाता नामित किए जाएंगे, जिनमें दो एआरपी और दो डायट मेंटर शामिल होंगे।प्रशिक्षण के लिए चयनित चार संदर्भदाताओं में कम से कम एक-एक प्रतिभागी हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय से संबंधित होना अनिवार्य किया गया है। जिन जनपदों में एआरपी की संख्या दो से कम होगी, वहां अतिरिक्त डायट मेंटरों को नामित किया जाएगा। विषय की गहरी समझ और प्रशिक्षण संचालन की क्षमता रखने वाले एआरपी एवं डायट मेंटरों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# आईटीआई में शून्य ड्रॉपआउट और 100 प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री

**-विभागीय समीक्षा बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिए निर्देश**

**-कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर**

(स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस, वाराणसी में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वाराणसी मंडल के संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण,शिक्षुता), राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के एमआईएस मैनेजर एवं डीपीएमयू अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण,शिक्षुता) वाराणसी मंडल द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कौशल विकास योजनाओं तथा संस्थानों की प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। समीक्षा के दौरान मंत्री ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षार्थियों की संख्या बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मंत्री अग्रवाल ने राजकीय आईटीआई में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट प्रतिशत पर सभी प्रधानाचार्यों को विशेष अभियान चलाकर प्रशिक्षार्थियों की काउंसलिंग कराने तथा उनके अभिभावकों से नियमित संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान ड्रॉपआउट प्रतिशत को शून्य करने के लक्ष्य के साथ कार्य करे। इपीपीपी मॉडल के अंतर्गत संचालित राजकीय आईटीआई पिंडरा, वाराणसी एवं आईटीआई बदलापुर, जौनपुर की समीक्षा करते हुए मंत्री ने अपेक्षित प्रगति न होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थानों में आवश्यक संसाधनों, मशीनों एवं कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण सत्र 2026-27 से नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ कराया जाए तथा भारत सरकार से आवश्यक स्थायी संबंधन एवं एनसीवीटी मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु मंत्री ने एमआईएस मैनेजर एवं संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह संस्थानों का निरीक्षण करने तथा प्रशिक्षणार्थियों को आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मंडल के प्रत्येक जनपद में संचालित निजी आईटीआई में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 संस्थानों का चयन कर उन्हें प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। बैठक में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यवसायों एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रशिक्षण सत्र 2026-27 में 100 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का दीक्षांत समारोह आज
## राज्यपाल मेधावियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देंगे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का दीक्षांत समारोह सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित होगा। रविवार को समारोह के रिहर्सल से लेकर अन्य

**- समारोह में ३४० सफल अभ्यर्थियों को दी जाएगी डिग्री**

सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देंगी। समारोह में 340 सफल अभ्यर्थियों को डिग्री दी जाएगी। वहीं विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया जाएगा। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने कहा कि समारोह में एमबीबीएस और पीजी एवं सुपर स्पेशलिटी वर्ग में 12-12 मेडल दिए जाएंगे। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग और एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन में एक-एक अभ्यर्थी को पदक और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा। पदक वितरण का विवरण चांसलर मेडल और डायरेक्टर मंडल भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाइफा स्थित यूनेस्को चेयर इन बायो-एथिक्स के भारतीय कार्यक्रम के राष्ट्रीय शैक्षणिक प्रमुख डॉ. वेद प्रकाश मिश्र शामिल होंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस वर्ष पदकों के लिए चुने गए विद्यार्थियों का चयन अकादमिक प्रदर्शन, शोध कार्य, अनुशासन और संस्थागत गतिविधियों में योगदान के आधार पर किया गया है। संस्थान प्रशासन ने अतिथियों के बैठने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। समारोह के दौरान स्नातक छात्र चिकित्सा सेवा के मानकों को बनाए रखने और मरीजों के पति निष्ठा की शपथ भी लेंगे।

# कैसरबाग बस अड्डे के निकासी द्वार पर अवैध दुकानदारों का कब्जा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** कैसरबाग बस अड्डे के निकासी द्वार पर बनी पुलिया के ऊपर अवैध दुकानदारों का कब्जा हैं। इसी रास्ते बसें बाहर निकलती हैं और बगल में बनी अवैध दुकानें यात्रियों की राह रोक रही हैं। इस संबंध में कैसरबाग प्रबंधन की ओर से कई बार नगर निगम को पत्र भेजा गया, लेकिन नगर निगम ने यह कहते हुए अतिक्रमण हटाने से इनकार कर दिया गया कि यह जगह रोडवेज के अंडर में है। इसलिए अतिक्रमण को हटाया नहीं जा सकता। ऐसी स्थिति पर बस अड्डे में प्रवेश करने वाले यात्री और अधिकारी दोनों बेबस है। इसके चलते बस अड्डे के गेट पर बसों से यात्रियों के कुचलने का डर बना रहता हैं। यही नहीं कैसरबाग बस अड्डे पर खान-पान की दुकान के सामने रास्ता तो खोल दिया गया. लेकिन लोहे की रेलिंग होने के कारण यात्रियों के आने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में खान-पान संबंध दुकानों के लिए खोले गए रास्ते से अब यात्रियों के सामान चोरी होने का खतरा चौबीस घंटे मंडरा रहा है । कैसरबाग बस अड्डे पर यात्रियों के प्रवेश के लिए तीन रास्ते हैं। इनमें एक रास्ता बंद है। एक रास्ते पर बाराबंकी डिपो की बसों का संचालन हो रहा है। जबकि तीन नंबर गेट पर अतिक्रमण हैं।

# फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' ऐप के माध्यम से पूर्व बुकिंग पर ही मिलेगा यूरिया, डीएपी, एनपीके

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** प्रदेश के कृषि विभाग द्वारा जनपद रामपुर एवं सीतापुर के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना दी गई

**-किरायेदार व बटाईदार किसानों को भी मिलेगा लाभ**

**-घर बैठे होगी निकटतम उर्वरक विक्रेता की खोज**

है। इन दोनों जनपदों में आगामी 15 जून, 2026 से यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों का वितरण पूरी तरह से 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' ऐप के माध्यम से पूर्व बुकिंग के आधार पर किया जाएगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य 'हर किसान को सही उर्वरक का अधिकार' दिलाना है ताकि कोई भी किसान उर्वरक से वंचित न रहे। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए सबसे पहले इस ऐप पर बुकिंग करनी होगी, जिसके बाद वे निर्धारित विक्रेता से अपनी खाद प्राप्त कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से किसानों को समय पर और सुनिश्चित उर्वरक की उपलब्धता होगी, निकटतम विक्रेता की खोज आसान होगी और उनके समय व श्रम की भी बचत होगी। यह पूरी व्यवस्था क्यूआर कोड और टोकन



आधारित होगी, जो पूरी तरह से पारदर्शी, सरल और सुगम है। इस नई व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इससे किरायेदार एवं बटाईदार किसानों को भी उर्वरक का पूरा लाभ मिल सकेगा और खाद का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित होगा।

इस व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए किसानों को अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से 'फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल' ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप के भीतर बुकिंग की प्रक्रिया को 4 सरल चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में किसानों को 'ऐड लैंड एंड क्रॉप डिटेल्स' विकल्प में जाकर अपनी भूमि और फसल का पूरा विवरण दर्ज करना होगा। दूसरे चरण में उन्हें आवश्यक उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी या एनपीके और उसकी मात्रा का चयन करना होगा। तीसरे चरण में ऐप पर संबंधित क्षेत्र के उपलब्ध उर्वरक विक्रेताओं की सूची दिखाई देगी, जिसमें से किसान अपनी सुविधा के अनुसार निकटतम विक्रेता को चुन सकते हैं। चौथे व अंतिम चरण में बुकिंग पूरी होते ही एक क्यूआर कोड या टोकन जनरेट हो जाएगा। किसान इस क्यूआर कोड या टोकन को विक्रेता को दिखाकर आसानी से अपना उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। इस व्यवस्था के अंतर्गत आवेदन के लिए 3 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। प्रथम स्तर में आईडी धारक किसान शामिल हैं, जो अपनी किसान आईडी और आधार सत्यापन के माध्यम से आवेदन करेंगे। द्वितीय स्तर में आईडी विहीन किसान अपनी भूमि का विवरण दर्ज करके आवेदन कर सकते हैं। तृतीय स्तर में किरायेदार एवं बटाईदार किसानों को रखा गया है, जिनके लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं ताकि वे भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर आसानी से उर्वरक बुक कर सकें। सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए प्रतिनिधि द्वारा भी उर्वरक प्राप्ति की सुविधा दी है। यदि कोई किसान स्वयं उपस्थित होने में असमर्थ है, तो वह अपने परिवार के किसी सदस्य या अन्य अधिकृत व्यक्ति को आधार संख्या अथवा ओटीपी के माध्यम से अधिकृत कर सकता है और वह प्रतिनिधि किसान की ओर से उर्वरक प्राप्त कर सकेगा। किसान उर्वरक प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने, टोकन संख्या प्रस्तुत करने, आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से खाद लेने के विकल्पों में से किसी 1 का चयन कर सकते हैं।

इस पूरी व्यवस्था के सुचारू संचालन और किसी भी प्रकार की तकनीकी या संचालन संबंधी समस्या के समाधान के लिए हेल्पडेस्क नंबर भी जारी किए गए हैं।

किसान राष्ट्रीय हेल्पडेस्क के नंबरों 011-24014775 और 011-24014774 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर सहायता के लिए जिला कृषि अधिकारी सीतापुर (+91 94522 06241) तथा जिला कृषि अधिकारी रामपुर (+91 94568 84920) से भी संपर्क किया जा सकता है। कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुगम और किसान हितैषी बनाने के लिए इस ऐप का बढ़-चढ़कर उपयोग करें।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के बेटे की गोली मारकर हत्या

## दो घंटे तक घायल अवस्था में कार में घुमाते रहे आरोपित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हाथरस जिले के मुरसान थाना क्षेत्र के गांव दयालपुर में शनिवार देर शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां एक सेवानिवृत्त शिक्षक के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सुनील के रूप में हुई है, जो मूल रूप से अलीगढ़ जनपद के इगलास क्षेत्र के असरोई गांव के निवासी थे। वह वर्तमान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दयालपुर क्षेत्र में रहकर हार्डवेयर का व्यवसाय कर रहे थे।

शनिवार शाम पड़ोस का एक युवक अपने तीन साथियों के साथ कार से सुनील के घर पहुंचा और उन्हें अपने साथ ले गया। रास्ते में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद सुनील को गोली मार दी गई। परिजनों के अनुसार गोली लगने के बाद आरोपित घायल सुनील को



अस्पताल ले जाने के बजाय घायल अवस्था में करीब दो घंटे तक कार में लेकर इधर-उधर घूमते रहे। रात लगभग दस बजे परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपित सुनील को अस्पताल में छोड़कर फरार हो चुके थे। गंभीर हालत में सुनील को अलीगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता जयवीर सिंह ने आरोप लगाया है कि आरोपितों और सुनील के बीच पैसों का लेन-देन था और इसी विवाद के चलते हत्या की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी मुरसान जे.एन. अस्थाना ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है तथा घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार विशेष टीमों का गठन किया गया है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने जल्द ही सभी आरोपितों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

# करंट से पंप ऑपरेटर की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** चौक थाना क्षेत्र में स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) परिसर में कार्यरत एक कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिसर में शोक का

■ **साथी कर्मचारियों ने लगाया लापरवाही का आरोप, किया प्रदर्शन**

माहौल व्याप्त हो गया, जबकि कुछ कर्मचारियों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए ट्रामा सेंटर परिसर में प्रदर्शन भी किया।

सूचना मिलते ही चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस और उच्चाधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत कराते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक गौतम 25 पुत्र रमेश गौतम निवासी ग्राम लीलाखेड़ा थाना दुबग्गा लखनऊ के रूप में पहचान की गई है। वह केजीएमयू में गोविंद फायर सर्विसेज के तहत पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ड्यूटी के दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आने से झुलस गया था जिसका उपचार केजीएमयू ट्रामा सेंटर में किया जा रहा था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की जानकारी हो सकेगी।

घटना के बाद मृतक के कुछ साथी कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा संबंधी लापरवाही का आरोप लगाते हुए केजीएमयू ट्रामा सेंटर परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कर्मचारियों का कहना था कि यदि सुरक्षा मानकों का समुचित पालन किया गया होता तो इस प्रकार की घटना को रोका जा सकता था। वहीं पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को शांत कराते हुए परिसर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# अंतरजनपदीय दो चोर गिरफ्तार

## 4.50 लाख रुपये नकद व जेवरात बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** विभूतिखंड थाना क्षेत्र में बीते दिनों बंद मकानों और दुकानों के साथ ही निर्माणाधीन भवनों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले नकबजनी गिरोह का खुलासा कर दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 4 लाख 50 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि विभूतिखंड क्षेत्र में बंद मकानों और दुकानों में ताला तोड़कर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं। इन घटनाओं के संबंध में अलग-अलग तिथियों में चोरी के मामले दर्ज किए गए थे। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीमों का गठन कर सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने बीते 12 जून को गिरोह के सक्रिय सदस्य सत्तार खान को गिरफ्तार किया था जिसके कब्जे से चोरी के 1 लाख 50 हजार रुपये बरामद हुए थे। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि

■ **कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद**

एक निजी अस्पताल के गेट नंबर-3 स्थित क्रॉसिंग के पास से कामिल पुत्र अमजद निवासी ग्राम अकरौली, थाना बनियाठेर, जनपद संभल तथा हीरालाल वर्मा पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम बैरीखेड़ा, थाना बनियाठेर, जनपद संभल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 लाख 50 हजार रुपये नकद, दो मुड़े हुए पीली धातु के कंगन, पांच कंगनों के टुकड़े, दो पीली धातु की अंगूठियां, दो सफेद धातु की अंगूठियां तथा चार सफेद धातु के मोती जड़े ईयर रिंग्स बरामद किए गए हैं। पुलिस का मानना है कि बरामद आभूषण चोरी की विभिन्न घटनाओं से संबंधित हैं।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अहम खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर शहर के बंद मकानों, निर्माणाधीन भवनों, दुकानों और होटलों की पहले रेकी करते थे। कई दिनों तक निगरानी करने के बाद जब मकान या दुकान पूरी तरह बंद मिलती थी, तब रात के समय ताला तोड़कर अंदर घुस जाते थे और नकदी, जेवरात तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते थे। इस खुलासे में पुलिस उपायुक्त पूर्वी की सर्विलांस टीम में उपनिरीक्षक अमरनाथ चौरसिया, संदीप पाण्डेय, अमित कुमार सिंह समेत शिवम कुमार, अंकित उपाध्याय, राजू पाण्डेय, गौरव कुमार एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आगामी मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से लखनऊ पुलिस प्रशासन और

■ **अफवाह फैलाने वालों पर सख्त होगी कार्रवाई : डीसीपी पश्चिमी**

■ **सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा**

स्थानीय प्रबंधन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में सहादतगंज क्षेत्र स्थित दरगाह हज़रत अब्बास के मुतवल्ली मीसम रिज़वी की पहल पर एक महत्वपूर्ण पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। यह बैठक दरगाह के पास स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित हुई, जिसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय



प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मोहर्रम की तैयारियों की समीक्षा करना और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना था। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी कमलेश दीक्षित ने बताया कि बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मोहर्रम के जुलूस मार्गों, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जुलूस मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डीसीपी कमलेश दीक्षित ने बैठक को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अफवाहों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली सूचना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसी किसी भी खबर पर विश्वास न करें और यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि मोहर्रम के दौरान पारंपरिक जुलूस मार्गों पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाएगा और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि वे इस बार भी मोहर्रम को पूरी शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच समन्वय को मजबूत करना और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सरकार हर स्तर पर नागरिकों की सुरक्षा और धार्मिक भावनाओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में मुतवल्ली मीसम रिज़वी और क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।

### नहर में डूबने से दो मजदूरों की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में गोविंद नगर थाना क्षेत्र के दादा नगर नौरैयाखेड़ा स्थित नहर में रविवार को नहाने के दौरान एक मजदूर की डूबने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब उसका बेटा नहर किनारे कपड़े धो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोरों की टीम के काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान हरदोई जनपद के पाली क्षेत्र निवासी अग्नी त्रिपाठी (55) के रूप में हुई है। वह अपने बेटे हिमांशु के साथ दादा नगर इलाके में रहकर पल्लेदारी का काम करते थे। परिवार की आजीविका मजदूरी पर ही निर्भर थी। बेटे ने बताया कि जब आज वह नहर के कपड़े धो रहा था कि तभी उसके पिता शराब के नशे में आए और नहर में नहाने के लिए उतर गए। कुछ देर बाद उसने अपने पिता को पानी में संघर्ष करते देखा और आवाज भी लगाई, लेकिन स्थिति को समझने से पहले ही वह गहरे पानी में चले गए। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोविंद नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मजदूर की नहर में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से मौत हुई है।

# गोबर डालने को लेकर विवाद में फायरिंग, युवक की मौत

## जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसपी देहात ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम चक खिताबपुर उर्फ खनुपुरा में रविवार सुबह दो पक्षों के बीच गोबर डालने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग हो गई।

इस दौरान घर के बाहर खड़े एक अन्य युवक की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स गांव



में पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जिलाधिकारी डा राजेंद्र पैंसिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम चक खिताबपुर उर्फ खनुपुरा में गांव निवासी दो सगे भाइयों निखिल और विकास का पड़ोस में रहने वाले आशीष से गोबर डालने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान वहां फायरिंग हो गई और पास में ही अपने घर के बाहर खड़े अंकित (22) पुत्र कल्लू जाटव की गर्दन में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।युवक की हत्या से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने का विरोध किया तथा आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को आरोपितों पर कार्रवाई और शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

इसके बाद स्थिति शांत हुई। जिलाधिकारी, एसएसपी, एसपी देहात ने सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली।

> युवक आशीष और मृतक अंकित के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के साथ जांच पड़ताल कर दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही गांव में तनाव को देखते हुए एहतियात गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।
>
> **सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

# शातिर चोर समेत दो बाल अपचारी संरक्षण में

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के चिनहट पुलिस ने रविवार को नाबालिग लड़कों को बहला-फुसलाकर और लालच देकर में लेकर उसके घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कराने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। चिनहट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस घटना में शामिल दो बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, एक मोबाइल फोन तथा एक लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। मामले में बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि चिनहट में संगम सिटी कॉलोनी के रहने वाले राजेश प्रसाद ने बीते दिनों शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनके नाबालिग पुत्र को बहला-फुसलाकर उससे घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चोरी कराकर आरोपियों ने कथित रूप से आभूषणों को एक सर्राफा की दुकान पर बेच दिया। जब परिवार वालों ने इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। जिसके डर के चलते पीड़ित पिता ने तहरीर देकर चिनहट थाने में मुकदमा संख्या 309/26 भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया। वहीं एडीसीपी अनमोल मुर्कुट ने बताया कि एक विशेष टीम का गठन कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच पड़ताल के साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश के दौरान रविवार को पैरामाउंट स्कूल, हरदासी खेड़ा के पास स्थित खाली मैदान के पास से सुधांशु यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव निवासी कमालपुर सिरसा थाना इंटौजा जो कि वर्तमान में धौकलपुर चिनहट में रहता है। लकी यादव पुत्र शिव कुमार यादव निवासी कंचनपुर मटियारी को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया गया और आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई नकदी समेत जेवर बरामद की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संरक्षण में लिए गए बाल अपचारियों के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के तहत आवश्यक प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक संजीव कुमार, धीरेन्द्र कुमार राय, विशाल यादव, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार, विनय शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसकी प्रशंसा पुलिस अफसरों ने की है।

# एक्सप्रेसवे पर डंपर ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 208.2 के पास रविवार को तेज रफ्तार गिट्टी लदा डंपर ने एक खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर के परखच्चे उड़ गए और हादसे में डंपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, क्लीनर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक हादसे में डंपर चालक अरुण उर्फ छोटू (20) निवासी झांसी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि डंपर में सवार क्लीनर घायल हो गया आस-पास से गुजर रहे लोगों और अन्य वाहन चालकों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल क्लीनर को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल



में भर्ती कराया। वहीं, मृतक अरुण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर जाम की स्थिति हो गई थी, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में डंपर की तेज रफ्तार और ड्राइवर की लापरवाही हादसे का मुख्य कारण बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया है कि शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। विधिक कार्रवाई जारी है।

### सड़क पार कर रहे अधेड़ को वाहन ने रौंदा, मौत

उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बेला थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक भूरा यादव (50) शनिवार रात करीब 10 बजे बेला-कानपुर रोड पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।मृतक के परिवार में पत्नी उमा देवी, पुत्र अमित यादव और 9 वर्षीय पुत्री रौनक हैं। रविवार सुबह उपनिरीक्षक बृजभूषण तिवारी और बिरजानंद ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर चिचोली स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विश्व रक्तदाता दिवस : पुलिस मित्र परिवार का रक्तदान सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लखनऊ पुलिस मित्र परिवार द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन टीम के संरक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह, आईपीएस (रिटायर्ड) तथा संयोजक जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन.पी. ओझा प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट ललितपुर एवं आरएमएल के डायरेक्टर डॉ सी एम सिंह ने रिबन काटकर तथा रक्तदाताओं द्वारा राष्ट्रगान और रक्तदान गीत गाकर रक्तदान महायज्ञ का शुभारम्भ किया। अतिथि ने अपने उद्बोधन में रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च



सेवा बताते हुए सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रक्तदान का आह्वान किया। शिविर में 57 से अधिक रक्तवीरों एवं रक्तवीरांगनाओं ने रक्तदान किया, जबकि लगभग 12 इच्छुक रक्तदाता चिकित्सकीय कारणों से रक्तदान नहीं कर सके। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सुब्रत चंद्रा ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर अनेक मरीजों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर 'समर्पित रक्तदाता सम्मान' से रक्तवीरंगना सुधा टंडन, नूतन वर्मा, रुचि मिश्रा एवं शैल वर्मा को सम्मानित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में टीम मार्गदर्शक/संस्थापक जितेन्द्र सिंह एवं सरिता सिंह, वरिष्ठ फाउंडर मेंबर एवं सिविल डिफेंस सेक्टर वार्डन ज्योति खरे, फाउंडर मेंबर नूतन वर्मा, अजहर सिद्दीकी, पवन सिंह, वरिष्ठ फाउंडर मेंबर सत्यम पाण्डेय (डायरेक्टर प्रचार जंक्शन), कवि कुलदीप कलस, राम प्रताप यादव, डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान की शिखा एवं शोभित चंद्रा समेत कई समाजसेवियों के साथ उप निरीक्षक संजय सिंह, जीतेन्द्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक निराहुल नयन, निरु योगेश सिंह, डॉ सुनील वर्मा, एचसी अरविन्द कुशवाहा,का सतेंद्र सिंह अतुल सिंह, मती सुधा टंडन सहित बहुत सारे रक्तवीरों ने रक्तदान कर रक्तदान महायज्ञ को सफल बनाया।



# एलडीए पल्हरी में प्लाट खरीदने वालों के साथ अन्याय



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नैमिष नगर बसाने के नाम पर एलडीए पल्हरी की भूमि का जबरदस्ती अधिग्रहण करने को लेकर अमादा है। इसके चलते पल्हरी में आवास के लिए जमीन खरीदने वाले भूखंड मालिकों की रविवार को एक बैठक हुई। बैठक में इस पर भारी रोष है कि 1000, 500 स्क्वायर फिट जमीन आवास के लिए खरीद कर अपने घर का सपना संजोने वालों के सपनों पर भारी कुठाराघात हुआ। आज से 10 साल पहले जो जमीन लोगों ने आवास के लिए 600 रूपये प्रति स्क्वायर फिट पर खरीदी थी, वही जमीन जबरदस्ती 125 रूपये स्क्वायर फिट में लखनऊ विकास प्राधिकरण खरीदने के लिए दबाव बना रहा है। बिना जमीन का मुआवजा दिए सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। नतीजतन जिन प्लाट खरीदने वालों की जमीन सड़क में जा रही है, उन्हें लग रहा है कि जबरदस्ती उनकी जमीन बिना उनसे पूछे पहले बाउण्ड्री वाल तोड़ दी गयी। अब प्राधिकरण जबरदस्ती बिना उनसे पूछे उनकी जमीन पर सड़क निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। लोगों का कहना है कि प्राधिकरण यहां पर कालोनी बना कर छोटे लोगों को बसायेगा। जबकि उस जगह पहले ही छोटे-छोटे प्लाट लेकर लोग बसे हुए हैं। अब उनके आशियाने को उजाड़कर नयी बस्ती बसाकर प्राधिकरण कौन अच्छा कार्य करेगा। इस समय जमीन लेने के विरुद्ध आपत्ति दायर करने के लिए 50 दिन का समय दिया है। लेकिन जो जिम्मेदार विभाग और अधिकारी हैं, वे क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण करने की हवा फैला रहे हैं। उसी क्षेत्र में प्लाट के समय जो रोड व नाली कटी थी, उस सड़क ओर नाली को किसानों से मिलकर एलडीए खरीद ले रहा है। उस रोड पर कब्जा करके लोगों का आवागमन निरुद्ध कर जबरदस्ती जमीन हथियाने का काम कर रहा है। पल्हरी में एलडीए को कई किसान स्वेच्छा से अपनी जमीन दे चुके हैं। उसके बाद भी जबरदस्ती प्लाट खरीदने वालों का प्लाट उनसे लिया जा रहा है। बैठक में सभी प्लाट खरीदने वालों को आपत्ति दायर करने के लिए कहा गया है।बैठक में प्रशांत कुमार मौर्या,अभिषेक मिश्रा, ममता,राजपाल शर्मा,सोनी निषाद, ममता निषाद, आयुष अग्रवाल व अंजलि अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव व आरती श्रीवास्तव,स्वाति तिवारी, यश साहू ,प्रतीक गुप्ता,रामश्री,संतोष यादव, लक्ष्मी, विभा मिश्रा,श्यामा देवी,सुशीला देवी,अनिल कुमार यादव, प्राची त्रिपाठी,शीला देवी, सीमा देवी, रवि कटियार और राखी अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पेयजल समस्या को लेकर क्षेत्रीय जनता का प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम जोन 6 के अम्बरगंज वार्ड स्थित वजीरबाग मोअज्जमनगर क्षेत्र में कई महीनों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। इससे क्षेत्र की करीब 5000 की आबादी दूषित पानी पीने को मजबूर है। इससे बच्चों से लेकर बड़े पेट की बीमारियों से प्रभावित हो रहे हैं। पेयजल समस्या को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय निवासियों ने जलकल और नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।शबाना हबीब, शमी मोहम्मद, इमरान अहमद आदि निवासियों का कहना है कि जलकल विभाग के पम्प से पिछले कई महीनों से घरों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। यह पानी पीने और नहाने के योग्य भी नहीं है। निवासियों ने आशंका जताई है कि जिस पम्प से पानी की आपूर्ति की जाती है वह सीवर लाइन से कनेक्ट हो गई है। कई बार जलकल विभाग और नगर निगम में शिकायत के बाद भी कोई देखने तक नहीं पहुंचा। इससे क्षेत्रवासियों में जलकल विभाग के प्रति गहरा रोष है। उनका कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जलकल कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# पीएम की चुप्पी, लोकतंत्र का अपमान : संजय सिंह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एप्स्टीन फाइल के दबाव और अपने मित्र अडानी को बचाने की कोशिश में उन्होंने देश के स्वाभिमान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथों गिरवी रख दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा तीन भारतीय जहाजों पर हमले और तीन भारतीय नागरिकों की हत्या के बावजूद प्रधानमंत्री की चुप्पी उनकी कमजोरी, कायरता और डरपोक पन को उजागर करती है। संजय सिंह ने कहा कि आदित्य शर्मा, शिवानंद, आसिया और मुख्य अभियंता सुरेश जैसे भारतीय नागरिकों की मौत पर प्रधानमंत्री ने न शोक संवेदना व्यक्त की और न ही अमेरिका के खिलाफ एक शब्द बोला, जबकि अमेरिका स्वयं हमले की जिम्मेदारी स्वीकार कर रहा है।संजय सिंह ने कहा कि देश में लोग साउंड प्रूफ और वाटर प्रूफ जैसी चीजों के बारे में सुनते हैं। वाटर प्रूफ घड़ी, वाटर प्रूफ जूते, चप्पल और साउंड प्रूफ कमरे होते हैं, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री अब शर्म प्रूफ हो चुके हैं। उन्हें किसी भी विषय पर शर्म नहीं आती। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वाभिमानी देश का प्रधानमंत्री अपने नागरिकों की मौत पर कम से कम संवेदना तो व्यक्त करता है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने ऐसा भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि एप्स्टीन फाइल का ऐसा दबाव प्रधानमंत्री पर है और अपने मित्र अडानी को बचाने की ऐसी चिंता है कि तीन भारतीयों की मौत के बाद भी वह अमेरिका के खिलाफ एक शब्द नहीं बोल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमारे तीन भारतीयों की जान ले ली, हमारे तीन जहाजों पर हमला किया, लेकिन प्रधानमंत्री मौन बने हुए हैं। यहां तक कि विदेश मंत्रालय के बयान में भी अमेरिका का नाम तक नहीं लिया गया और न ही कोई विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली स्थिति है।संजय सिंह ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका और ट्रम्प से इतना डरते क्यों हैं? उन्होंने कहा कि एप्स्टीन फाइल में ऐसा क्या है कि प्रधानमंत्री पूरी तरह दबाव में दिखाई दे रहे हैं? उन्होंने कहा कि उनका मित्र अडानी रिश्वतखोरी के मामले में अमेरिका में फंसा हुआ है और क्या उसी कारण देश के सम्मान और स्वाभिमान से समझौता किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि क्या अडानी को बचाने के लिए भारत का सम्मान दांव पर लगाया जाएगा? उन्होंने कहा कि तीन दिनों के भीतर तीन भारतीय जहाजों पर हमला हुआ और अमेरिका का बयान बेहद बेशर्मी भरा है। अमेरिका खुले तौर पर कह रहा है कि भारतीय जहाज ईरान से तेल लेने जा रहा था, इसलिए उस पर हमला किया गया। संजय सिंह ने कहा कि यदि कोई भारतीय जहाज अपने व्यापारिक कार्य के लिए जा रहा था तो उसने कौन सा अपराध किया था। उन्होंने कहा कि जहाज पर मौजूद अधिकारियों का स्पष्ट बयान है कि उन्होंने किसी भी प्रतिबंध का उल्लंघन नहीं किया और सभी नियमों का पालन किया।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम बदला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग में मौसम बदलता दिख रहा है। गाजियाबाद, नोएडा से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक पश्चिमी विक्षोभ का असर बढ़ता दिख रहा है। मौसम विभाग की ओर से आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट के मुताबिक, अगले 3 घंटे में नोएडा और गाजियाबाद जिले में कई स्थानों पर तेज आंधी-तूफान चलने का अलर्ट आया है। इस दौरान 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। हवा की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक भी पहुंच सकती है। इस दौरान बिजली कड़कने और माध्यम से भारी बारिश की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने कई स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। इसको देखते हुए लोगों से सतर्क और सावधान रहने को कहा गया है।

# बिजली संविदा कर्मियों को फिर से कार्य पर रखे जान की मांग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने 15 जून को प्रस्तावित विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक से पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि भीषण गर्मी के दौरान बिजली व्यवस्था को सुचारू एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर हटाए गए अनुभवी संविदा कर्मियों को पुनः कार्य पर लिया जाए। साथ ही बिजली कर्मियों एवं अभियंताओं पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाईयों को तत्काल समाप्त किया जाए।संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया के नाम पर विगत डेढ़ वर्ष में 25,000 से अधिक अनुभवी संविदा कर्मियों को सेवा से हटा दिया गया है। इन कर्मियों के पास विद्युत वितरण प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव का वर्षों का अनुभव था। इतनी बड़ी संख्या में अनुभवी कर्मियों के हटने से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने बताया कि गर्मियों के दौरान बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाती है, जिसके कारण सब-स्टेशनों, ट्रांसफार्मरों एवं विद्युत लाइनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। परिणामस्वरूप फॉल्ट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिन्हें समयबद्ध ढंग से दूर करने के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित एवं अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में संविदा कर्मियों की भारी कमी से उपभोक्ताओं को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के नाम पर लगभग 45 प्रतिशत संविदा कर्मियों को हटाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग की प्रक्रिया के अंतर्गत भी बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी की गई है, जिससे फॉल्ट अटेंड करने, लाइनों के रखरखाव तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।संघर्ष समिति ने यह भी स्मरण कराया कि मार्च 2023 के शांतिपूर्ण आंदोलन के उपरांत बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाईयों को वापस लेने के संबंध में ऊर्जा मंत्री एवं संघर्ष समिति के मध्य समझौता हुआ था। इसके बाद ऊर्जा मंत्री द्वारा तत्कालीन अध्यक्ष, पावर कॉरपोरेशन को सभी कार्रवाईयां समाप्त करने के निर्देश भी दिए गए थे।

# हम छोटे-बड़े उद्योगों के लिए करेंगे काम

## आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में शामिल हुए अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को आगरा में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विजन इंडिया कार्यक्रम में छोटा कारोबारी, कारोबार क्यों हो रहा बर्बाद विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आगरा की अपनी पहचान है। आगरा का दुनिया भर में महत्व है। यहां विजन इंडिया का फोकस छोटे कारोबारी, कारोबार क्यों हो रहा बर्बाद? विषय पर है। आगरा से पहले विजन इंडिया का कार्यक्रम गाजियाबाद में किया गया था। गाजियाबाद में विजन इंडिया कार्यक्रम किसान और खेती से संबंधित था,तब हमने कहा था जब खेत मुस्कुरायेगा तब देश मुस्कुराएगा, वहीं से छोटे कारोबार की शुरूआत हो जायेगी।अखिलेश यादव ने कहा कि हम छोटे-बड़े उद्योगों और कुटीर उद्योगों के लिए काम करेंगे। आगरा ट्रैफिक में सुधार करेंगे। औद्योगिक क्षेत्र की भूमि को एकमुश्त भुगतान के साथ फ्री होल्ड बनाया जाएगा। एमएसएमई नीति लागू की जायेगी। लघु उद्योग को बढ़ावा दिया जायेगा। महिला उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जायेगा। माइक्रो सेक्टर के उत्थान के लिए और छोटे उद्यमियों के लिए विशेष काम करेंगे। बाजार स्थापित करेंगे। कारीगरों के लिए 10 लाख दुर्घटना बीमा दिया जायेगा। कारीगर कल्याण और आय आयोग का गठन किया जाएगा, जिससे कारीगरों के परिवारों के आय में सुधार हो। उनका शोषण न हो सके।अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा के साथ फिरोजाबाद के कांच उद्योग को बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। फिरोजाबाद में कांच अनुसंधान केन्द्र बनाकर वहां के कामगरों को बढ़ाएंगे। इसके साथ ही मथुरा-वृंदावन, बरसाना का विकास करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि इधर युवाओं को लेकर बड़ी चिंता है। पेपर लीक हो जाते है। परीक्षाएं नहीं हो पाती है। समाजवादी पार्टी की सरकार इस पर ठोस कदम उठायेगी। नौजवानों के नौकरी, रोजगार के लिए फैसले लेगी। आगरा में जूता उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। आगरा में जूता उद्योग कुटीर उद्योग की तरह है। इसमें परिवार के लोग जुड़े रहते है। जूता उद्योग के लिए मशीन खरीदने के लिए एक लाख और उससे ज्यादा देकर मदद करेंगे। आगरा में लेदर डेवलपमेंट बोर्ड बनायेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने छोटे कारोबारियों को बर्बाद कर दिया। यूपी की असली ताकत छोटे कारोबारी है। इससे 6 करोड़ लोग जुड़े है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। छोटा कारोबार यूपी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भाजपा सरकार छोटे कारोबारियों को परेशान करती है। सरकार ने छोटे कारोबारियों को हटाने का काम किया। समाजवादी सरकार छोटे कारोबारियों को हटाने नहीं बसाने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य छोटा कारोबार बढ़े। अर्थव्यवस्था में छोटे कारोबारियों का योगदान बढ़े। छोटा कारोबारी खुशहाली की बुनियाद है। हम लोग छोटे कारोबारी की मदद के लिए आये हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर हफ्ता वसूली बंद होगी। डर का अंत होगा। समाजवादी सरकार वेन्डर सुरक्षा हेल्पलाइन शुरू करेगी। बारिश में कमाई जारी रहे उसके लिए काम करेंगे। जून और अगस्त में सहायता राशि देंगे। परिवार चलाने के लिए पॉलिसी बनाएंगे। कम लागत पर बीमा करायेंगे। ठेले वालों को विशेष सब्सिडी देंगे। छोटे कारोबारियों को डिजिटल दुनिया से बराबरी का मौका देंगे। उन्हें डिजीटल से डर नहीं होगा। बिना गिरवी के लोन दिया जाएगा। बिजली की समस्या का समाधान होगा। ऑनलाइन कारोबार से मुकाबला के लिए छोटे कारोबारियों को ट्रेनिंग और सुविधाएं दी जाएगी। बुनकर, कारीगर को सम्मान और सही दाम दिया जायेगा। भाजपा सरकार ने ओडीओपी को मदद नहीं दी। असुविधाएं पैदा की।

## 3 एसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में रविवार को तीन राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की नई तैनाती के आदेश जारी किये गये है जिसमें एसीपी रजनीश वर्मा, अभिषेक कुमार पांडेय और उदय प्रताप सिंह के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। अब तक कृष्णानगर के सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में तैनात रजनीश वर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए एसीपी हजरतगंज बनाया गया है जोकि राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल हजरतगंज जोन की कमान अब उनके हाथों में होगी। वहीं कानपुर नगर से लखनऊ आए सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात अभिषेक कुमार पांडेय को कृष्णानगर का एसीपी नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात उदय प्रताप सिंह को यातायात विभाग की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें एसीपी ट्रैफिक बनाया गया है। राजधानी में बढ़ते यातायात दबाव और व्यवस्थाओं के बीच उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# तीन अंतरजनपदीय चोर गिरफ्तार एक को गोली लगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गोंडा जिले में कर्नलगंज पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन शातिर अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। वाहन चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके दो साथियों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी का सोना-चांदी, नकदी, हथियार और बाइक बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि कर्नलगंज पुलिस और एसओजी, सर्विलांस टीम शुक्रवार देर रात को वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सोनहरा मोड़ के पास पुलिस ने एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन वे रुकने की बजाए भागने लगे। पीछा किए जाने पर आरोपितों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में रामचंद्र गुप्ता के पैर में गोली लगी। उसके दो साथी चांदबाबू और नईम भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपित को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी कर्नलगंज ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर भर्ती कराया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 11 ग्राम सोना, करीब 1 किलो 100 ग्राम चांदी, 93 हजार रुपये नकद, एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे सुनसान घरों और दुकानों की रेकी कर रात में नकब लगाकर अथवा ताले तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरोपितों ने कर्नलगंज थाना क्षेत्र में दर्ज छह से अधिक चोरी की घटनाओं को स्वीकारा है। बरामद आभूषण और नकदी इन्हीं घटनाओं से संबंधित बताए जा रहे हैं। एएसपी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त में शामिल लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। रामचंद्र गुप्ता के खिलाफ पहले से 10 और नईम के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** अमेठी जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत बीती रात जायस पुलिस और स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस मुठभेड़ में लूट के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त इमरान पुत्र मोहम्मद मोजीब निवासी रानीगंज मजरे मवई आलमपुर थाना जायस को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि 13 जून की रात जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगाराम पुरवा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि लूट की घटना में शामिल आरोपी नसीराबाद की ओर जाने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट की एक पायजेब, एक मांगटीका, 800 रुपये नकद, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि 2 जून को अपने दो साथियों दुर्गेश और अरमान के साथ मिलकर पड़ोसी के घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर जेवरात और नकदी लूटी थी। इस मामले में उसके दोनों साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। तीसरे आरोपी इमरान की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## करंट से मासूम की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक अर्रापहाड़पुर निवासी ब्रजमोहन का 12 वर्षीय पुत्र कृष्णा मोहल्ले में खेल रहा था उसी दौरान वहां एक ई-रिक्शा चार्जिंग पर लगा हुआ था तकनीकी खराबी के चलते उसमें करंट प्रवाहित हो गया। मृतक उसकी चपेट में आकर अचेत होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचित कर उसे एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की।

# नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, गोसाईगंज।** सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर छत्तीसगढ़ भगा ले जाने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक 2 दिसम्बर 2025 को वादी ने थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में तहरीर दी थी। शिकायत कर्ता के अनुसार उनकी नाबालिग पुत्री को धनुष नाम का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धनुष निवासी छत्तीसगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश कर रही थी। तकनीकी सर्विलांस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम मस्तेमऊ के पास से आरोपी धनुष साहू पुत्र रामअवतार साहू, 19 निवासी वार्ड नम्बर 13 तिलई भांठजनपद कवर्धा महली, छत्तीसगढ़ ने पूछताछ में बताया कि वह पहले लखनऊ के पिन्टल पार्क में काम करता था उसी दौरान शिव कैलाश नाम के व्यक्ति के साथ मजदूरी करता था। काम के सिलसिले में शिव कैलाश के घर आना-जाना हो गया और इसी दौरान उनकी नाबालिग बेटी से प्रेम संबंध बन गए उसे मौका पाकर वह लड़की को शादी का झांसा देकर लखनऊ से अपने गांव छत्तीसगढ़ ले गया था। पुलिस की तलाश की भनक लगने पर वह डर के कारण लखनऊ नहीं लौटा। गांव में काम न मिलने और पैसे की तंगी के चलते वह दोबारा काम की तलाश में लखनऊ आया था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## चोरों ने वारदात को दिया अंजाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बीबीडी थाना क्षेत्र में एक परिवार माता वैष्णो देवी दर्शन करने गया था उसी दौरान चोरों ने घर बजे नौकरानी ने फोन कर बताया कि दोनों घरों के ताले टूटे हुए हैं और चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर योगेंद्र ने अपने रिश्तेदारों को घर पर भेजा। पुलिस के साथ घर के अंदर पहुंचने पर कमरों का सामान बिखरा मिला और अलमारियों के लॉकर टूटे हुए थे। पुलिस के मुताबिक सूचना पर योगेंद्र 11 जून को घर लौटे तो जांच में पता चला कि उनके घर से सोने का हार, मांगटीका, चेन, दो लाकेट, बाली, झाला, अंगूठी, तीन नथ, मंगलसूत्र समेत कई सोने के जेवर चोरी हो गए। इसके अलावा चांदी की पायल, बिछिया, पाजेब, चांदी के सिक्के, करधन और करीब तीन हजार रुपए नकद भी गायब मिले। वहीं पड़ोसी तनु मौर्य के घर से सोने की चेन, तीन नथ, करीब 100 ग्राम चांदी के जेवर और 50 हजार रुपए नकद चोरी होने की जानकारी सामने आई है।

# 'युग पुरुष योगी-एक विश्वास' का भव्य विमोचन

## अवनीश अवस्थी बोले- मुख्यमंत्री की उपलब्धियों का प्रेरक दस्तावेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ वर्षों के कार्यकाल, सुशासन मॉडल और विकास यात्रा पर आधारित पुस्तक 'युग पुरुष योगी-एक विश्वास' का रविवार को आलमबाग गुरुद्वारे में केंद्रीय सिंह सभा समिति के तत्वावधान में भव्य विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने पुस्तक का लोकार्पण करते हुए इसे मुख्यमंत्री की उपलब्धियों, जनसेवा और प्रशासनिक दृष्टिकोण का सटीक एवं प्रेरणादायी दस्तावेज बताया।

समारोह को संबोधित करते हुए अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार एवं पुस्तक के लेखक मोहम्मद जाहिद अख्तर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन, कार्यशैली, निर्णय क्षमता और जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावशाली ढंग से पुस्तक में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक केवल मुख्यमंत्री की विकास यात्रा का दस्तावेज नहीं है, बल्कि युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी। उन्होंने घोषणा की कि वह स्वयं यह पुस्तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट करेंगे। इस अवसर पर अवनीश अवस्थी ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी माता उषा अवस्थी के नाम पर वृक्षारोपण किया और उसके संरक्षण का संकल्प भी लिया। केंद्रीय सिंह सभा समिति, आलमबाग के अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह ने कहा कि सिख समाज के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन गुरुद्वारा परिसर में हुआ। उन्होंने कहा कि पुस्तक में मुख्यमंत्री द्वारा सिख समुदाय और प्रदेश के विकास के लिए किए गए कार्यों का सुंदर वर्णन किया गया है। श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह ने पुस्तक को मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच और विकास दृष्टि का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि लेखक ने तथ्यों और घटनाओं को सरल और प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया है। वहीं प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक डॉ. एस. अहमद ने पुस्तक की भाषा, विषय-वस्तु और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यह सामान्य पाठकों के लिए भी अत्यंत सहज और उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक के लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद जाहिद अख्तर ने बताया कि 'युग पुरुष योगी-एक विश्वास' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हुए परिवर्तन, सुशासन, विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं, शोधार्थियों और उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल को समझने के इच्छुक पाठकों के लिए उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम में समाज, शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने नंगे पांव की गिरिराज परिक्रमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गोवर्धन पहुंचकर दानघाटी में पूजा-अर्चना की और श्री गिरिराज महाराज की नंगे पांव परिक्रमा की। इस दौरान उन्होंने देश में शांति, सौहार्द और जनकल्याण की कामना की। परिक्रमा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और धनगर समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। जनपद दौरे के दौरान अजय राय पहले वृंदावन पहुंचे, जहां उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन किए। इसके बाद गोवर्धन पहुंचकर दानघाटी मंदिर में पूजा-अर्चना की और नंगे पांव गिरिराज परिक्रमा शुरू की। परिक्रमा के दौरान उन्होंने विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए। परिक्रमा का समापन मुकुट मुखारविंद और मानसी गंगा पर हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में शांति और सौहार्द बना रहे तथा गरीबों, दलितों और मजदूरों को आवश्यक सहायता मिले। उन्होंने महंगाई से राहत मिलने की भी कामना की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर अजय राय का स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, पूर्व अध्यक्ष उमेश शर्मा, महासचिव वैद्य मनोज गौड़, उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी, प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद, करन निषाद, गौकरांग अग्रवाल, विपुल पाठक, अशोक निषाद, अरनव चौधरी, संदीप चौधरी, त्रिनेत्र मोहन भारद्वाज, उमर फारूक, गौतम अवाना, सुरेश शर्मा, महेश चौबे, आशीष अग्रवाल, आसिफ कुरैशी, मोनू निषाद और रामनिवास यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### वैष्णो देवी दर्शन करने गये परिवारों के घरों में चोरी

**–लखनऊ में ताला तोड़कर घुसे चोर, जेवर और नकदी पार किए**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बीबीडी थानाक्षेत्र स्थित मयूर विहार कॉलोनी में चोरों ने बंद पड़े दो मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पार कर दी। घटना उस समय हुई जब दोनों परिवार वैष्णो देवी दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर गए हुए थे। नौकरानी ने कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। मयूर विहार गली नंबर-2 निवासी योगेंद्र कुमार मिश्रा के मुताबिक 6 जून को उनका परिवार और पड़ोसी तनु मौर्य का परिवार साथ में मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए थे। घरों में लगे पौधों की देखभाल के लिए दोनों मकानों की चाबी नौकरानी चांदनी कश्यप को दी गई थी।

### हल्दीघाटी-दिवेरघाटी विजयोत्सव सम्मान समारोह 2026 में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां सम्मानित

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** हल्दीघाटी-दिवेरघाटी विजयोत्सव सम्मान समारोह 2026 के अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा, चिकित्सा, प्रशासन, सैन्य सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट, प्रोफेसर भीम सेन सिंह, प्रोफेसर डॉ. प्रिया सिंह, प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह, निर्मला सिंह, डॉ. सोनिया सिंह, डॉ. विश्वजीत सिंह, डॉ. भानु प्रताप सिंह, डॉ. सौम्या सिंह, डॉ. कर्मराज सिंह, डॉ. नूतन सिंह, डॉ. रंजीत कुमार सिंह, वंदना सिंह, तृप्ति सिंह, एन.के.एस. चौहान, राम नवल सिंह, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह, अनिल सिंह सिसोदिया, हवलदार सिंह, श्रीहरि प्रताप शाही, कर्नल संजय सिंह, राम विलास सिंह, राजेंद्र सिंह, आचार्य दंपत्ति, हरि गोविंद परिहार, राज नितिन रावत, पवन कुमार सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अरविंद सिंह, स्नेहलता सिंह, डॉ. मार्कण्डेय सिंह, डॉ. सतेंद्र कुमार सिंह, विनय सिंह, डॉ. अपराजिता सिंह तथा कौस्तुभ राघव शामिल रहे।समारोह में उपस्थित अतिथियों ने सभी सम्मानित विभूतियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके कार्यों से नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्र गौरव की भावना को स्मरण करते हुए सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

### राम मंदिर ट्रस्ट प्रकरण में एसआईटी पर भरोसा नहीं, ट्रस्ट को भंग करके न्यायिक जांच कराई जाय : सांसद अवधेश प्रसाद



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में राम मंदिर ट्रस्ट को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर उन्हें भरोसा नहीं है। सांसद ने मांग की कि मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में गठित स्वतंत्र कमेटी से कराई जाए। समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए पहले राम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर दिया जाए और सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को हटाया जाए। अवधेश प्रसाद के अनुसार, ट्रस्ट के पदाधिकारियों के पद पर बने रहने से जांच प्रभावित हो सकती है। उन्होंने इस पूरे मामले के खुलासे का श्रेय सपा प्रमुख अखिलेश यादव को दिया। सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव ने ट्वीट कर इस प्रकरण को सार्वजनिक किया और जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा और सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह केवल ट्रस्ट या प्रदेश का मामला नहीं, बल्कि भगवान राम और पूरे राष्ट्र की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने दावा किया कि चढ़ावे की रकम गोबर और घूर गड्ढों में छिपाए जाने जैसी सूचनाएं सामने आ रही हैं तथा दोहराया कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच होने पर ही पूरी सच्चाई सामने आएगी।

### राम मंदिर में दान घोटाले की जांच आज शुरू कर सकती है एसआईटी

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर पर भक्तों द्वारा चढ़ाये गये दान की जांच एसआईटी टीम करेगी। सूत्रों से पता चला है कि यह टीम कल सुबह या बीती रात में अयोध्या पहुंचने वाली है, लेकिन यह जानकारी नहीं मिल पायी है कि कब से जांच करेगी। सूत्रों से यह भी जानकारी मिला है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय भी विगत दो दिनों से बीमार चल रहे थे। हल्की फुल्की जुकाम की शिकायत थी, क्योंकि वह शुगर के मरीज भी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अनिल मिश्र सुनने में आया है कि वह केरल गये हुए हैं। अपने आंख को चेकअप करवाने। कब आयेंगे इसकी जानकारी नहीं है। मंदिरों के सूत्रों से जब पूछा गया तो लोगों ने बताने से इंकार कर दिया। मंदिर में दिये गये श्रद्धालुओं के दान के घोटाले की जांच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी का गठन किया है जिसकी जांच शीघ्र ही शुरू होने वाली है।

# सोशल मीडिया के माध्यम से दहशत फैलाने वालों पर पैनी नज़र : डीजीपी

**–यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए एआई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग व्यवस्था, वाराणसी में ११ प्रमुख ट्रैफिक कॉरिडोर और मार्गों की पहचान, नए भर्ती हुए पुलिस के जवानों को नियमित पुलिस कार्यों में लगाया जाएगा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा कि प्रदेश में माफिया अब किसी भी कीमत पर पनप नहीं पाएंगे। पिछले आठ से दस वर्षों में माफियाओं के खिलाफ व्यापक पैमाने पर कार्रवाई हुई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। महिला सुरक्षा, नागरिकों और व्यापारियों की सुरक्षा पर पूरा ध्यान है। प्रदेश में अपराधों में कमी आई है और महिलाओं, व्यापारियों तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। डीजीपी यहां रविवार को पुलिस लाइन सभागार में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। पुलिस गांवों, मुहल्लों में भी सक्रिय गुंडों और बदमाशों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसके लिए इंटरनेट मीडिया की भी मदद ली जा रही है। सोशल मीडिया के जरिए दहशत फैलाने वाले या 'दबंगई' दिखाने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी दौरे के दौरान अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था, पुलिसिंग और जनपदीय मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए किए गए कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। डीजीपी ने पत्रकारों को बताया कि हाल के दिनों में भर्ती हुए 60,244 पुलिसकर्मी जनपदों में पहुंच चुके हैं और उनका प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें नियमित पुलिस कार्यों में लगाया जाएगा। इन जवानों से प्रदेश में कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को और मजबूती मिलेगी। साइबर अपराध से जुड़े सवालों पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि डिजिटल लेन-देन बढ़ने के साथ साइबर ठगी के मामले भी बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस इसे चुनौती के रूप में लेकर काम कर रही है। साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ पीड़ितों का पैसा बैंक स्तर पर ही रोकने की व्यवस्था बनाई जा रही है। विभिन्न देशों के साथ हुए समझौतों के आधार पर विदेशों में बैठे अपराधियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। वाराणसी सहित उत्तर प्रदेश में सड़क जाम और सुचारू यातायात व्यवस्था से जुड़े सवाल पर डीजीपी ने बताया कि इसे सुधारने के लिए अब तकनीक का भी सहारा लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में एआई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू हुई है। गूगल से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे यातायात जाम वाले मार्गों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। वाराणसी में 11 प्रमुख ट्रैफिक कॉरिडोर और मार्गों की पहचान की गई है, जहां जाम की समस्या अधिक रहती है। इनकी प्रतिदिन निगरानी हो रही है । इन जगहों की पहचान कर वहां सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। इसका परिणाम भी दिख रहा है। यातायात व्यवस्था में सुधार हो रहा है। वाराणसी देश और प्रदेश की महत्वपूर्ण धार्मिक नगरी है। यहां भविष्य में रोपवे जैसी परियोजनाएं भी यातायात दबाव कम करने में मददगार होगी। डीजीपी के अनुसार,प्रदेश में लगभग 230 ऐसे कॉरिडोर चिह्नित किए गए हैं। इन मार्गों पर वाहनों की गति, जाम की स्थिति, अधिकतम, न्यूनतम और औसत यात्रा समय का डेटा लगातार एकत्र किया जा रहा है। कोडीन युक्त कफ सीरप के अवैध कारोबार से जुड़े सवाल पर डीजीपी ने कहा कि आवश्यक दस्तावेजों और केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से कार्रवाई जारी है, जल्द ही सरगना शुभम जायसवाल भारत लाया जाएगा। इस मामले में आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। पत्रकार वार्ता में पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन (एडीजी जोन) पीयूष मोर्डिया भी उपस्थित रहे।

# यूपी बना देश का सबसे बड़ा खाद्य प्रसंस्करण केंद्र

**३.५० लाख से अधिक इकाइयों के साथ रचा नया इतिहास**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश 3,50,883 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के साथ देश का सबसे बड़ा खाद्य प्रसंस्करण केंद्र बनकर उभरा है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश की इस सफलता के पीछे कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था, कच्चे माल की भरपूर उपलब्धता, निवेशकों के अनुकूल नीतियां, बेहतर आधारभूत ढांचा और विकसित परिवहन एवं आपूर्ति तंत्र को प्रमुख कारण माना जा रहा है। राज्य सरकार का दावा है कि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण और कुशल तथा अर्द्धकुशल कार्यबल की उपलब्धता ने उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का सबसे बड़ा केंद्र बना दिया है। देशभर में संचालित 24.59 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। जहां प्रदेश में 3.50 लाख से अधिक इकाइयां कार्यरत हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में 3.22 लाख और महाराष्ट्र में 2.29 लाख इकाइयां संचालित हो रही हैं। तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना जैसे राज्य भी इस सूची में उत्तर प्रदेश से पीछे हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तार का प्रभाव रोजगार के क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है। इस क्षेत्र में प्रदेश के 2.5 लाख से अधिक श्रमिक प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत हैं, जबकि लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सरकार का कहना है कि कुल खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 14 से 15 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो देश में सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि उसकी मजबूत कृषि व्यवस्था पर आधारित है। प्रदेश आम, अमरूद, आलू, मटर, लौकी, सिंघाड़ा, तरबूज, खरबूजा और शिमला मिर्च सहित नौ प्रमुख कृषि उत्पादों के उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है। कृषि उत्पादों की प्रचुर उपलब्धता के कारण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को निरंतर कच्चा माल मिलता है, जिससे उत्पादन क्षमता और निवेश दोनों में वृद्धि हुई है।

देश में उत्पादित 336.21 लाख मीट्रिक टन आम में से 61.94 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। अमरूद उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी है। वहीं आलू उत्पादन के मामले में प्रदेश का योगदान 250.66 लाख मीट्रिक टन है, जो राष्ट्रीय उत्पादन का सबसे बड़ा हिस्सा है। मटर, लौकी, सिंघाड़ा, तरबूज, खरबूजा और शिमला मिर्च के उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। फल और सब्जी उत्पादन में भी प्रदेश का दबदबा कायम है। देश के कुल फल उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 14.44 प्रतिशत है, जबकि सब्जी उत्पादन में यह आंकड़ा 19.73 प्रतिशत तक पहुंचता है। देश में होने वाले कुल 2210 लाख मीट्रिक टन सब्जी उत्पादन में से 435.93 लाख मीट्रिक टन उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। कृषि और उद्योग के बीच स्थापित मजबूत तालमेल ने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। उत्पादन, निवेश और रोजगार के लगातार बढ़ते आंकड़े संकेत दे रहे हैं कि आने वाले वर्षों में भी उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत कर सकता है।

# संदिग्धावस्था में रेलवे पटरी पर युवक का मिला शव

**–मां ने हत्या कर फेंकने का लगाया आरोप, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में ट्रैक की तरफ अकेले जाता दिखा**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** गोमती नगर थानाक्षेत्र में रविवार की सुबह रेलवे पटरी पर युवक का छत-विछत शव मिला। पुलिस को मृतक की मां ने बताया कि शनिवार की रात घर से काम की बात कह कर निकला था उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए गोमती नगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।रेलवे प्रशासन से पूछताछ में भी ट्रेन के आगे कूदने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक बड़ी जुगौली गोमती नगर निवासी बनसल बाबू पुत्र रमेश कुमार लकड़ी पॉलिश का काम करता था। मृतक की मां मुन्नी देवी ने बताया शनिवार रात करीब 10 घर से किसी काम के लिए निकला था। कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर ट्रैक पर शव फेंकने की आशंका वीरेंद्र यादव, गोपी यादव और विनय यादव पर हत्या करने का आरोप लगाया है उनका कहना है यह तीनों बेटे को लगातार धमकी दे रहे थे। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। मामले में इंस्पेक्टर गोमती नगर बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में चेक किए गए सीसीटीवी में युवक अकेले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

# महिला किसान सशक्तिकरण को मिली नई ताकत

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ४.९५ करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी**

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिला किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 करोड़ 95 लाख 83 हजार रुपये से अधिक की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की महिला किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाना और उन्हें केवल श्रमिक नहीं बल्कि सफल किसान एवं उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। प्रदेश सरकार इस योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को कृषि के आधुनिक स्वरूप से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि और सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है।उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में स्वीकृत इस धनराशि का उपयोग महिला किसानों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने में किया जाएगा। इसके तहत महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण, कौशल विकास, वित्तीय सहायता, आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों से जोड़ना तथा उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इससे महिला किसान कृषि क्षेत्र में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेंगी।वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति मद के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी 2 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये की केंद्रीय सहायता तथा उसके सापेक्ष 1 करोड़ 98 लाख 33 हजार रुपये के राज्यांश को मिलाकर कुल 4 करोड़ 95 लाख 83 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि का उपयोग परियोजना के विभिन्न घटकों के प्रभावी संचालन और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में किया जाएगा।महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं को प्राथमिकता देना है जो संसाधन विहीन हैं, महिला प्रधान परिवारों से आती हैं या सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों से संबंध रखती हैं। योजना के माध्यम से उन्हें कृषि आधारित गतिविधियों, स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बन सकें।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उनका मानना है कि जब महिला किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगी तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार, गांव और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक विकास का विषय नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी प्रभावी माध्यम है। प्रदेश सरकार की यह पहल महिलाओं को कृषि क्षेत्र में निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों, तकनीकी ज्ञान और बाजार आधारित कृषि से जोड़ने का कार्य करेगी। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी भी बढ़ेगी।ग्रामीण क्षेत्रों में महिला किसानों की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए यह परियोजना प्रदेश के कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि महिला किसानों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराने से कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी और ग्रामीण परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के लिए स्वीकृत यह धनराशि प्रदेश सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर, सक्षम और सशक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक उन्नति, सामाजिक सशक्तिकरण और सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# कारागार राज्य मंत्री ने परिवार सहित रामलला का किया दर्शन



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही परिवार सहित अयोध्या पहुंचे और रामलला का दर्शन-पूजन किया। सर्किट हाउस में कारागार विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आए हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार मन करता है कि अयोध्या आकर रामलला के दर्शन करें। राम मंदिर चढ़ावे में कथित घोटाले के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार के कार्यकाल में कारागारों में लगातार सुधार हुआ है और जेलों को सुधार गृह के रूप में विकसित किया जा रहा है। जेल से दो कैदियों के फरार होने के मामले पर उन्होंने कहा कि कभी-कभी ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, लेकिन संबंधित मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए लगातार काम कर रही है ताकि जेल से बाहर आने के बाद वे अच्छे नागरिक के रूप में समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। 2027 विधानसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा चुनावी मोड में रहता है, जबकि पीडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है और उनके लोग केवल अनाप-शनाप बयान देते हैं। राज्य कारागार मंत्री ने कहा कि अयोध्या आने का बराबर मन करता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के चरणों में दर्शन करके मैं आज धन्य हुआ। मेरे साथ मेरा पूरा परिवार आया था।



# ऋषिकेश की इन जगहों में परिवार के साथ बिताएं सुकून के कुछ पल

भारत के उत्तराखंड में स्थित ऋषिकेश अपनी आध्यात्मिकता, खूबसूरत नजारों और शांति के लिए जाना जाता है। यहां पर देश-विदेश से टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। साल दर साल यहां पर टूरिस्टों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं अगर आप भी ऋषिकेश में छुट्टियां बिताने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपको ऋषिकेश की कुछ ऑफबीट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर टूरिस्ट की ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है, ऐसे में आप यहां पर सुकून के पल बिता सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

**नीरगढ़ झरना-** ऋषिकेश में गंगा नदी के अलावा आपको एक बहुत खूबसूरत नीरगढ़ झरना देखने को मिलेगा। यह झरना लक्ष्मण झूला के पास है। वहीं अगर आप ट्रैकिंग का शौक रखते हैं, तो यहां जाना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। आप इस ट्रैकिंग के दौरान हिमालय की सुंदरता देख सकेंगे। जब आप नीरगढ़ झरने के पास पहुंचेंगे तो आपको यहां पर क्रिस्टल साफ पानी देखकर खुश हो जाएंगे। यह एक शांत जगह है। ऐसे में आप यहां पर सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं।

**ऋषिकुंड हॉट वाटर स्प्रिंग-** वहीं आप अपने परिवार के साथ त्रिवेणी घाट पर फेमस रघुनाथ मंदिर के बगल में ऋषि कुंड हॉट वाटर स्प्रिंग है। धार्मिक मान्यता है कि वनवास के दौरान प्रभु राम ने यहां पर स्नान किया था। यह शांत तालाब रघुनाथ मंदिर की सुंदरता को दर्शाता है। ऐसे में आपको भी यहां पर स्नान जरूर करना चाहिए। यह हॉट स्प्रिंग वाटर तनाव कम करने के साथ ही मांसपेशियों में दर्द, ब्लड सर्कुलेशन और स्किन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं।



**झिलमिल गुफा-** बता दें कि ऋषिकेश में मणिकूट पर्वत की हरियाली के बीच लक्ष्मण झूला के पास तीन गुफाओं का समूह है। इसको झिलमिल गुफा के नाम से जाना जाता है। यह ऋषिकेश की एक ऑफ-बीट जगह है। यह गुफा जितनी सुंदर है, वहीं यहां तक पहुंचने का सफर भी बेहद खूबसूरत है। इस गुफा तक पहुंचने के लिए ट्रैकिंग के दौरान बेहद खूबसूरत नजारे दिखाई देते हैं।

**डोलीताल-** अगर आप प्रकृति के दीवने हैं, तो आपको डोडीताल जरूर आना चाहिए। हालांकि ऋषिकेश आने वाले लोग बहुत कम ही इस ऑफबीट जगह पर आते हैं। 3010 मीटर की ऊंचाई पर स्थित डोडीताल एक मीठे पानी की झील है और यह काफी पुरानी भी है। यह जगह पाइन, ओक और देवदार के पेड़ों से घिरी है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको ट्रैकिंग करनी होती है।

**नीम बीच-** ऋषिकेश में भले ही समुद्र नहीं है, लेकिन यहां का नीम बीच काफी ज्यादा फेमस है। यह ऋषिकेश की बेहतरीन जगहों में से एक मानी जाती है। यहां पर शहर के शोरगुल से दूर गंगा नदी के तट पर और लक्ष्मण झूला के पास स्थित नीम बीच के पास आप सुकून के दो पल बिता सकते हैं। वहीं यहां का सनसेट और सनराइज का नजारा आपको मोहित कर देगा। यह ऋषिकेश का एकमात्र बीच है। यहां पर आप कार से भी आ सकते हैं।

# ब्लड शुगर से लेकर त्वचा तक भुट्टा है स्वास्थ्य का खजाना



बारिश के दिनों में भुट्टे की महक दूर तक महकती है और भारत में ज्यादातर लोगों की भुट्टा पहली पसंद हैं। लेकिन, क्या आप लोग जानते हैं मकई के खाने के चमत्कारी फायदों के बारे में- मक्का यानी कॉर्न एक स्वस्थ अनाज है, जो फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत है। यह आंखों और पाचन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। मक्का दुनिया के सबसे लोकप्रिय अनाजों में से एक है। इसे दुनिया भर में कई सारी किस्मों में उगाया जाता है। पॉपकॉर्न और स्वीट कॉर्न इसकी लोकप्रिय किस्में हैं। लोग इसे कई अलग-अलग तरीकों से खाना पसंद करते हैं। स्वाद में बेहतरीन यह अनाज गुणों अगर आपको ये जानकर हैरानी होगी कि मकई खाने से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

**पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है :** मक्का में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यह कब्ज को दूर करता है और आंतों की सफाई में मदद करता है। अगर आप पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, तो मक्का को अपने आहार में शामिल करें।

**दिल के लिए अच्छा :** मक्का में एंटीऑक्सीडेंट और अच्छे फैट्स होते हैं जो हृदय की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। यह खून की धमनियों को साफ रखने में मदद करता है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**हड्डियों को मजबूत बनाता है :** मक्का में मैग्नीशियम, फास्फोरस और जिंक जैसे मिनरल्स होते हैं, जो हड्डियों की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। नियमित रूप से मक्का खाने से हड्डियां मजबूत और स्वस्थ रहती हैं। मक्का में कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो शरीर को एनर्जी देता हैं। यदि आपको जल्दी थकान महसूस होती है, तो मक्का आपके शरीर को ताजगी और एनर्जी देने में मदद करेगा। यह शरीर के लिए एक ताजगी का स्रोत है।

**ब्लड शुगर कंट्रोल करें :** अगर आप को हाई ब्लड शुगर से जूझ रहे हैं तो मकई के दाने आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। फाइबर का एक अच्छा स्रोत होने की वजह कॉर्न ब्लड स्ट्रीम में शुगर के अब्जॉर्प्शन को कम करता है। इसकी वजह से डायबिटीज या प्रीडायबिटीज वाले लोगों में ब्लड शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी के साथ फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और विटामिन से समृद्ध स्रोत के तौर पर डायबिटीज में मकई को शामिल करने की सलाह दी जाती हैं। मकई का उपयोग कर डायबिटीज की समस्या में कुछ हद तक राहत पाई जा सकती है।

**आंखों के लिए फायदेमंद :** कॉर्न में ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह दोनों कैरोटीनॉयड आंखों के लिए महत्वपूर्ण हैं। मकई में एंटीऑक्सीडेंट, ल्यूटिन और जैक्सैन्थिन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह सभी गुण आंखों की रोशनी को बचाने में मदद करता है।

**त्वचा को चमकदार बनाए :** मक्का में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो त्वचा की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। यह झुर्रियों को कम करने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

# सुबह टमाटर का जूस पीने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे



टमाटर का जूस नियमित रूप से खाना शरीर के लिए कई तरह के फायदेमंद होता है। इसे खाने से त्वचा, बाल, हड्डियां और इम्युनिटी मजबूत होती है। खासकर सर्दियों में टमाटर का जूस पीना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि सर्दियों में इन्फेक्शन और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में टमाटर का जूस पीने के कई फायदे हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में। **माटर के जूस के फायदे- त्वचा बेहतर बनाता है-** टमाटर में विटामिन-सी और लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ उसकी रंगत बनाए रखते हैं। इसे पीने से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, यह पिग्मेंटेशन और मुंहासों की समस्याएं भी कम करता है। **पाचन में सुधार होता है-** टमाटर का जूस पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। यह पेट में एसिडिटी और अपच की समस्या को कम करने में मदद करता है। टमाटर में फाइबर होता है, जो आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और कब्ज से राहत दिलाने में मददगार होता है। **वजन घटाने में मदद करता है-** टमाटर का जूस कम कैलोरी और हाई फाइबर वाला होता है, जो वजन घटाने में मददगार हो सकता है। इसे पीने से पेट को भरा हुआ महसूस होता है, जिससे आप कम खाते हैं और ओवरईटिंग से बचते हैं।

# खर्राटों से पाना है छुटकारा तो करें ये योगासन



ते समय खर्राटे लेना एक आम बात है लेकिन कई लोगों के लिए ये चिंताजनक भी हो सकती है। खर्राटे की आवाज के कारण हमारे आस-पास के लोगों की नींद में भी खलल पड़ता है। ये आवाज सांस लेने के दौरान होने वाली रुकावटों की आवाज होती है। लोगों को लगता है के ये एक आम सी परेशानी है लेकिन क्या आप जानते हैं ये आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। दरअसल, इसे लेने वाले व्यक्तियों में हाई कोलेस्ट्रॉल के साथ-साथ दिल से जुड़ी बीमारियां होने की भी संभावना बनी रहती है। वैसे तो इसे रोकने या बंद करने के लिए आज कल बहुत से गैजट्स आपको मिल जाएंगे लेकिन ये असर करे या नहीं इनका पता नहीं होता। ऐसे में अगर आप भी इस से निजात पाना चाहते हैं तो आपको हम आज योग और प्राणायाम की मदद से इससे छुटकारा दिलाने के बारे में बताएंगे।

**भ्रामरी प्राणायाम-** इस तरह भ्रामरी प्राणायाम खर्राटों के कई कारण जैसे कि इस प्रेस खराब, ब्लड, सरकुलेशन, मोटापा आदि को कम करता है जिससे आपके खर्राटे रोकने में मदद मिलती है। इस प्राणायाम को करने के लिए आप एक शांत जगह पर बैठ जाएं और अपनी आंखों को बंद कर ले। अपनी तर्जनी को अपने कानों पर रखें। इसके बाद सांस अंदर ले और सांस छोड़ते हुए अपनी उंगलियों से कार्टिलेज को दबाए। इसके बाद बार-बार सांस लें और छोड़ें लगभग 6 से 7 बार इसी पैटर्न को दोहराए।

**भुजंगासन या कोबरा पोज-** खर्राटों की समस्या दूर करने के लिए सबसे बेस्ट योगासन है भुजंगासन। इस आसन को करने के दौरान व्यक्ति का चेस्ट यानी सीना पूरी तरह से खुल जाता है। इस पॉस्चर में हमारे फेफड़े क्लियर हो जाते हैं और वायु मार्ग भी क्लीन और फ्री हो जाता है जिससे खर्राटे लेने की आशंका कम हो जाती है। साथ ही साथ इस योगासन को करने से शरीर में ऑक्सिजन और ब्लड फ्लो भी रेग्युलेट होता है जिससे आपकी ब्रीदिंग और शरीर के बाकी फंक्शन्स भी बेहतर तरीके से काम करने लगते हैं।

**कपाल भाति प्राणायाम-** इसे करने के लिए अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए, आराम से बैठ जाएँ। अपने हाथों को आकाश की तरफ, आराम से घुटनों पर रखें। एक लंबी गहरी साँस अंदर लें। साँस छोड़ते हुए अपने पेट को अंदर की ओर खींचे। अपने पेट को इस प्रकार से अंदर खींचे की वह रीढ़ की हड्डी को छू ले। जितना हो सके उतना ही करें।

# नींबू और दही को बालों पर लगाने के हैं कई फायदे



आज-कल लगभग हर दूसरा व्यक्ति बालों से जुड़ी समस्याओं से परेशान होता है। ऐसे में लोग सैलून जाकर इन समस्याओं से राहत पाते हैं। एक बार सैलून जाने में हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। ऐसे में बहुत से लोग अक्सर दादी-नानी के नुस्खे अपनाते हैं। इसी क्रम में हम आपको बालों के लिए नींबू और दही का मिश्रण बालों में लगाने का सही तरीका बताने जा रहे हैं। ये बालों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इन दोनों चीजों के पास बालों की देखभाल के लिए कई गुण हैं, जैसे कि दही बालों को मुलायम बनाता है, जबकि नींबू बालों को चमक और स्वास्थ्य प्रदान करता है।ऐसे में आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल हेयर केयर में कर सकते हैं। यहां हम आपको न सिर्फ इनके फायदों के बारे में बताएंगे, बल्कि इसके इस्तेमाल का सही तरीका भी बताएंगे।

**इस्तेमाल का सही तरीका-** यदि आप दही और नींबू की मदद से हेयर मास्क बनाना चाहती हैं तो 1-2 टेबलस्पून ताजा दही और 1 टेबलस्पून ताजा नींबू का रस निकालकर अलग रख लें। बालों को थोड़ा गीला कर लें, फिर इस मिश्रण को स्कैल्प से लेकर बालों के सिरों तक अच्छे से लगाएं। 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हल्के शैंपू से बाल धो लें। आप इसे सप्ताह में 1-2 बार इस्तेमाल कर सकते हैं। यह मिश्रण बालों को स्वस्थ रखने के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय है।

**ये होंगे फायदे- बालों का झड़ना कम करना-** नींबू में विटामिन सी होता है, जो बालों के विकास में मदद करता है और दही बालों को मजबूत बनाता है।

# इन तेल से करें चेहरे की मालिश, त्वचा रहेगी जवां और झुर्रियां भी होंगी कम



उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स आना आम बात है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ प्राकृतिक उपायों से आप अपनी त्वचा को जवां बनाए रख सकते हैं? इनमें से एक है रात में सोने से पहले चेहरे की तेल से मालिश करना। यह न केवल आपकी त्वचा को पोषण देता है, बल्कि उसे चमकदार और कोमल भी बनाता है। आइए जानें चेहरे पर तेल मालिश करने के फायदे और किन ऑयल्स का इस्तेमाल चेहरे की मसाज करने के लिए किया जा सकता है।

**क्यों है चेहरे की मालिश जरूरी?**

ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है- चेहरे की मालिश ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है, जिससे स्किन सेल्स को ज्यादा ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। त्वचा को टोन करता है- नियमित मालिश चेहरे की मांसपेशियों को टोन करती है, जिससे त्वचा ढीली नहीं होती। झुर्रियों को कम करता है- मालिश से त्वचा में कोलेजन का प्रोडक्शन बढ़ता है, जो झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। तनाव कम करता है- चेहरे की मालिश तनाव को कम करने में मदद करती है, जिसका सीधा असर त्वचा पर पड़ता है।

**फेस मसाज के लिए कौन-सा तेल है सबसे अच्छा?**

चेहरे की मालिश के लिए कई तरह के तेलों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे-

**नारियल का तेल-** नारियल का तेल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो स्किन को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। यह त्वचा को मॉइश्चराइज भी करता है।

**बादाम का तेल-** बादाम का तेल विटामिन-ई से भरपूर होता है, जो त्वचा को पोषण देता है। यह डार्क सर्कल्स को कम करने में भी मदद करता है। जैतून का तेल- जैतून का तेल विटामिन-ए और ई से भरपूर होता है, जो त्वचा को नरम और चमकदार बनाता है।

**अर्गेन ऑयल-** अर्गेन ऑयल विटामिन-ई और फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो त्वचा को हाइड्रेट और मजबूत बनाता है।

**चेहरे की मालिश कैसे करें?**

चेहरा साफ करें- सोने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ कर लें। **तेल लगाएं-** अपनी उंगलियों पर कुछ बूंदें तेल लें और इसे चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं। **मालिश करें-** हल्के हाथों से चेहरे पर गोलाकार गति में मालिश करें। आंखों के आसपास की त्वचा पर बहुत हल्के हाथों से मालिश करें। कुछ समय के लिए छोड़ दें- तेल को कुछ देर के लिए चेहरे पर लगा रहने दें। चेहरा धो लें- सुबह उठकर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इन बातों का ध्यान रखें फेस मसाज के दौरान धीरे-धीरे मालिश करें। मालिश के दौरान चेहरे पर ज्यादा दबाव न डालें। मालिश के बाद चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। अगर आपको किसी भी प्रकार की एलर्जी है तो किसी डॉक्टर से सलाह लें। चेहरे की मालिश नियमित रूप से करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसी भी नए तेल का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

# बनाएं स्वादिष्ट और हेल्दी ओट्स पनियारम

## सामग्री

- ओट्स का बैटर - 1 कप
- गुड़ - 5 बड़े चम्मच (पिसा हुआ)
- नारियल - आधा कप (कद्दूकस किया हुआ)
- नमक - स्वादानुसार
- घी या तेल - 1-2 चम्मच
- पानी - आवश्यकतानुसार
- इडली सांचा या पनियारम पैन

## विधि

सबसे पहले एक बाउल में ओट्स का बैटर लें। इसमें पिसा हुआ गुड़, कद्दूकस किया हुआ नारियल और स्वादानुसार नमक डालें। सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स करें। गुड़ घुलने के कारण घोल थोड़ा पतला हो सकता है। अगर ऐसा हो तो ओट्स का थोड़ा और बैटर मिलाकर इसे गाढ़ा करें। ध्यान रखें कि घोल ज्यादा पतला न हो, वरना पनियारम सही आकार में नहीं बन पाएंगे। सांचे में घी या तेल की कुछ बूंदें डालें ताकि पनियारम चिपके नहीं। तैयार घोल को सांचे में एक चम्मच डालें। ध्यान रखें कि सांचे को पूरा न भरें, क्योंकि पकने के दौरान पनियारम थोड़ा फूलता है। धीमी आंच पर पकाएं और हर तरफ से सुनहरा होने तक सेंकें। जब पनियारम पक जाए, तो उन्हें सांचे से निकाल लें। गरमा-गरम पनियारम को चाय, दूध या कॉफी के साथ परोसें।

ये पनियारम इतने स्वादिष्ट होते हैं कि आप इन्हें सादे भी खा सकते हैं। चाहें तो इन्हें नाश्ते के तौर पर या मिठाई के रूप में परोस सकते हैं। त्योहारों और खास मौकों पर इसे आसानी से तैयार कर सकते हैं। तो देर किस बात की? इस आसान रेसिपी को ट्राई करें और अपने परिवार के साथ इसका आनंद लें।



# नाश्ते में बनाएं एग फ्राइड राइस



## सामग्री :-

- 1 कप उबला हुआ चावल
- 2 अंडे
- 1 प्याज (बारीक कटा हुआ)
- 1 गाजर (बारीक कटा हुआ)
- 1/4 कप हरी मटर
- 2-3 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
- 1-2 चम्मच सोया सॉस
- 1/2 चम्मच काली मिर्च
- 1/2 चम्मच नमक
- 2 चम्मच तेल
- 1 चम्मच हल्दी
- कुछ हरा धनिया सजाने के लिए

## विधि

सबसे पहले रात के बचे हुए चावल निकाल लें अगर रात के बचे हुए चावल नहीं हैं तो चावल को अच्छे से धोकर उबाल लें। चावल थोड़े सख्त हों, ताकि वे फ्राई करते वक्त चिपके नहीं। एक बर्तन में अंडों को अच्छे से फेंट लें। इसमें आप स्वाद अनुसार नमक और काली मिर्च भी डाल सकते हैं। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल गर्म करें। इसमें प्याज, हरी मिर्च, गाजर और हरी मटर डालकर 2-3 मिनट तक सॉटे करें, जब तक सब्जियां थोड़ी नरम न हो जाएं। अब इस मिश्रण में फेंटे हुए अंडे डालें। अंडे को अच्छे से हिलाते हुए पकाएं, ताकि वह तले हुए (पंखा) हो जाएं और सब्जियों के साथ अच्छे से मिल जाएं। अब उबले हुए चावलों को कढ़ाई में डालें। चावल को अच्छे से मिलाते हुए पकाएं, ताकि सब्जियां और अंडे चावल में अच्छे से मिक्स हो जाएं। अब इसमें सोया सॉस, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छे से मिला लें। कुछ लोग हल्का सा चीनी भी डालते हैं, जिससे स्वाद में हल्की सी मिठास आती है, लेकिन यह विकल्प है। अंत में, हरे धनिए से सजाएं और गरमा गरम एग फ्राइड राइस सर्व करें। यह रेसिपी लगभग 15-20 मिनट में तैयार हो जाती है, जिससे यह एकदम परफेक्ट है जब आपके पास समय कम हो, लेकिन स्वाद में कुछ खास चाहिए !तो अगली बार जब आपको कुछ जल्दी और टेस्टी खाना बनाना हो, तो एग फ्राइड राइस ट्राई करें और सबको खुश कर दें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**सोमवार, 15 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे। अमावस्या तिथौ सोम वासरे 08/25/ मृगशिरा नक्षत्रे 19/09/ शूल योग 18/56/ नाग करणे 08/25/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा 08घं.41 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** स्नान दान की अमावस्या/सोमवती अमावस्या/ अधिक मास समाप्ति।

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा।

**वृष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए।

**मीन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे।

# विशाल भंडारे के साथ जवाबी कीर्तन कार्यक्रम में कलाकारों का हुआ स्वागत




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** ब्लाक दरियाबाद क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम जारमऊ में तृतीय पावन श्री पुरुषोत्तम मास महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न होने के बाद रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद गृहण किया। साथ ही रविवार को भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से रणजीत राज (प्रयागराज) व चेतना आजाद (गोंडा) की भागीदारी रही। रणजीत राज ने गीत के माध्यम से चेतना आजाद के प्रश्नों का जवाब कीर्तन के माध्यम से दिया। रणजीत राज (प्रयागराज) व चेतना आजाद (गोंडा) ने अपने कीर्तन गायन के माध्यम से इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि श्रोतागण जवाबी कीर्तन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्री रामदेव यादव जी व अन्य सहयोगियों में मुरली यादव, दिवाकर यादव, अजय यादव, जालिम यादव, मुलायम यादव, चंद्रेश यादव, जिला पंचायत प्रत्याशी राहुल यादव, हंसराज यादव, जसवंत यादव, उपेन्द्र यादव, त्रिलोकचंद्र यादव, शिवनंदन , सोनू साथ ही हर्षित, रियांश व अन्य सदस्यों की विशेष भागीदारी शामिल हैं।

# जन कल्याण शिविर का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** सेवा सुशासन गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विकासखंड रामनगर में आयोजित जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का का ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार अवस्थी एवं महादेवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इस शिविर में ग्राम विकास विभाग पंचायती राज विभाग स्वास्थ्य विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आपूर्ति विभाग स्वयं सहायता समूह आदि द्वारा स्टाल लगाकर सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।

खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार की अगवाई में आयोजित जनकल्याण शिविर में रामनगर मंडल अध्यक्ष विनय प्रकाश मिश्रा ने भी पहुंचकर सहभागिता की इस मौके पर ए डी ओ पंचायत अभय शुक्ला सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** आगामी मोहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कस्बा शहाबपुर में अहमद मस्जिद के निकट प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनीस अफजाल अंसारी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने की।बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि मोहर्रम कोई पर्व या त्योहार नहीं बल्कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम एवं उनके 72 साथियों द्वारा इस्लाम की रक्षा के लिए दी गई कुर्बानियों को याद कर गम मनाने का महीना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोहर्रम के दौरान निकलने वाले अलम एवं ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मो. रिहान, मोहम्मद हमजा, इस्तिखार अंसारी,बदरूदुजा अंसारी,ऐजाज रसूल, हबीबुर्रहमान बीडीसी,सगीर कुरेशी ,नियाज़ कटरा,नूरुद्दीन,रफीक चौधरीसमसुद्दीन, रईस आलम बीडीसी, सादाब अंसारी, गुफरान अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, निहाल अंसारी, असलम कटरा, अकरम अंसारी, मो फुरकान आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### शराब की दुकान से नगदी व शराब चोरी

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के दहिला चौराहा पर स्थित शराब की कंपोजिट शॉप में सेंध काट कर चोर हजारो रुपए कीमत की शराब व नगदी चुरा ले गए। सेल्समैन ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की माँग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में कंपोजिट शॉप के सेल्समैन लखनऊ जनपद के थाना नगराम अंतर्गत घोड़सारा गांव निवासी भगौती प्रसाद पुत्र रामदास ने बताया कि रविवार सुबह देसी शराब ठेका दहिला के सेल्समेन ने उनकी दुकान में सेंध काट कर चोरी की सूचना दी ।सूचना पाकर दुकान पहुंचे सेल्समैन ने बताया कि दुकान पहुंचने पर दुकान के पीछे सेंध कटी मिली ।।जिसकी सूचना दुकान मालिक एवं मैनेजर को फोन के माध्यम से दी गई और सब लोगों के आने के बाद पुलिस के सामने दुकान का शटर खोला गया । स्टॉक के मिलान में गल्ले से 20150 रुपए एवम 3300 रुपये कीमत की 10 हाफ इंपिरियल शराब की बोतलें कम पाई गई।

### नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने गांव के ही एक युवक और उसके परिजनों पर उसकी 17 वर्षीय नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।पीड़ित पिता ने बताया कि गत 11 जून की दोपहर लगभग 3:00 बजे उसकी नाबालिक पुत्री को उनके गांव का ही 25 वर्षीय युवक अपने साथ लेकर कहीं गायब हो गया जिससे उनकी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका है ।काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो सकी है। पिता ने बताया कि गुप्त सूत्रों से पता चला है कि विपक्षी के घर वाले मिली भगत करके उनकी पुत्री को कहीं गलत नीयत से छुपा दिया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले रुपए

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मसौली चौराहे पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मे लगे एटीएम बूथ मे एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रुपये निकालने का मामला सामने आया है। एटीएम में लगे सीसी कैमरों में घटना कैद हो गई। पीड़ित ने दो अज्ञात जालसाजो के विरुद्ध तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के मसौली चौराहे पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम बूथ पर रविवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम अनूपगंज मजरे सहादतगंज निवासी मो0 जहीर पुत्र ख़ादिम रसूल अपने पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से पैसे निकलवाने गया था पीड़ित एटीएम मशीन मे कार्ड लगाकर पैसा निकालने का प्रयास कर ही रहा था कि तभी बूथ मे पहुंचे दो अज्ञात लड़को ने धक्का दे दिया जिससे एटीएम कार्ड नीचे गिर गया इसी दौरान जालसाजो ने एटीएम कार्ड को बदल दिया। यूनियन बैंक मे पैसा न निकलने पर पीड़ित जब चौराहे पर ही स्थित केनरा बैंक के एटीएम बूथ पर पहुंचा तब देखा कि उसका एटीएम कार्ड बदला हुआ है तथा मो0 जहीर के मोबाइल पर रुपये निकालने के मैसेज आने लगे। तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत की थाना मसौली मे शिकायती पत्र देते हुए बैंक व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

### शोपीस बनकर रह गई है एटीएम स्वास्थ्य जांच मशीन

**स्वतंत्रभारत जैदपुर बाराबंकी।** ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य जाँच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिलोकपुर मे लगाई एटीएम स्वास्थ्य जांच मशीन शोपीस बनकर रह गई है। जांच के नाम पर मरीजों को सिर्फ मैन्युअल जांच कर वापस भेजा जा रहा है।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिलोकपुर मे रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन होता है। रविवार के मेले में 127 मरीजों का उपचार किया गया।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जन-जन तक पहुंचा विकास

## उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मीडिया संवाद के माध्यम से साझा की सरकार की उपलब्धियां



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में सम्मानित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हर घर जल, स्वच्छ भारत शिन, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवेश, रोजगार एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। प्रदेश आज देश की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट एवं औद्योगिक निवेश जैसी परियोजनाएं विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।प्रेस वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भावी विकास कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर राज्य मंत्री (कारागार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही तथा राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चन्द्र शर्मा, सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, अध्यक्ष उप्र अनुसूचित जाति आयोग बैजनाथ रावत,भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# ट्रैक्टर की ढलाई मशीन से गिरकर मजदूर की मौत

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद के दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक मजदूर की ट्रैक्टर से लगी ढलाई मशीन से गिरकर मौत हो गई। यह घटना शनिवार देर रात अलियाबाद के डिग्घी धाम के पास हुई। मृतक की पहचान समसद्दीपुर मजरे बरहुंवा गांव निवासी सुरेश चंद्र वर्मा (45) के रूप में हुई है।सुरेश चंद्र वर्मा मजदूरी का काम करते थे। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वह गांव के ही रमन वर्मा की ढलाई मशीन के साथ अलियाबाद चौराहा पर उस्मान के घर की छत ढलाई करने निकले थे।ढलाई का काम खत्म होने के बाद रात करीब 11 बजे सभी मजदूर मशीन खोलकर ट्रैक्टर में बांधकर वापस घर लौट रहे थे। सुरेश चंद्र वर्मा भी ट्रैक्टर में बंधी मशीन पर बैठे थे। डिग्घी धाम के पास अचानक वह गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।हादसे के बाद मशीन मालिक रमन वर्मा ने सुरेश के शव को वहीं किनारे छोड़ दिया और मौके से भाग गया। वह मृतक के घर पहुंचा और उसकी पत्नी कमला देवी से सुरेश के घर आने के बारे में पूछा।जब पत्नी ने बताया कि सुरेश अभी घर नहीं आए हैं, तो रमन उन्हें ढूंढने के बहाने निकला। रात करीब तीन बजे वह सुरेश का शव लेकर घर पहुंचा और परिजनों को बताया कि सुरेश ने बहुत शराब पी थी और अकेले घर के लिए निकले थे। रास्ते में किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।सुरेश का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार सुबह परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और साथी मजदूरों से पूछताछ की। मजदूरों ने बताया कि सुरेश चंद्र मशीन पर पीछे बैठे थे और डिग्घी के पास गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई थी। उन्हों यह भी बताया कि मशीन मालिक ने उन्हें मशीन के साथ जाने को कह दिया था और बाद में वह शव लेकर आया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकार जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही : सुरेश राही



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** केन्द्र एवं राज्य सरकार का लक्ष्य है समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की विकास योजनाओं का लाभ मिले जिसके लिए जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से सरकार जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।उक्त विचार आज ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित जनकल्याण शिविर मे उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से रूबरू होते हुए प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कही इससे पूर्व प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने एक पेड़ माँ के नाम रोपित करते हुए जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भावना के अनुरूप संचालित किए जा रहें है उन्होंने लाभार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनकल्याण शिविरो के आयोजन से आमजनो को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडेगे उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करे तथा पात्र व्यक्तियों को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों के जरिए लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को कई योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें मंत्री के समक्ष रखीं।अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने केंद्र एव राज्य सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गाँव एव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा ने कहा कि केंद्र एव प्रदेश सरकार महापुरुषों के सपनो को साकार कर रही है और समाज के सभी वर्गो को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### जल जीवन मिशन पर भड़के प्रभारी मंत्री

जनकल्याण एव संवाद कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीणों ने गाँव मे बनी टंकियों से पानी न मिलने एव पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गये खंडजा, इंटरलाकिंग, सीसी रोडो की मरम्मत न किये जाने की शिकायत की कार्यक्रम मे जल जीवन मिशन विभाग से कोई अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित न होने पर प्रभारी मंत्री विभाग पर भड़क उठे और तुरंत जिला मुख्यालय पर तलब किया साथ ही लोगो से कहा कि जल मिशन योजना मे बरती गई लापरवाही किसी भी कीमत मे बक्शी नहीं जायेगी गर्मी का मौसम है ग्रामीणों को हरहाल मे पानी मिलना चाहिए । खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने प्रभारी मंत्री सहित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार मिश्रा एव शिक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम को भाजपा नेत्री सरोज रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा, जैदपुर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, जिला कार्यालय सतीश विश्वकर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद, नितिन मौर्य, ब्रजराज सिंह, राज कुमार सोनी, दिनेश रावत, आशीष द्विवेदी, मुकेश वर्मा, अजय पटेल, सनत वर्मा, संजय वर्मा, अखिल गुप्ता, तालबे मोनिश, गोविंद जयसवाल सहित जिला एव ब्लाक के तमाम अधिकारी मौजूद रहें।

### रेलमेध यज्ञ भी संस्कृति का वाहक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** रेलमेध यज्ञ भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाता है जिस प्रकार से अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा आगे आगे चलता था और पीछे-पीछे उस यज्ञ को करने वाले का धार्मिक संदेश समाज में जाता था। इसी प्रकार से रेलमेध यज्ञ में धर्मसेवक रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों को मिष्ठान सहित जल वितरण करते हैं। यह विचार रसौली रेलवे स्टेशन पर उपस्थित धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र यादव प्रधान जी ने व्यक्त किये। विदित हो अमित अवस्थी 'अधिवक्ता' संयोजक धर्मजागरण द्वारा जनपद में पिछले 5 वर्षों से जनपद के सभी 19 रेलवे स्टेशनों पर रेलमेध यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सुरेश चंद्र गौतम, आशीष द्विवेदी, अमरीश यादव, युगल किशोर दीक्षित, देवेंद्र सिंह, बच्चन वर्मा, उमेश रावत आदि धर्मसेवकों का धर्मजागरण के रेलवे स्टेशन रसौली प्रभारी सर्वेश मौर्य ने आभार व्यक्त किया।

# किसानों ने की फिर से बैठक बुलाने की मांग

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** यूपीडा द्वारा औद्योगिक गलियारा से प्रभावित किसानों की जगह अन्य किसानों को बुलाकर की गई गुप्त बैठक से आक्रोशित किसानों की एक बैठक रविवार को घरकोइया में हुई। बैठक में गुप्त बैठक को रद्द करने व प्रभावित किसानों की बैठक बुलाने की माँग की है।पूर्व प्रधान प्रतिनिधि माता बदल की अध्यक्षता में हुई किसानों की बैठक में ग्राम पंचायत बम्हरौली, आंदऊमऊ सतरही, पेचारुआ बहरामपुर व घरकोइया के किसान शामिल हुए। बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि ग्राम सतरही में यूपीडॉ द्वारा किसानों की गुप्त बैठक की गई। जिसमें औद्योगिक गलियारा से प्रभावित किसानों की जगह उन किसानों को बुलाया गया जिन किसानों का इस गलियारे से कोई संबंध नहीं है। इसी गांव के रहने वाले महेश, दुलारे तिवारी ने बताया कि यूपीडा ने चुपचाप बैठक की। प्रभावित किसानों को नहीं बुलाया गया इससे किसानों में आक्रोश है । बैठक में किसानों ने डीएम से शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावित किसानों की बैठक बुलाने व गोपनीय बैठक को रद्द करने की माँग की है। बैठक में मौजूद भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह स्पष्ट निर्देश था कि किसी भी किसान को परेशान नहीं किया जाएगा चुपचाप बैठक करना मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखाना है। इस परिप्रेक्ष्य में माननीय जिला प्रशासन संज्ञान ले और किसानो की बैठक पुनः कराये, चुपचाप वाली बैठक रद्द की जाए अन्यथा किसान आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर तेज नारायण मुन्नालाल राम बहादुर शिवमंगल मां यादव लल्लन नान बाबू मलखान चंद्रभान अब्दुल रहमान दीन मोहम्मद मेवालाल उदयराज राम तीरथ रामनिवास बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# निर्धारित मार्गो से ही निकालें मोहर्रम का जुलूस : गरिमा पंत



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** मोहर्रम का जुलूस सभी लोग परंपरागत तरीके से निर्धारित मार्गो से ही निकाले नई परंपरा डालने की इजाजत किसी को नहीं होगी उक्त बातें पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत ने रामनगर थाने पर मोहर्रम पर्व के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह के द्वारा आयोजित शान्ति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। सी ओ ने आगे कहा कि निर्धारित मानक के अनुसार ताजिए 8 फुट से ऊंचे नहीं होनी चाहिए जिससे कर्बला ले जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर पेड़ों की कटाई छंटाई नहीं की जाएगी न हीं किसी प्रकार का निर्माण तोड़ा जाएगा। अगर गांव में किसी भी प्रकार का विवाद है तो पहले से ही सूचित करें जिससे समय रहते उसका निस्तारण कराया जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि रामनगर क्षेत्र गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है यहां दोनों समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर सभी त्यौहार मनाते हैं यहां किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि जुलूस के दौरान झंडे में लोहे का रोड और हरा बांस कत्तई प्रयोग ना किया जाए। आप सभी लोग मिलजुल कर मोहर्रम का पर्व मनाएं किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे पुलिस प्रशासन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए कटिबद्ध यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है तो पुलिस को सूचित करें अपने स्तर से कोई निर्णय न लें। अन्यथा कानून अपना काम करेगा।शान्ति समिति की बैठक में कांप फतेहुल्लाहपुर निवासी मोहम्मद हसन ने लटकते हुए बिजली के तारों को कसवाये जाने की मांग की। बुढ़वल गांव में कर्बला को जाने वाले रास्ते पर कटीले तार लगा दिए जाने की शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक ने गनेशपुर में शिया और समुदाय दोनों पक्ष के लोगों को पूर्व में निर्धारित समय का अनुपालन किए जाने की बात कही। बैठक में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार इंस्पेक्टर सुभाष यादव अतिरिक्त निरीक्षक राज बहादुर सरोज वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव चौकी इंचार्ज महादेवा रजनीश पांडेय सुढियामऊ गजेंद्र विक्रम सिंह उप निरीक्षक राज कनौजिया बीपी सिंह सहित सभासद अवनीश मिश्रा केडी खान शुभम जायसवाल पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी डॉ मोहम्मद सलीम प्रधान अब्दुल मन्नान मोहम्मद अंसार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कचहरी परिसर में बेंच पर मिला युवक का लहूलुहान शव

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले की कचहरी परिसर में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक होटल कर्मी का लहूलुहान शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मृतक की पहचान जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के दुपहटा गांव निवासी सूरज कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज पिछले करीब 10 वर्षों से कचहरी परिसर में स्थित मनोज गुप्ता के होटल में काम करता था और अक्सर वहीं रुककर रात बिताता था।रविवार सुबह होटल के बाहर स्थित एक बेंच पर उसका शव पड़ा मिला। शव के सिर से खून बह रहा था, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और होटल संचालक मौके पर पहुंच गए।जानकारी के मुताबिक सूरज शनिवार रात अपने साथी कर्मी सोनू के साथ होटल पर ही रुका था। रविवार सुबह सोनू ने उसे बेंच पर अचेत अवस्था में देखा और होटल मालिक को सूचना दी।होटल संचालक ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सूरज को जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।परिजनों का कहना है कि सूरज के सिर और पेट पर चोट के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे थे। उनका आरोप है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि हत्या का मामला हो सकता है।मृतक के परिवार का कहना है कि सूरज शनिवार से घर नहीं लौटा था और रविवार सुबह उसकी मौत की खबर मिली।

# अमरनाथ यात्रा से पहले आतंकी साजिश का अलर्ट



**जम्मू।** तीन जुलाई से शुरू हो रही श्री अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा पार से संभावित आतंकी घुसपैठ को

### ■ कठुआ सीमा से घुसपैठ की फिराक में जैश

लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया इनपुट के अनुसार आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी कठुआ जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से घुसपैठ की फिराक में हैं। इस इनपुट के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। जम्मू, सांबा और कठुआ जिले से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सुरक्षा बढ़ा दी है। सूत्रों के मुताबिक, खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा बलों को इनपुट दिया है कि अमरनाथ यात्रा के दौरान आतंकी माहौल खराब करने के लिए बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। वे हीरानगर सेक्टर के पास उज्ज नदी और उससे जुड़े नालों के रास्ते से घुसपैठ कर सकते हैं। यह क्षेत्र पहले से ही संवेदनशील माना जाता रहा है। अलर्ट के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से निगरानी और गश्त तेज कर दी है। नदी किनारों और संभावित मार्गों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है, जबकि रात के समय निगरानी के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा समीक्षा बैठक में एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देशश्री अमरनाथ यात्रा-2026 को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एसएसपी जम्मू जोगिंदर सिंह ने जिला पुलिस लाइन में सिक्योरिटी मैनेजमेंट एंड कोऑर्डिनेशन (एसएमएसी) बैठक की अध्यक्षता की। इसमें एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की समीक्षा की। उन्होंने सभी एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, औचक नाका जांच करने और क्विक रिएक्शन टीमों (क्यूआरटी) की तैनाती को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, खुफिया एजेंसियों, नागरिक प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## अनंतनाग में हाईटेक सुरक्षाचक्र तैयार



### ■ 400 से अधिक सीसीटीवी और स्नाइपर्स तैनात

**श्रीनगर।** श्री अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में हाई-टेक सुरक्षा चक्र तैयार किया गया है। 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही संवेदनशील स्थानों पर स्नाइपर्स तैनात किए गए हैं। अत्याधुनिक निगरानी प्रणालियों, फेशियल रिकग्निशन तकनीक और विशेष सुरक्षा इकाइयों की तैनाती की गई है। अनंतनाग के एसएसपी आमोद नागपुरे ने बताया कि यात्रा मार्ग पर अनंतनाग से पवित्र अमरनाथ गुफा तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की करीब 140 कंपनियां तैनात की गई हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष इकाइयां जैसे मारखोर, स्नो लेपर्ड, माउंटेन रेस्क्यू टीमें (एमआरटी), स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और क्विक रिएक्शन टीमें (क्यूआरटी) भी संवेदनशील स्थानों पर तैनात की गई हैं। पूरे जिले को 19 सुरक्षा जोनों में विभाजित कर निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई है। असामाजिक और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तलाशी अभियान और संदिग्धों की निगरानी को तेज किया गया है। सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर पहाड़ी और वन क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन और सैनिटाइजेशन अभियान भी चलाया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करने के लिए इस बार 28 एलिवेटेड बंकर और वॉचटावर स्थापित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में स्नाइपर्स की तैनाती भी की गई है। इस वर्ष की यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित और ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## फराज का राज : जिहादी बनाने का मिला था टारगेट

### नेटवर्क खड़ा करने के लिए होती थी फंडिंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पाकिस्तानी हैंडलर से संपर्क रखने वाले फराज से पूछताछ में कई चैकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। एटीएस की रिमांड पर चल रहे मोहम्मद फराज उर्फ खालिद सैफुल्ला ने पूछताछ में खुलासा किया है कि उसे मध्यप्रदेश में जिहादियों का पूरा नेटवर्क खड़ा करने की बड़ी जिम्मेदारी मिली थी। फराज को पाकिस्तानी हैंडलर से संपर्क कराने वाले उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के देवबंद निवासी नईम को भी एमपी एटीएस ने चार दिन की रिमांड पर लेकर भोपाल आ गई है। दोनों से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है।

इसके बाद दोनों का आमना-सामना भी कराया जाएगा। फराज ने पूछताछ में खुलासा किया है कि पाकिस्तानी हैंडलर मध्यप्रदेश के मुस्लिम समाज के गरीब, अविवाहित और अपने संप्रदाय के प्रति कट्टरता का भाव रखने वाले युवकों को अपने साथ जोड़कर उन्हें जिहादी बनाने का फरमान मिलता था। काजीकैंप निवासी फराज उर्फ सैफुल्ला नेटवर्क खड़ा करने के लिए बेरोजगार, गरीब, 12वीं व स्नातक तक पढ़े-लिखे युवकों को टारगेट कर उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए कार्य कर रहा था। दर्जन भर युवक उसकी बातों से सहमत भी हो चुके थे। वह सोशल मीडिया में सक्रियता के साथ युवाओं का चयन भी यहीं से करने का प्रयास करता था, इसी कारण वह देश की जांच एजेंसी एनआईए के रडार पर आया। एनआईए की निशानदेशही पर एमपी एटीएस उस पर नजर रखी और पकड़ा गया।

एटीएस की पूछताछ और पड़ताल में सामने आया कि संदिग्ध आतंकी मोहम्मद फराज टेलीग्राम और वॉट्सएप ग्रुप्स में युवाओं को जोड़कर वीडियो में जानकारी भेजकर उनसे साझा करता था और उन्हीं वीडियो में जिहादी मानसिकता का प्रदर्शन कर उन्हें अपने साथ कट्टरपंथी बनने के लिए ब्रेनवॉश भी करता था। वह संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े वीडियो भी भेजे हैं। एटीएस अब डिजिटल गतिविधियों, विदेशी फंडिंग और पूरे नेटवर्क की कड़ियां खंगाल रही है।

## महाकाल की शाही सवारी से बाहर हुआ श्यामू

### गंभीर बीमारी बनी वजह, नौ साल बाद टूटेगी परंपरा

**उज्जैन।** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकाल की शाही सवारी में इस बार हाथी श्यामू शामिल नहीं हो सकेगा। पशु चिकित्सकों ने उसे डीजेनेरेटिव ज्वाइंट डिजीज से पीड़ित बताया है। ज्वाइंट कोलैप्स होने के कारण उसके पैर मुड़ गए हैं और वह लंबे समय तक चलने-फिरने की स्थिति में नहीं है। इधर, श्यामू के महावत शरमन गिरी ने वन विभाग पर अन्याय का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनके घर पर एक नोटिस चस्पा किया गया है, जिसमें हाथी के बीमार होने का हवाला देते हुए उसे एक माह तक घर से बाहर न ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शर्तों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। महावत शरमन गिरी का कहना है कि यदि श्यामू को एक महीने तक बाहर घुमाने-फिराने नहीं ले जाया गया, तो उसकी मानसिक स्थिति पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाथी की देखरेख की जिम्मेदारी केवल उन पर डाल दी गई है, जबकि वन विभाग और संबंधित अधिकारियों की भी जिम्मेदारी बनती है। सीनियर वेटेनरी सर्जन एवं वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि श्यामू हड्डियों और मांसपेशियों से जुड़ी गंभीर बीमारी से ग्रसित है तथा पिछले 10 महीनों से चिकित्सकीय निगरानी में है। ज्वाइंट कोलैप्स होने के बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि श्यामू देखने में सामान्य और स्वस्थ प्रतीत होता है, लेकिन उस पर वजन लादना और लंबी दूरी तक पैदल चलाना जोखिम भरा हो सकता है। वह 2 से 3 किलोमीटर से अधिक नहीं चल सकता। इसी कारण इस बार महाकाल की सवारी में उसका उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

## भारतीय फौज ने उतारे गुलामी के दौर के निशान

### पहली बार फॉर्मल ड्रेस में बंदी जैकेट शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने जवानों की यूनिफॉर्म से गुलामी के दौर की निशानियों को हटा दिया है। 174 पेज की नई 'आर्मी यूनिफॉर्म-2026' बुक में कॉलोनियल एरा के नियमों में भी

### ■ अब परेड में रिव्यूइंग अफसर तलवार नहीं रखेगा

बदलाव किया है। सेना का कहना है कि ये बदलाव भारत की संप्रभु पहचान और राष्ट्रीय भावना के मुताबिक किए गए हैं। नए नियमों में रिव्यूइंग ऑफिसर के लिए परेड में तलवार रखना वैकल्पिक कर दिया गया है।

वहीं, कुछ मैस ड्रेस के साथ इस्तेमाल होने वाली पाउच बेल्ट हटाई गई है। इसके साथ ही रॉयल जैसे पुराने शब्दों का इस्तेमाल बंद किया गया है। पहली बार फॉर्मल सिविल ड्रेस में स्वदेशी बंदी जैकेट को भी शामिल किया गया है। बंद गले वाली बंदी जैकेट को फुल स्लीव शर्ट, फॉर्मल ट्राउजर और बंद जूतों के साथ पहना जा सकेगा। सेना इससे पहले फरवरी 2023 में भी कई पुरानी परंपराएं खत्म कर चुकी है। इनमें समारोहों में घोड़ा-गाड़ी का इस्तेमाल, रिटायरमेंट के दौरान 'पुल आउट' इवेंट और डिनर में पाइप बैंड की परंपरा शामिल थी।

नए नियमों के मुताबिक अब तलवार केवल परेड कमांडर, कंटिंजेंट कमांडर और कुछ निर्धारित अधिकारी ही रख सकेंगे।

खास तौर पर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, सेना दिवस और गार्ड ऑफ ऑनर जैसे प्रमुख समारोहों में इसका इस्तेमाल किया जाएगा। नई गाइडलाइन में साफ कहा गया है कि रिव्यूइंग अफसर परेड के दौरान तलवार नहीं रखेंगे। सेना का कहना है कि इन बदलावों का मकसद परंपराओं को खत्म करना नहीं, बल्कि गुलामी के दौर की बची हुई निशानियों को आधुनिक भारतीय सोच के अनुरूप बनाना है। मैनुअल में पर्सनल अपीयरेंस, मिलिट्री बिहेवियर और यूनिफॉर्म में कंडक्ट पर भी पूरी गाइडलाइन दी गई हैं। इसके अनुसार सैनिकों के बिना परमिशन दाढ़ी रखना, ऊट-पटांग हेयरस्टाइल, दिखने वाले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, टैटू, बॉडी पियर्सिंग और मेकअप पर बैन रहेगा।

साथ ही सेना से जुड़े अधिकारियों और जवानों को परमिशन नहीं होगी कि कि वे बिना इजाजत के पॉलिटिकल, धार्मिक या प्रोटेस्ट गैदरिंग, शादियों, प्राइवेट पार्टियों और पेड मीडिया इवेंट में यूनिफॉर्म पहनकर जाएं।

## उत्तराखंड में भाजयुमो नेता की हत्या, क्षेत्र में तनाव

**विकासनगर (देहरादून)।** रानी रंजिश के चलते शनिवार को सहसपुर कोतवाली क्षेत्र के बैरागीवाला के पूर्व प्रधान इस्पाक के भतीजे और अन्य

### ■ आरोपियों के घर पर हमला, पथराव

लोगों ने मिलकर विनोद उसके भाई अशोक व राजेश पर हथियारों से हमला कर दिया। इसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हरबर्टपुर स्थित अस्पताल में विनोद (45 वर्ष) ने दम तोड़ दिया। वह भाजपा के युवा मोर्चा का नेता बताया जा रहा है और पूर्व में बीडीसी का चुनाव भी लड़ चुका है। एक पक्ष हिंदू और दूसरा मुस्लिम होने के कारण विवाद ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। गांव में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठन एकत्र हो गये। उन्होंने धर्मस्थल और आरोपियों के मकान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। साथ ही कार्यकर्ताओं का एक दल दून-पांवटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरने पर बैठ गया। जानकारी के अनुसार विनोद और उसके परिवार ने पूर्व प्रधान इस्पाक के कार्यकाल की सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत कई जानकारी मांगी थी। उन्होंने प्रधान के कार्यकाल में ग्राम समाज की भूमि और अन्य मामलों में शिकायत भी दर्ज करवाई थी। इससे दोनों पक्षों में रंजिश पैदा हो गई थी। दोनों परिवारों में अक्सर झगड़े होते रहते थे। शनिवार को विनोद और उनके भाई सरकारी ट्यूबवेल से अपने खेत में पानी डाल रहे थे।

## दूषित खाने की शिकायत के बाद मेस सील

**इंदौर।** इंदौर के साउथ तुकोगंज क्षेत्र के एक हॉस्टल में दूषित भोजन मिलने की शिकायत के बाद प्रशासन की टीम ने छापा मारकर मेस को सील कर दिया है। छात्राओं ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की थी। तुकोगंज क्षेत्र के सिल्वर मॉल के पास स्थित मधुर गर्ल्स हॉस्टल में खराब भोजन परोसे जाने की शिकायत छात्राओं ने की थी। उनका कहना था कि परोसे गए भोजन में बदबू आती है और कई बार उसमें कीड़े भी नजर आते हैं। शिकायत प्राप्त होते ही प्रशासन की टीम 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर कार्रवाई प्रारंभ की।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गर्ल्स हॉस्टल में भोजन की आपूर्ति तनुश्री थाली द्वारा की जा रही थी। मौके पर प्रभारी प्रवीण जोशी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान किचन एवं भोजन निर्माण क्षेत्र में साफ-सफाई नहीं पाई गई। खाना गंदगी के बीच ही बन रहा था। मौके से गेहूं के आटे एवं घी के दो नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

## पांच महीने, तीन शादियां और हर बार नया बहाना

**हमीरपुर (हि. प्र.)।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के गलोड़ क्षेत्र में शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े फर्जी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। आरोप है कि शीतल नाम की एक महिला ने पांच महीने के

### ■ हिमाचल में लुटेरी दुल्हन का आतंक

भीतर तीन अलग-अलग युवकों से शादी की और फिर मंदिर जाने या किसी रिश्तेदार की मृत्यु का बहाना बनाकर फरार हो गई। यह घटना हिमाचल के ग्रामीण क्षेत्रों के युवकों को निशाना बनाने वाले गिरोह की सक्रियता की ओर इशारा करती है। शीतल नामक महिला पर जनवरी में बिलासपुर जिले के जेजवीं, फरवरी में हमीरपुर के गलोड़ और मई में बिलासपुर के बल्हसीना क्षेत्र में शादी करने का आरोप है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि शादी के बाद कुछ समय तक सब सामान्य रहा, लेकिन फिर दुल्हन बहाने बनाकर अचानक गायब हो जाती थी। यह पैटर्न एक संगठित गिरोह की ओर संकेत करता है, जो परिवारों को ठग रहा है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि इस गिरोह का निशाना पंजाब के बजाय हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के युवक बन रहे हैं। आरोप है कि कुछ महिलाएं और बिचौलिए परिवारों से संपर्क साधकर रिश्ते तय करवाते थे और शादी के कुछ समय बाद दुल्हन गायब हो जाती थी। पुलिस को शक है कि अलग-अलग क्षेत्रों में सामने आए मामलों के तार आपस में जुड़े हो सकते हैं। जेजवीं के परिवार द्वारा बयान दर्ज कराने के बाद, पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच में जुट गई है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। विभिन्न लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और हर पहलू को खंगाला जा रहा है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इस कथित फर्जी शादी रैकेट की परतें खुलती जा रही हैं।

## फैसला : विवाह अवैध तो विधवा का दर्जा नहीं




**अमृतसर।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि पहली पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी करने वाली महिला को मृत सरकारी कर्मचारी की फैमिली पेंशन का अधिकार नहीं मिल सकता। ऐसा विवाह कानूनन शून्य होता है और उससे कोई पेंशन संबंधी अधिकार पैदा

### ■ पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने वाली को नहीं मिल सकती फैमिली पेंशन

नहीं होता। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने मोहाली निवासी प्रिया की अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के तहत दूसरी शादी तभी मान्य होती है जब वह कानूनन वैध हो। पहली पत्नी के जीवित रहते किया गया दूसरा विवाह शून्य माना जाता है। मेजर हरि सिंह की मृत्यु के बाद उनकी पहली पत्नी मोहिंदर कौर और प्रिया के बीच सेवानिवृत्ति लाभों पर विवाद शुरू हुआ। दीवानी अदालत ने मोहिंदर कौर को वैध पत्नी माना था। हालांकि, अपीलीय अदालत ने प्रिया को कानूनी पत्नी मान लिया था। इस फैसले को हाईकोर्ट ने पलटते हुए मोहिंदर कौर को ही वैध पत्नी घोषित किया। प्रिया ने सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की जो वर्ष 2006 में खारिज हो गई थी इसके बावजूद, प्रिया ने केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों के नियम 54(7) के तहत फैमिली पेंशन में हिस्सेदारी मांगी। उन्होंने खुद को सह-विधवा मानकर पेंशन का हिस्सा देने का तर्क दिया। हाईकोर्ट ने इस दलील को विस्तार से परखा। अदालत ने कहा कि नियम 54(7) का लाभ केवल उन्हीं महिलाओं को मिल सकता है जिनका विवाह कानूनन वैध हो। विधवा शब्द का सामान्य और कानूनी अर्थ मृत व्यक्ति की वैध पत्नी से है।

## सस्ते एयर टिकट के नाम पर 10 करोड़ की जालसाजी

### अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़; 13 गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस ने शनिवार को सस्ते एयर टिकट बुकिंग के नाम पर जालसाजी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा किया। 13 जालसाजों को गिरफ्तार भी किया है। आरोपी सेक्टर-63 में ही कॉल सेंटर चला रहे थे। गूगल-फेसबुक पर विज्ञापन देकर अमेरिका व यूरोप के नागरिकों को फर्जी टिकट भेजकर अपने मोबाइल और ई-मेल बंद कर देते थे। कई को टिकट भी नहीं भेजते थे। ये अब तक 10 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुके हैं। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों, अंतरराष्ट्रीय पेमेंट गेटवे और विदेशी संपर्कों की जांच कर रही है। इनके तार दूसरे देशों से जुड़े हो सकते हैं। नोएडा सेंट्रल के डीसीपी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सूचना के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी विज्ञापन चलाकर विदेशी नागरिकों को अपनी वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते थे। जब कोई एयरलाइन टिकट बुक करने या यात्रा संबंधी सहायता के लिए संपर्क करता था तो जालसाज खुद को प्रतिष्ठित एयरलाइंस या ट्रैवल एजेंसियों का प्रतिनिधि बताकर कम कीमत पर टिकट उपलब्ध कराने का आश्वासन देते थे। इसके बाद डॉलर में भुगतान और उनकी निजी जानकारी हासिल कर लेते थे। ये अधिकतर टिकट कई माह बाद की यात्रा के लिए बुक करते थे ताकि ठगी का पता देर से लगे। इस बीच आरोपी अपने मोबाइल नंबर, ई-मेल और तकनीकी सिस्टम बदल लेते थे। पुलिस जांच में बरामद डिजिटल उपकरणों से करीब 10 करोड़ रुपये (10.50 लाख अमेरिकी डॉलर) के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं।

## एक नजर

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर भिड़ी डंपर और डीसीएम

#### कई मजदूरों को गंभीर चोटें

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां मजदूरों से भरी एक डीसीएम गाड़ी और एक डंपर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी में सवार कई मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की जानकारी देते हुए जालौन के सीओ शैलेंद्र बाजपेयी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8ः00 बजे कुछ मजदूर डीसीएम गाड़ी में सवार होकर अलीगढ़ से महुआ की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन के पास, इटावा की ओर जा रहे एक डंपर के साथ उनकी गाड़ी की सीधी भिड़ंत हो गई। इस एक्सीडेंट के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सीओ ने बताया कि हादसे में तीन मजदूरों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उन्हें तुरंत इलाज के लिए उरई के सरकारी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और एक्सप्रेसवे पर यातायात को सामान्य करा दिया गया है।

### 'हमारी बात नहीं मानी तो मारेंगे गोली'

#### लॉरेंस गैंग को दी धमकी, ऑडियो वायरल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में मेडिकल शॉप फायरिंग मामले में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है। ऑडियो में शख्स खुद का नाम गोल्डी ढिल्लों बता रहा है। ऑडियो में कहा गया जो भी लॉरेंस बिश्नोई को पैसे देगा या मदद करेगा हम उसका इलाज करेंगे। वारदात की जिम्मेदारी लेते हुए कहा मैं गोल्डी ढिल्लों और मेरा भाई राणा ढिल्लों सेक्टर 11 में हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हैं। हमने जिन्हें भी कॉल की है अगर हमारी बात नहीं सुनी गई तो हम उनके दिमाग में गोली मारेंगे। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता कुमार मेडिकल में चाहे कोई काम भी करता हो अगर हमारी बात नहीं मानी गई तो हम किसी को नहीं छोड़ेंगे। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, वारदात के बाद आरोपी अपनी बाइक सेक्टर-3 में छोड़ने के बाद चंडीगढ़ के कजेहरड़ी में दिखे हैं। वहीं, घटना से पहले संदिग्धों की मेडिकल शॉप के बाहर रेकी करते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। बता दें कि चंडीगढ़ में शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे सेक्टर-11 डी के एससीओ-14 के श्री कुमार मेडिकल हॉल-1 में घुसकर दो नकाबपोश शूटरों ने कैशियर जानकी दास की ऑटोमैटिक हथियार से ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी। वारदात इतनी तेजी से अंजाम दी गई कि महज एक से डेढ़ सेकंड के भीतर करीब 13 गोलियां दाग दी गईं। हैरानी की बात यह है कि जिस समय गोलीकांड हुआ, घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर पुलिस की नाकाबंदी चल रही थी।

## निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी

### ■ कहा- मोदी विरोध में देश की उपलब्धियों को कमतर आंक रहे



प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार का विरोध करने के चक्कर में भारत और यहां के लोगों की उपलब्धियों को नीचा दिखा रहे हैं।

सीतारमण बंगलूरू में विकसित भारत संकल्प समावेश कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। यह कार्यक्रम पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता जब भी बोलते हैं, तो वे हर चीज की आलोचना करते हैं। उन्हें लगता है कि वे सरकार को निशाना बना रहे हैं, लेकिन असल में वे देश की उपलब्धियों को कम करके आंकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी कोरोना महामारी और पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे बड़े संकटों के दौरान भी भारत की सफलताओं को अनदेखा कर देते हैं। उन्होंने साफ किया कि देश में कोई संकट नहीं आने वाला है, जैसा कि राहुल गांधी दावा कर रहे हैं। राहुल गांधी अक्सर कहते हैं कि अगले कुछ हफ्तों में सब कुछ बिखर जाएगा या कोई बड़ी आपदा आएगी, लेकिन भारत के सामने ऐसी कोई स्थिति नहीं है। सीतारमण ने जोर देकर कहा कि भारत साल दर साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार का दावा नहीं है, बल्कि जीडीपी के आंकड़े और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी यही कह रहे हैं। उन्होंने पश्चिम एशिया के संकट का उदाहरण देते हुए कहा कि इस कठिन समय में भी प्रधानमंत्री ने देश में ईंधन (तेल) की सप्लाई रुकने नहीं दी। वित्त मंत्री ने समझाया कि पश्चिम एशिया से ईंधन लाना बहुत चुनौतीपूर्ण काम था, लेकिन सरकार ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके अनुसार, राहुल गांधी का यह कहना गलत है कि देश में सब कुछ खत्म होने वाला है, क्योंकि भारत लगातार तरक्की कर रहा है।

## 'बिना अनुमति लंबी गैरहाजिरी गंभीर कदाचार'

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेवा से हटाने का फैसला बरकरार रखा

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक के किसी अधिकारी का बिना अनुमति लंबे समय तक काम से अनुपस्थित रहना जनहित के लिए हानिकारक है और इसे गंभीर कदाचार माना जाएगा। अदालत ने ऐसे ही एक मामले में आरबीआई कर्मचारी को सेवा से हटाने के फैसले को बरकरार रखते हुए उसे राहत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति आर.आई. चागला और अद्वैत सेठना की खंडपीठ ने 10 जून को पारित आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता अनिमेष बाकुली आरबीआई में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थे, जो एक जिम्मेदार पद है। ऐसे पद पर रहते हुए उनकी लंबी अवधि की अनधिकृत अनुपस्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा, इस प्रकार की अनधिकृत अनुपस्थिति जनहित के प्रतिकूल है और गंभीर कदाचार की श्रेणी में आती है, जिसके लिए सेवा से बर्खास्तगी सही है।

## पाकिस्तान पर संघ का रुख केंद्र सरकार के साथ

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को लेकर एक बड़ा और बेहद महत्वपूर्ण बयान दिया है। केरल के तिरुवनंतपुरम में संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान उन्होंने साफ किया कि पाकिस्तान की सरकार को लेकर संघ का रुख बिल्कुल वही रहेगा, जो भारत सरकार की आधिकारिक नीति है।

### ■ मोहन भागवत बोले- जनता से संवाद जरूरी

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वहां के आम नागरिकों के साथ बातचीत के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए। मोहन भागवत ने हाल ही में संघ के सीनियर पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान का खुलकर समर्थन किया, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत की खिड़की खुली रखने की वकालत की थी। भागवत ने स्पष्ट किया कि होसबाले का इशारा पाकिस्तान की सत्ता या सरकार की तरफ नहीं था, बल्कि वे वहां की आम जनता के साथ संवाद की बात कर रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने एक दिलचस्प बात साझा करते हुए कहा कि पाकिस्तान में आज भी ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जो दिल से मानते हैं कि भारत का बटवारा एक बहुत बड़ी गलती थी। वहां के कई पत्रकार और आम नागरिक संघ के काम की तारीफ भी करते हैं। पाकिस्तान के अंदर अब एक ऐसा बड़ा वर्ग तैयार हो रहा है, जो टू-नेशन थ्योरी के खिलाफ है और जिसका मानना है कि दोनों देशों का एक साथ मिलकर रहना कहीं ज्यादा बेहतर था। भारत के पारंपरिक और मानवीय मूल्यों का हवाला देते हुए मोहन भागवत ने कहा, हम हिटलर की तरह क्रूर नहीं हैं, यह हमारा स्वभाव और हमारी संस्कृति नहीं है। अगर भविष्य में हम अन्याय और अत्याचार को पूरी तरह हरा भी देते हैं, तब भी हमें वहां के अच्छे लोगों को संभालना होगा। या तो उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना होगा या फिर उन्हें शांति से जीने का मौका देना होगा।

## भ्रामक दावे करने पर इमामी सहित आठ कंपनियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रविवार को देश की 8 बड़ी फूड कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन

### ■ एफएसएसएआई बोला- जीरो मैदा ब्रेड और ट्रू विटामिन जैसे नाम नियमों का उल्लंघन

कंपनियों पर अपने प्रोडक्ट्स के ब्रांड नाम, ट्रेड नाम और विज्ञापनों में उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले दावे करने का आरोप है। रेगुलेटर ने साफ किया है कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के तहत ऐसे भ्रामक नाम रखना सख्त प्रतिबंधित है। बाजार में कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स को बेचने के लिए ऐसे ब्रांड नाम या ट्रेड नेम का इस्तेमाल कर रही हैं, जो ग्राहकों को गलत जानकारी देते हैं। रेगुलेटर ने पाया कि ये 8 फूड बिजनेस ऑपरेटर्स (एफबीओ) फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे थे। वे ऐसे दावे कर रहे थे जो उनके प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता से मेल नहीं खाते। एफएसएसएआई ने जिन कंपनियों को आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए नोटिस जारी होने की जानकारी दी है, उनके नाम इस प्रकार हैं : इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, ट्रूवी, द हेल्दी फैक्ट्री, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स।

### भारतीय शेयर बाजार में बंपर उछाल

# शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का मार्केट कैप 1.90 लाख करोड़ बढ़ा




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह बेहद शानदार साबित हुआ, जिसका सीधा फायदा देश की सबसे बड़ी और मूल्यवान कंपनियों को मिला है। बाजार में आई इस जोरदार तेजी के चलते देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 1.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस पूरे हफ्ते बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियों का दबदबा देखने को मिला, जिसमें निजी क्षेत्र का आईसीआईसीआई बैंक निवेशकों के लिए सबसे बड़ा कमाऊ पूत बनकर उभरा। बाजार के जानकारों के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद और घरेलू मोर्चे पर सकारात्मक संकेतों ने बाजार में जोश भरने का काम किया है।

पिछले सप्ताह के कारोबारी आंकड़ों पर नजर डालें तो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्च्स्श्व) का सूचकांक सेंसेक्स 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 256.2 अंक यानी लगभग एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज करने में कामयाब रहा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक माहौल में सुधार और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (ऋक्चढ्ढ) द्वारा उठाए गए कदमों से निवेशकों का विश्वास काफी मजबूत हुआ है। इसके अलावा, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की खबरों से भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल के बाजार में स्थिरता आने की उम्मीदों ने भी भारतीय शेयर बाजार को पंख लगाने का काम किया। अगर मुनाफे की बात करें तो आईसीआईसीआई बैंक को इस तेजी का सबसे बड़ा लाभ मिला। बैंक का बाजार पूंजीकरण 56,223 करोड़ रुपये बढ़कर 9.61 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। देश के सबसे बड़े निजी बैंक, एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत में भी 38,571 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 11.89 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। वहीं, सरकारी क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (स्क्चढ्ढ) ने भी 36,137 करोड़ रुपये का तगड़ा मुनाफा काटा। इन दिग्गजों के अलावा बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो (रु्ञ्ज), हिंदुस्तान यूनिलीवर (॥ ) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (ऋढ्ढरु) के बाजार मूल्य में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज 17.49 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के पायदान पर मजबूती से टिकी हुई है।

हालांकि, बाजार की इस चौतरफा हरियाली के बीच दो बड़ी कंपनियों को नुकसान का सामना भी करना पड़ा। देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (ञ्जष्टस्) का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 13,296 करोड़ रुपये घटकर 7.82 लाख करोड़ रुपये रह गया। वहीं, सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (रुढ्ढष्ट) के बाजार मूल्य में भी 822 करोड़ रुपये की मामूली गिरावट दर्ज की गई। इस उतार-चढ़ाव के बाद देश की टॉप-10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है, जिसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान आता है। बाजार विश्लेषकों का अनुमान है कि यदि वैश्विक और घरेलू मोर्चे पर ऐसा ही सकारात्मक माहौल बना रहता है, तो आने वाले दिनों में भी इन ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में मजबूती का दौर जारी रह सकता है।

## एआई और डिजिटल तकनीक से क्लेम प्रक्रिया हुई आसान और तेज



**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने वित्त वर्ष 2025-26 में पर्सनल डेथ क्लेम के लिए 99.7 फीसदी का क्लेम सेटलमेंट अनुपात दर्ज किया है। कंपनी का कहना है कि यह उपलब्धि ग्राहकों से किए गए वादों को निभाने और जरूरत के समय उनके परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एचडीएफसी लाइफ के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर समीर योगीश्वर ने कहा कि हर सही दावे का समय पर और बिना किसी परेशानी के निपटान करना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्राहक जब पॉलिसी खरीदते हैं तो वे कंपनी पर भरोसा जताते हैं और एचडीएफसी लाइफ उस भरोसे पर खरा उतरने के लिए लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बना रही है। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सत्यापन प्रणाली का उपयोग कर क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया को अधिक आसान, पारदर्शी और प्रभावी बना रही है। अब ग्राहक डिजिटल माध्यम से दावा दर्ज करने, उसकी स्थिति की निगरानी करने, दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने और पूरी प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर अपडेट प्राप्त करने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। डिजिटल दावों की प्रक्रिया से शाखाओं में जाने और कागजी कार्यवाही पर निर्भरता कम हुई है, जिससे ग्राहकों को तेज और सुविधाजनक सेवा उपलब्ध हो रही है। एचडीएफसी लाइफ का मानना है कि जीवन बीमा उद्योग में क्लेम सेटलमेंट अनुपात ही ग्राहकों के विश्वास और कंपनी की विश्वसनीयता का सबसे बड़ा पैमाना है।

## एनआरआई ग्राहकों के लिए नई एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट योजना शुरू



**मुंबई।** आईडीबीआई बैंक ने नॉन-रेजिडेंट भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट योजना शुरू करने की घोषणा की है। बैंक के अनुसार यह योजना 11 जून 2026 से 30 सितंबर 2026 तक सीमित अवधि के लिए उपलब्ध रहेगी। बैंक द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक, इस योजना के तहत एनआरआई ग्राहक अमेरिकी डॉलर में सावधि जमा कर सकेंगे। जमा राशि और उस पर अर्जित ब्याज को पूरी तरह से विदेश भेजने (रिपैट्रिएशन) की सुविधा होगी। साथ ही, जमा केवल अमेरिकी डॉलर में होने के कारण विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव सीधे तौर पर जमा राशि पर नहीं पड़ेगा। बैंक ने बताया कि योजना के तहत अर्जित ब्याज पर भारत में आयकर छूट का प्रावधान मौजूदा नियमों के अनुसार लागू होगा। इस जमा की न्यूनतम लॉक-इन अवधि एक वर्ष निर्धारित की गई है। बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि विदेशी मुद्रा में जमा योजनाएं एनआरआई ग्राहकों के लिए अपनी बचत को भारतीय बैंकिंग प्रणाली में रखने का एक विकल्प उपलब्ध कराती हैं। आईडीबीआई बैंक की यह नई योजना भी इसी श्रेणी में शामिल है।

## 100प्रतिशत शुद्ध इथेनॉल को केंद्र सरकार की हरी झंडी, प्रदूषण थामने और ईंधन आयात बिल घटाने की दिशा में बड़ा कदम




**नई दिल्ली।** देश के ट्रांसपोर्ट और ऑटोमोबाइल सेक्टर में एक बेहद क्रांतिकारी और ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने भारत में 100त्न शुद्ध इथेनॉल (श्व100) को बतौर ईंधन (फ्यूल) इस्तेमाल करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार, 13 जून को नागपुर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस बड़े फैसले की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक कदम से जुड़े सभी आवश्यक नियमों और रेगुलेशंस को अंतिम रूप देने वाली फाइल पर उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए हैं। सरकार के इस कदम का मुख्य उद्देश्य भारत की कच्चे तेल (फॉसिल फ्यूल) के आयात पर निर्भरता को कम करना और देश में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाना है। इस फैसले के साथ ही देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी हलचल तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियों ने सरकार के इस बड़े बदलाव को सहर्ष स्वीकार कर लिया है और कई दिग्गज कंपनियां 100त्न इथेनॉल से चलने वाले वाहन बाजार में उतारने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गडकरी के मुताबिक, टोयोटा, सुजुकी, एमजी (रूत्र) और हुंडई सहित कई बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियां अगले 6 हफ्तों के भीतर अपने ऐसे नए मॉडल्स भारतीय बाजार में लॉन्च करने जा रही हैं जो पूरी तरह यानी 100 फीसदी इथेनॉल पर चलेंगे। यह आम जनता के लिए पेट्रोल के मुकाबले काफी किफायती और टिकाऊ विकल्प साबित होगा, जिससे महंगे पेट्रोल से राहत मिलेगी और भारत का भारी-भरकम ईंधन आयात बिल भी काफी हद तक घट जाएगा। दरअसल, इथेनॉल एक तरह का अल्कोहल है, जो स्टार्च और शुगर के फर्मेंटेशन से बनाया जाता है। इसका उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने के रस से होता है, लेकिन मक्का, सड़े आलू, कसावा और सड़ी सब्जियों से %फर्स्ट जनरेशन% और चावल-गेहूं की भूसी, बांस व कचरे से %सेकेंड जनरेशन% का इथेनॉल तैयार किया जाता है, जबकि एलगी से %थर्ड जनरेशन% बायोफ्यूल बनाने पर काम चल रहा है। सरकार बायोफ्यूल पर लगातार फोकस कर रही है और इसी कड़ी में पिछले हफ्ते ही फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए श्व85 ईंधन (85त्न इथेनॉल और 15त्न पेट्रोल का मिश्रण) पेश किया गया था। दिल्ली में श्व85 फ्यूल की कीमत ?82.12 प्रति लीटर तय की गई है, जो वहां बिक रहे रेगुलर श्व20 पेट्रोल से पूरे 20 सस्ती है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि 100त्न इथेनॉल या श्व85 फ्यूल का इस्तेमाल सामान्य पेट्रोल गाड़ियों में नहीं किया जा सकता है। इसके लिए गाड़ियों का इंजन खास तौर पर %फ्लेक्स-फ्यूल% तकनीक पर आधारित होना चाहिए।

## क्या प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान कार्ड पर इलाज से मना कर सकता है?

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने के लिए सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत कार्डधारकों को हर साल ?5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलता है। मगर कई बार कुछ सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पताल नेटवर्क की खराबी, बेड खाली न होने या किसी अन्य बहाने से आयुष्मान कार्ड पर इलाज करने से साफ मना कर देते हैं। एक आम इंसान के लिए आपातकालीन स्थिति में ऐसा होना बेहद परेशान करने वाला होता है।

**आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल के नियम-** अगर कोई प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत रजिस्टर्ड है, तो वह किसी भी वैध कार्डधारक का इलाज करने से मना नहीं कर सकता। सरकार इन अस्पतालों को इलाज के बदले तय पैकेज के अनुसार भुगतान करती है, इसलिए वे मरीज से नकद पैसों की मांग नहीं कर सकते। गंभीर स्थिति या आपातकाल में अस्पताल प्रशासन यह नहीं कह सकता कि पहले कागजी कार्रवाई पूरी होगी, तभी मरीज को भर्ती किया जाएगा।

**इन बहानों के खिलाफ रहें सतर्क**

कई बार अस्पताल आयुष्मान के मरीजों को टालने के लिए बेड फुल होने का झूठा दावा करते हैं, जिसकी आप वहां मौजूद आयुष्मान मित्र से जांच करा सकते हैं। पोर्टल डाउन होने का बहाना बनाकर मरीज को वापस भेजना पूरी तरह गलत है, अस्पताल को ऑफलाइन क्रेडेंशियल्स नोट करने होते हैं। योजना के तहत भर्ती होने के बाद दवा, डॉक्टर की फीस और सभी जांचें पूरी तरह मुफ्त होती हैं, इनके लिए अलग से पैसे मांगना अवैध है।

**अस्पताल मना करे तो कहां और कैसे करें शिकायत?**

हर सूचीबद्ध अस्पताल में सरकार की तरफ से एक आयुष्मान मित्र तैनात होता है, इलाज में दिक्कत आने पर सबसे पहले उनसे मदद मांगें। अस्पताल द्वारा मना किए जाने पर आप तुरंत सरकार के राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14555 या 104 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आप आयुष्मान भारत योजना की आधिकारिक वेबसाइट (grievance.pmjay.gov.in) पर जाकर दोषी अस्पताल के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।

## ब्रेन-चिप रेस में चीन ने इलॉन मस्क को पछाड़ा : दुनिया की पहली कॉमर्शियल ब्रेन चिप NEO को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (ड्ढष्टढ्ढ) टेक्नोलॉजी को कॉमर्शियल यानी व्यावसायिक स्तर पर बाजार में उतारने की वैश्विक होड़ में चीन ने टेक दिग्गज इलॉन मस्क की अमेरिकी कंपनी न्यूरालिंक को पछाड़कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। चीन ने सफल क्लिनिकल ट्रायल पूरा करने के बाद दुनिया की पहली कॉमर्शियल इस्तेमाल वाली ब्रेन चिप %हृश्वह्र% को नियामक मंजूरी दे दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिक्के के आकार का यह अनूठा इम्प्लांट कॉमर्शियल उपयोग के लिए क्लिनिकल टेस्टिंग पास करने वाला दुनिया का पहला सर्जिकली इम्प्लांटेड ड्ढष्टढ्ढ डिवाइस बन गया है। इस ऐतिहासिक रेगुलेटरी मंजूरी के बाद अब इस बात की पूरी उम्मीद जताई जा रही है कि इस डिवाइस को चीन के सरकारी हेल्थकेयर सिस्टम के तहत बड़े पैमाने पर तैयार किया जाएगा ताकि आम मरीजों तक इसकी पहुंच आसान हो सके। इस बेहद आधुनिक और संवेदनशील डिवाइस को बीजिंग की प्रतिष्ठित सिंहुआ यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स और शंघाई स्थित न्यूराकल टेक्नोलॉजी ने संयुक्त रूप से मिलकर विकसित किया है।

पहले फेज में इस %हृश्वह्र% चिप का मुख्य वर्जन उन मरीजों की मदद के लिए तैयार किया गया है जो रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट (स्पाइनल कॉर्ड इंजरी) और पैरालिसिस (लकवा) के कारण लाचार हैं। यह डिवाइस ऐसे मरीजों को उनके नर्वस सिस्टम (तंत्रिका तंत्र) के कुछ हिस्सों पर फिर से नियंत्रण हासिल करने में मदद करेगा, जिससे वे बिना हाथ-पैर हिलाए केवल सोचकर ही अपनी बाहरी गतिविधियों को संचालित कर सकेंगे। हालांकि, दुनिया भर के टेक एक्सपर्ट्स, वैज्ञानिक और निवेशक इस टेक्नोलॉजी को सिर्फ मेडिकल रिलीफ नहीं, बल्कि इंसानों और मशीनों के बीच बातचीत के एक बहुत बड़े क्रांतिकारी युग की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि इस रेस में चीन के तेजी से आगे निकलने की सबसे बड़ी वजह हृश्वह्र इम्प्लांट का खास और कम जोखिम वाला डिजाइन है। जहां इलॉन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक के %ह्1% डिवाइस को इम्प्लांट करने के लिए दिमाग के सेरेब्रल कॉर्टेक्स के अंदर तक इलेक्ट्रोड्स डालने पड़ते हैं, जिसमें सर्जरी का जोखिम काफी अधिक होता है, वहीं चीन का हृश्वह्र डिवाइस खोपड़ी (स्कल) और दिमाग के बीच की खाली जगह में फिट हो जाता है। इसमें आठ सेंसर्स को दिमाग की सुरक्षात्मक बाहरी झिल्ली, जिसे ड्यूरा मैटर कहते हैं, के ठीक ऊपर रखा जाता है। इस वजह से सर्जरी में चीर-फाड़ बहुत कम होती है और मेडिकल रिस्क न्यूनतम हो जाते हैं। यह इम्प्लांट दिमाग के भीतर पैदा होने वाले इलेक्ट्रिकल सिग्नल्स को पकड़कर पास रखे कंप्यूटर में भेजता है, जहां सॉफ्टवेयर इन्हें डिजिटल कमांड या एक्शन में बदल देता है।

चीन में अब तक 36 मरीजों पर इस डिवाइस का सफल परीक्षण किया जा चुका है, जिसके बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कम चीर-फाड़ वाली टेक्नोलॉजी न केवल पैरालिसिस, बल्कि पार्किंसंस, मिर्गी (एपिलेप्सी), स्ट्रोक और डिप्रेशन जैसी दिमागी व नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लाखों लोगों के जीवन में बड़ा सुधार ला सकती है। चीन की इस बड़ी कामयाबी के बीच, इलॉन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक को अमेरिका में अभी भी कॉमर्शियल उपयोग के लिए रेगुलेटरी अप्रूवल का इंतजार है।

## विदेशी बाजारों में दाम मजबूत होने से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। सामान्य कारोबार के बीच सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्व-स्तर पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि खपत बढ़ने पर पिछले साल की तरह खाद्यतेलों का आयात भी बढ़ना चाहिए था। नवंबर-दिसंबर, 2022 के दौरान 31,11,669 टन (खाद्य एवं अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जो नवंबर-दिसंबर, 2023 में 21 प्रतिशत घटकर 24,72,276 टन रह गया। पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने की भी आशंका है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40-45 दिन लगते हैं। ऐसी परिस्थिति में विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मंदा होने के बावजूद देश के बाजारों पर कोई असर नहीं पड़ा। यह दर्शाता है कि आयात कम होने की वजह से देश में खाद्यतेलों का स्टॉक कम है। सूरजमुखी, सोयाबीन जैसे खाद्यतेलों की आपूर्ति कम है। आगे जाड़े के साथ शादी-विवाह के मौसम की मांग भी बढ़ने वाली है। ऐसे में खाद्यतेलों की आपूर्ति की दिक्कत बढ़ सकती है। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। यह स्थिति देशी तेल तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की भी जरुरत को रेखांकित करता है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम का पाउच (थैली) 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है। इसके हिसाब से पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है। जबकि पामोलीन का आयात भाव 85 रुपये प्रति किलो ही है। पामोलीन तेल गरीब लोग ज्यादा उपयोग करते हैं और वे इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि तेल संगठनों को इस पहलू पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ सरकार को भी सिर्फ थोक दाम कम होने पर ध्यान देने के बजाय खुदरा बिक्री मूल्य की भी सुध लेनी होगी। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन - 5,415-5,465 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 -1,805 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,710 -1,810 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल।

## भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली : जून के पहले 15 दिनों में निकाले 62,853 करोड़, साल 2026 में अब तक 2.87 लाख करोड़ का आउटफ्लो



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की आक्रामक बिकवाली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके चलते बाजार पर लगातार दबाव बना हुआ है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के ताजा और चौंकाने वाले आंकड़ों के मुताबिक, जून के शुरुआती 15 दिनों के भीतर ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजार से ?62,853 करोड़ से अधिक की भारी-भरकम राशि निकाल ली है। इस ताजा निकासी को मिलाकर साल 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से कुल विदेशी फंड का आउटफ्लो ?2.87 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए भी बेहद चिंताजनक है क्योंकि यह बीते वर्ष 2025 के पूरे कैलेंडर साल के दौरान हुई कुल निकासी (?1.66 लाख करोड़) से कहीं ज्यादा है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की इस लगातार बिकवाली के पीछे बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक विकास को लेकर चिंताएं और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए की लगातार कमजोरी मुख्य वजह बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रिंसिपल मैनेजर रिसर्च, हिमांशु श्रीवास्तव ने इस लगातार जारी आउटफ्लो के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर निवेशक इस समय प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों के भविष्य और वैश्विक आर्थिक मंदी को लेकर अत्यधिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे माहौल में निवेशक जोखिम से बचने के लिए पोर्टफोलियो को रीबैलेंस कर रहे हैं और उभरते बाजारों से पैसा निकालकर विकसित देशों व सुरक्षित संपत्तियों की तरफ रुख कर रहे हैं। इसके अलावा, कई अन्य उभरते देशों की तुलना में भारत का वैल्यूएशन इस समय थोड़ा महंगा है, जिसके कारण विदेशी निवेशकों ने यहां निवेश को लेकर बेहद चुनिंदा रवैया अपनाया है। वहीं, बाजार के जानकारों का कहना है कि रुपए में आ रही रिकॉर्ड गिरावट भी निवेशकों के बाहर जाने की एक बड़ी वजह है। रिजर्व बैंक (ऋक्चढ्ढ) के तमाम प्रयासों के बावजूद साल 2026 में रुपया अब तक करीब 6त्न और पिछले एक साल में करीब 10त्न कमजोर हो चुका है, जिससे यह पहले के मिड-80 के स्तर से गिरकर अब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 95 के स्तर पर आ गया है। हालांकि, इस चौतरफा निराशा के बीच पिछले हफ्ते के आखिरी दिनों में स्नक्कढ्ढ की निकासी की रफ्तार में काफी कमी आई है, जिससे संकेत मिलता है कि विदेशी बिकवाली की तीव्रता धीरे-धीरे कम हो रही है। बीते शुक्रवार को कैश मार्केट में विदेशी निवेशकों ने केवल ?1,082 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की, जो पहले के मुकाबले काफी कम है। दूसरी ओर, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजिस्ट वी के विजयकुमार ने एक बड़ी राहत की बात साझा करते हुए बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की उम्मीदों के कारण ब्रेंट क्रूड (कच्चा तेल) की कीमतें गिरकर अब 87 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गई हैं। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए यह एक बड़ी पॉजिटिव खबर है, क्योंकि भारत वित्त वर्ष 2027 (स्नङ्27) में लगभग 60 बिलियन डॉलर के बैलेंस ऑफ पेमेंट्स (भुगतान संतुलन) के घाटे का सामना कर रहा है। देश के करेंट अकाउंट डेफिसिट (ष्ठ) को थामने और विदेशी पूंजी को दोबारा आकर्षित करने के लिए सरकार और आरबीआई ने चार बड़े नीतिगत कदम उठाए हैं। इसके तहत रिजर्व बैंक ने कमर्शियल बैंकों द्वारा जुटाए गए स्नष्टहृक्र डिपॉजिट पर लगने वाले हेजिंग कॉस्ट को खुद वहन करने का फैसला किया है, साथ ही फॉरेक्स स्वैप विंडो के दायरे को भी बढ़ा दिया है। इसके अलावा, %फुली एक्सेसिबल रूट% (स्नक्र) के जरिए विदेशी निवेशकों के लिए बिना किसी ऊपरी सीमा के चुनिंदा सरकारी बॉन्ड्स में निवेश की राह को आसान किया गया है और इक्विटी मार्केट में अनिवासी भारतीयों (हृक्रढ्ढह्य) व ओवरसीज सिटिजंस ऑफ इंडिया (ह्रष्टढ्ढह्य) के लिए निवेश की लिमिट को बढ़ाया गया है।

## दिवाला पेशेवरों के लिए आचार संहिता सर्वोपरि; वित्तीय समझ के साथ नैतिक आधार होना बेहद जरूरी



**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी ने दिवाला पेशेवरों के लिए आचार संहिता को सर्वोपरि बताते हुए एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान साफ तौर पर कहा कि यदि पेशेवरों के पास मजबूत नैतिक आधार नहीं होगा, तो उनकी वित्तीय समझ और विशेषज्ञता पूरी तरह बेकार साबित होगी। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पूरी दिवाला व्यवस्था का असली आधार भरोसा ही है, और दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (ढ्ढक्चष्ट) के तहत तय की गई आचार संहिता से किसी भी परिस्थिति में कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। कॉरपोरेट मामलों की सचिव भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान (ढ्ढढ्ढष्ट) द्वारा संचालित स्नातकोत्तर दिवाला कार्यक्रम (क्खढ्ढक्क) के छठे बैच के दीक्षांत समारोह और दिवाला सुधारों के एक दशक पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने नव-निर्वाचित पेशेवरों को नसीहत देते हुए कहा कि आईबीसी कानून की मूल भावना और पारदर्शिता को बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को कभी भी किसी मामले में तथ्यों या आंकड़ों को गलत तरीके से पेश नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा लागू किया जाने वाला आईबीसी कानून संकट में फंसी कंपनियों और उनकी संपत्तियों के समयबद्ध निपटारे के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है, जिसमें दिवाला पेशेवर सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

# महिला टी20 विश्वकप में भारत का विजयी आगाज

## पाकिस्तान को 64 रन से हराया, दीप्ति ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए; स्मृति मंधाना ने 68 रन बनाए



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शेफाली वर्मा पहले ही ओवर में 6 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेमिमा रॉड्रिक्स भी जल्दी पवेलियन लौटीं। उप कप्तान स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत की पारी को संभाला। मंधाना ने 44 गेंदों में 68 रनों की पारी खेली तो कौर 35 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुईं। एक वक्त तक लग रहा था भारतीय टीम 150 के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। हालांकि, अंत में ऋचा घोष ने 17 गेंदों में 34 रनों की तूफानी पारी खेलकर टीम को 170 रनों के योग तक पहुंचाया और विपक्षी टीम को 171 रनों का लक्ष्य दिया। 171 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी रही, सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 38 रनों की साझेदारी की, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तानी बैटर्स को टिकने ही नहीं दिया। पाकिस्तान की ओर से विकेटकीपर बैटर मुनीबा अली ने 35 गेंदों में 41 रनों की पारी खेली, इसके अलावा कोई भी बैटर टिक नहीं सका। दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दमदार गेंदबाजी की। इसके अलावा श्री चरणी ने 3 और शेफाली वर्मा ने एक विकेट लिया। दीप्ति शर्मा ने एक शानदार रन आउट सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी मुनीबा अली को किया। दीप्ति शर्मा को उनकी 5 विकेटों और एक शानदार रन आउट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**भारतीय महिला (प्लेइंग इलेवन)**- स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी, क्रांति गौड़

**पाकिस्तान महिला (प्लेइंग इलेवन)**- गुल फ़िरोज़ा, मुनीबा अली (विकेटकीपर), आयशा जफर, सायरा जबीन, आलिया रियाज़, नतालिया परवेज़, फातिमा सना (कप्तान), रमीन शमीम, नाशरा संधू, तस्मिया रुबाब, सादिया इकबाल।

# नीरज चोपड़ा के चयन पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा के बाद से ही स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के चयन को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। अब इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने स्थिति

- **अंतिम टीम में जगह बनाने के लिए स्टार एथलीट को करना होगा क्वालिफाई : एएफआई**

पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। फेडरेशन ने साफ तौर पर कहा है कि नीरज चोपड़ा का नाम भले ही घोषित की गई 32 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल कर लिया गया हो, लेकिन उनका अंतिम चयन अभी पूरी तरह तय नहीं है। बर्मिंघम का टिकट पक्का करने के लिए भारत के इस दिग्गज एथलीट को निर्धारित क्वालिफिकेशन मानक हासिल करना ही होगा। एएफआई के प्रवक्ता और वर्ल्ड एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल




सुमारिवाला ने रविवार को एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बड़ा बयान जारी किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुमारिवाला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि टीम में चयनित बाकी सभी एथलीटों ने पहले ही अनिवार्य क्वालिफिकेशन मानक पूरा कर लिया है, और केवल नीरज चोपड़ा ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें अभी यह लक्ष्य हासिल करना बाकी है। उन्होंने दोहराया कि नीरज को नियमों के तहत अपनी योग्यता साबित करनी होगी, जिसके बाद ही वह अंतिम दल का हिस्सा बन पाएंगे। इसके साथ ही सुमारिवाला ने ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु के चयन को लेकर उठ रहे सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने बताया कि सेल्वा प्रभु तकनीकी रूप से पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं, लेकिन उनकी मौजूदा फिटनेस और हालिया फॉर्म को देखते हुए चयनकर्ता उनके प्रदर्शन पर नजर बनाए हुए हैं। उन्हें आगामी इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में क्वालिफिकेशन स्तर के बेहद करीब का प्रदर्शन करके दिखाना होगा। अधिकारी ने यह भी साझा किया कि खुद सेल्वा प्रभु ने इंटर-स्टेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की इच्छा जताई है ताकि वह मैदान पर अपनी मौजूदा स्थिति और फिटनेस साबित कर सकें।

## भारत-पाक महिला टी-20 विश्व कप मैच से पहले हरमनप्रीत कौर ने नहीं मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** बर्मिंघम में खेले जा रहे महिला टी-20 विश्व कप मुकाबले में भारत और पाकिस्तान मैच से पहले टॉस के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विभिन्न क्रिकेट टूर्नामेंटों में भारतीय कप्तानों द्वारा अपनाई जा रही इस परंपरा का यह एक और उदाहरण माना जा रहा है। इससे पहले एशिया कप 2025 में भारतीय पुरुष टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ तीनों मुकाबलों में हाथ नहीं मिलाया था। महिला वनडे विश्व कप 2025 में भी हरमनप्रीत कौर ने ऐसा ही किया था, जबकि अंडर-19 विश्व कप 2026 में कप्तान आयुष म्हात्रे ने भी पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया था। टी-20 विश्व कप 2026 में यह पांचवीं बार है जब किसी भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान के कप्तान से टॉस के दौरान हाथ नहीं मिलाया।

## 15 साल की उम्र में टीम इंडिया में एंट्री

### रोज 100 ओवर खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले दो सीजन में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को हैरान करने वाले 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब टीम इंडिया की जर्सी में तहलका मचाने को तैयार हैं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम में इस किशोर खिलाड़ी को जगह मिली है। आईपीएल के बीते सत्र में महज 15 साल की उम्र में 237 के अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे वैभव की यह सफलता रातों-रात नहीं मिली है। उनके बचपन के कोच मनीष ओझा के अनुसार, इसके पीछे छह साल की हाड़-तोड़ मेहनत और रोजाना 8 घंटे का कड़ा अभ्यास है। कोच मनीष ओझा ने साक्षात्कार में वैभव के ट्रेनिंग शेड्यूल का चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वैभव जब 10 साल के हुए, तब से वह रोजाना न्यूनतम 600 से अधिक गेंदें (करीब 100 ओवर) खेलते थे। लगभग 200-300 गेंदों तक मैं खुद वैभव को थ्रोडाउन देता था।

# कूपर के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने बचाई लाज, बांग्लादेश ने 2-1 से जीती सीरीज



**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज कूपर कोनोली बेहतरीन शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को तीसरे और आखिरी वनडे में बंगलादेश को एक विकेट से हराकर अपना सम्मान बचा लिया। बंगलादेश ने यह मैच हारने के बावजूद तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती। बंगलादेश ने ढाका के मैदान पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 274 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 49.3 ओवर में नौ विकेट पर 277 रन जुटाकर रोमांचक जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच कूपर कोनोली ने एकतरफा मुकाबला करते हुए 134 गेंदों पर 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से शानदार 149 रन बनाए। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। ऑस्ट्रेलिया ने जीत के साथ वनडे सीरीज खत्म की और बंगलादेश को क्लीन स्वीप करने से रोककर अपनी इज्जत बचा ली। मेजबान टीम ने बारिश से प्रभावित शुरुआती दो मैच जीते थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स ने तेज शुरुआत की, लेकिन साझेदारी टूटने के बाद पारी की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई। जोश इंग्लिस (21) और मैथ्यू रेनशॉ (0) जल्दी-जल्दी आउट हो गए जबकि एलेक्स कैरी (8) कोई खास योगदान नहीं दे पाए। कूपर कोनोली और मार्नस लाबुशेन (29) के बीच 64 रनों की अहम साझेदारी से टीम को संभलने में मदद मिली, जिससे लक्ष्य का पीछा करने की गति स्थिर हुई। इसके बाद कैमरून ग्रीन (27) ने भी अच्छा साथ दिया। दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे, लेकिन कोनोली बिना घबराए खेलते रहे। उन्होंने लगातार बाउंड्री लगाई और ऑस्ट्रेलिया को जीत की राह पर बनाए रखा। वह 49वें ओवर में आउट हुए। एडम जम्पा (नाबाद 4) ने शानदार कवर ड्राइव लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। शोरिफुल इस्लाम की शानदार गेंदबाजी और लगातार कोशिशों के बावजूद, कोनोली का बेहतरीन शतक निर्णायक साबित हुआ और उनके प्रदर्शन पर भारी पड़ा। शोरिफुल इस्लाम ने 48 रन देकर छह विकेट लिए। इससे पहले तौहीद हृदोय (83), मोसद्दक हुसैन (नाबाद 56) और लिटन कुमार दास (नाबाद 58) की शानदार पारियों के दम पर बंगलादेश ने पांच विकेट पर 274 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का किया फैसला किया था। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 61 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। सौम्य सरकार (दो), तंजिद हसन (19) और कप्तान नजमुल शांतो (24) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद, तौहीद हृदोय और लिटन कुमार दास चौथे विकेट के लिए 92 रन जोड़कर बड़े स्कोर की नींव रखी। लिटन (48) रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। शतक की ओर बढ़ रहे मो. तौहीद हृदोय को 46वें ओवर में बेन ड्वारश्विस ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। मो. तौहीद हृदोय ने 88 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (83) रन बनाए। 49वें ओवर में मेहदी हसन (तीन) रन पांचवें विकेट के रूप में आउट हुये। इसके बाद लिटन कुमार दास फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और (नाबाद 58) रन बनाए। मोसद्दक हुसैन ने 51 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 56) रनों की पारी खेली। बंगलादेश की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 274 रनों का स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैट शॉ और जेवियर बार्टलेट को दो-दो विकेट मिले।

## हरमनप्रीत ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा 10 टी-20 विश्व कप खेलने वाली पहली भारतीय बनीं



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप 2026 के मुकाबले में मैदान पर उतरते ही वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा टी-20 विश्व कप खेलने वाली क्रिकेटर बन गईं। हरमनप्रीत अब 10 टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अपने करियर में नौ टी-20 विश्व कप खेले थे। हरमनप्रीत कौर का टी-20 विश्व कप सफर 2009 में शुरू हुआ था और तब से लेकर अब तक वह भारतीय टीम का अभिन्न हिस्सा रही हैं। उन्होंने 2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2018, 2020, 2023, 2024 और अब 2026 के टी-20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। खास बात यह है कि वह लगातार 17 वर्षों से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बनी हुई हैं और वर्तमान में टीम की कप्तानी भी कर रही हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड संयुक्त रूप से हरमनप्रीत और रोहित शर्मा के नाम था। रोहित ने 2007 से 2024 के बीच नौ टी-20 विश्व कप खेले थे। उन्होंने 2007, 2009, 2010, 2012, 2014, 2016, 2021, 2022 और 2024 के संस्करणों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। 2024 में भारत को टी-20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। हरमनप्रीत कौर का यह रिकॉर्ड भारतीय महिला क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव और उनकी लंबी तथा सफल अंतरराष्ट्रीय यात्रा का प्रतीक माना जा रहा है। 2009 में युवा खिलाड़ी के रूप में विश्व कप में पदार्पण करने वाली हरमनप्रीत आज भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शुमार हैं और अपनी कप्तानी में टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं। भारतीय क्रिकेट में यह पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों को मिलाकर 10 टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने का कीर्तिमान स्थापित किया है।

## स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, पाकिस्तान के खिलाफ खेली सबसे बड़ी भारतीय पारी



**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ते हुए कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए मुकाबले में मंधाना ने 44 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल रहे। उनकी दमदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने छह विकेट पर 170 रन बनाए और बाद में पाकिस्तान को 64 रन से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। स्मृति मंधाना महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ 47 गेंदों में 56 रन बनाए थे। वहीं, पुरुष टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। उन्होंने 2022 में मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाए थे। दिलचस्प बात यह है कि विराट कोहली और स्मृति मंधाना दोनों ही 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। मंधाना महिला टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के रिकॉर्ड से सिर्फ एक रन दूर रह गईं। इस सूची में पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ 2023 में भारत के खिलाफ नाबाद 68 रन के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि स्मृति की 68 रन की पारी संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बन गई है। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 34वां और महिला टी20 विश्व कप में पांचवां अर्धशतक भी पूरा किया। इसके साथ ही वह महिला टी20 विश्व कप में पांच या उससे अधिक अर्धशतक लगाने वाली तीसरी भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। इससे पहले यह उपलब्धि मिताली राज और कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम दर्ज है। मंधाना को अपनी पारी के दौरान दो जीवनदान भी मिले।

### एक नज़र

## गुरबाज ने खेली तूफानी पारी, लेकिन अफरीदी का रिकॉर्ड अब भी कायम

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में 48 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। धर्मशाला में खेली गई उनकी 102 रन की पारी की बदौलत वह अफगानिस्तान की ओर से सबसे तेज वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। हालांकि, वह भारत के खिलाफ सबसे तेज वनडे शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गए, जो अब भी पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के नाम दर्ज है।

अफरीदी ने 2005 में कानपुर में भारत के खिलाफ सिर्फ 45 गेंदों में शतक पूरा किया था और 46 गेंदों में 102 रन बनाए थे। इस सूची में गुरबाज दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और आठ छक्के लगाए और महज 51 गेंदों में 102 रन बनाए। हालांकि, उनकी शानदार पारी के बावजूद भारत ने 195 रन का लक्ष्य सात विकेट शेष रहते हासिल कर मुकाबला जीत लिया।

भारत के खिलाफ सबसे तेज वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स फॉकनर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल भी शामिल हैं। फॉकनर ने 2013 में बेंगलुरु में, डिविलियर्स ने 2015 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में और ब्रेसवेल ने 2023 में हैदराबाद में 57-57 गेंदों में शतक पूरे किए थे। भारत के खिलाफ सबसे तेज वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब गुरबाज का नाम दूसरे स्थान पर दर्ज हो गया है, लेकिन शाहिद अफरीदी का 21 साल पुराना रिकॉर्ड अभी भी अटूट बना हुआ है।

## शुभमन गिल के शतक से ज्यादा जीत को रखा अहम : गावस्कर

### केएल राहुल ने टीम को दी प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में भारतीय बल्लेबाजों के टीम-फर्स्ट रवैये की सराहना की है। धर्मशाला में बारिश से प्रभावित 25 ओवर के मुकाबले में भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच के दौरान केएल राहुल की तेज बल्लेबाजी के कारण शुभमन गिल अपना शतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन गावस्कर ने इसे टीम भावना का बेहतरीन उदाहरण बताया। गावस्कर ने कहा कि जिया उर रहमान के ओवर में राहुल ने 20 रन बनाकर मैच को जल्दी समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उस समय शुभमन गिल को शतक पूरा करने के लिए 21 रन और टीम को जीत के लिए करीब 30 रन की जरूरत थी। इसके बावजूद राहुल ने व्यक्तिगत उपलब्धियों के बजाय टीम की जीत को प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि 23वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लेना दिखाता है कि भारतीय बल्लेबाजों ने कितनी समझदारी से लक्ष्य का पीछा किया। गावस्कर के मुताबिक यह आसान लक्ष्य नहीं था, लेकिन खिलाड़ियों ने सामूहिक सफलता को महत्व देते हुए इसे आसान बना दिया।

मुकाबले में शुभमन गिल ने 66 गेंदों में 84 रन बनाए, जबकि केएल राहुल ने महज 19 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 39 रन की तेज पारी खेली। राहुल की स्ट्राइक रेट 205 से अधिक रही। हालांकि, शतक से चूकने के बावजूद गिल ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की और वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 3000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज तथा दुनिया के दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

# फीफा विश्व कप 2026 : तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड की धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 का खुमार अब पूरी दुनिया के फुटबॉल प्रेमियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। टूर्नामेंट के तीसरे दिन मैदान पर फुटबॉल के महाकुंभ का असली रोमांच और उलटफेर देखने को मिले। तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों में जहां ऑस्ट्रेलिया ने एकतरफा खेल दिखाते हुए बड़ी जीत दर्ज की,

- **ब्राजील और स्विट्जरलैंड को छोटे देशों ने चौंकाया**

वहीं स्कॉटलैंड ने दशकों बाद ऐतिहासिक वापसी का जश्न मनाया। हालांकि, दिन की सबसे बड़ी सुर्खियां दो कमजोर मानी जा रही टीमों ने बटोरीं, जिन्होंने खिताब की प्रबल दावेदार और दिग्गज टीमों को बराबरी पर रोककर अंक तालिका का गणित बिगाड़ दिया। पांच बार की चैंपियन ब्राजील और यूरोपीय पावरहाउस स्विट्जरलैंड को क्रमशः मोरक्को और कतर के खिलाफ अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा। दिन के सबसे सुव्यवस्थित मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने तुर्किये के खिलाफ मैदान मारते हुए 2-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। ग्रुप डी के इस हाई-वोल्टेज मैच में तुर्किये की टीम कंगारू डिफेंस के आगे पूरी तरह बेअसर नजर आई। ऑस्ट्रेलिया के युवा सनसनी नेसट्रोरी





इरांकुडा ने पूर्व खिलाड़ी पॉल ओकोन इंग्सिटलर के एक बेहतरीन पास को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। पहले हाफ में 1-0 से आगे चल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे हाफ में भी अपना दबाव कम नहीं होने दिया। मैच के 75वें मिनट में कोनोर मैटकेल्फे ने तुर्किये के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को जाल में डाल दिया और टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी, जो अंत तक बरकरार रही। तुर्किये पूरे मैच में एक भी सटीक मौका नहीं बना सकी। फुटबॉल प्रशंसकों के लिए दिन का सबसे भावुक और ऐतिहासिक पल स्कॉटलैंड की जीत के रूप में आया। ग्रुप सी के एक रोमांचक मैच में स्कॉटलैंड ने हैती को 1-0 से हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। स्कॉटलैंड की टीम ने पूरे 32 साल बाद विश्व कप के मंच पर ऐसी यादगार जीत दर्ज की है। साल 1998 के बाद पहली बार इस महाकुंभ के लिए क्वालीफाई करने वाली स्कॉटलैंड की टीम ने आखिरी बार विश्व कप में जीत का स्वाद 1990 में चखा था, जब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। स्कॉटलैंड के लिए स्टार खिलाड़ी जॉन मैकगिन ने मैच के 28वें मिनट में एक जादुई गोल दागा, जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। दूसरे हाफ में हैती ने वापसी की पुरजोर कोशिश की, लेकिन स्कॉटिश रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रही। इस जीत के साथ स्कॉटलैंड अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ, ग्रुप बी में एक अविश्वसनीय मुकाबला देखने को मिला जहां कतर ने मजबूत स्विट्जरलैंड को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। लेवी स्टेडियम में लगभग 68 हजार दर्शकों के सामने खेले गए इस मैच में स्विट्जरलैंड की जीत तय मानी जा रही थी, जब 17वें मिनट में ब्रील एम्बोलो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्जरलैंड को 1-0 से आगे कर दिया था।

इसके बाद स्विस टीम ने गोल करने के कई आसान मौके गंवाए, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। मैच के अंत में रेफरी की अंतिम सीटी बजने से ठीक पहले, इंजरी टाइम के चौथे मिनट (90+4वें मिनट) में कतर के बौलेम खौखी ने एक हैरतअंगेज हेडर के जरिए गोल दागकर पूरे स्टेडियम को सन्न कर दिया। इस ऐतिहासिक गोल की बदौलत कतर ने विश्व कप के इतिहास में अपना पहला अंक हासिल किया। गोल होते ही कतर के खिलाड़ी मैदान पर भावुक होकर जश्न मनाने लगे। दिन का सबसे बड़ा हाई-वोल्टेज मुकाबला पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील और मोरक्को के बीच खेला गया, जो 1-1 से ड्रॉ रहा। 2002 से चमचमाती ट्रॉफी का इंतजार कर रही ब्राजील की टीम पर खिताब का दबाव साफ दिख रहा था, जिसका फायदा उठाते हुए मोरक्को ने आक्रामक शुरुआत की। मोरक्को ने शुरुआती 30 मिनट में ब्राजीलियाई गोल पोस्ट पर ताबड़तोड़ 12 शॉट दागे। मैच के 21वें मिनट में मोरक्को के इस्माइल सैबारी ने ब्राजील के दिग्गज गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट मारकर गोल किया और अपनी टीम को 1-0 की सनसनीखेज बढ़त दिला दी। हालांकि, ब्राजील के स्टार फारवर्ड विनिसियस जूनियर ने 32वें मिनट में ब्रूनो गुइमारेस के साथ बेहतरीन पासिंग गेम खेलते हुए नील एल ऐनाउई को छकाया और गोलकीपर यासीन बोनू को मात देकर अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को दी जानकारी



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड हलिया सभागार में रविवार को ष्विशेष जनसम्पर्क सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पीएम किसान गौरव दिवस और खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों और महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मंच पर मौजूद एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, बीटीएम सर्वेश मिश्रा, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद ने कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। किसानों को खेती में नई तकनीकों, फसल बीमा, मृदा परीक्षण और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभ लेने के तरीके समझाए गए। आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे, इसलिए इस तरह के शिविर गांव-गांव तक ले जाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योजनाओं को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों ने मौके पर समाधान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बढ़नी ब्लॉक में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड बढ़नी परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार से शुरू हुआ। यह शिविर 14 जून से 16 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, आयुष, वन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग तथा लघु सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी संचालित की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कृषि विभाग ने किसानों को उन्नत खेती, फसल प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम ने स्वयं सहायता समूहों एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं पर प्रकाश डाला। शिविर में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता संतोष कुमार गुप्ता, पंचायती राज विभाग के एडीओ पंचायत राम विलास, शिवराम, जनार्दन पांडेय, अरशद कलाम, कृषि विभाग के कन्हैया लाल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की रूपमणि पांडेय, सालेहा खातून, रुक्मणि पांडेय, आयुष विभाग के डॉ. अजय कुमार प्रजापति, रामनाथ यादव, विकसित भारत अभियान से रामजी एवं दिनेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग की हेमा साहू, पंकज वर्मा, सोनिया थापा, अवनीश, डॉ. विजय, डॉ. ओ.पी., स्नेहलता, लक्ष्मी यादव, खाद्य एवं रसद विभाग के राणा प्रताप सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री रश्मि मिश्रा, चंद्रवती, प्रमिला यादव, बेसिक शिक्षा विभाग के निसार अहमद, अरविंद कुमार आर्य, उमेश गुप्ता, महेंद्र कुमार मिश्रा, कुर्बान अली तथा वन विभाग के मंथराम एवं संतोष कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि तीनों दिनों तक जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## सपा के जोन प्रभारी बने महेंद्र



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद लाल यादव ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से हलिया कस्बा निवासी महेंद्र उपाध्याय को जोन प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी हाईकमान द्वारा जारी सूची में उनका नाम शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।महेंद्र उपाध्याय को यह जिम्मेदारी उनके संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए दी गई है। नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सक्रिय होगा।जोन प्रभारी बनने के बाद महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की आवाज को हर स्तर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 के चुनावों की तैयारी में जुटने की अपील की। समर्थकों का कहना है कि महेंद्र उपाध्याय की नियुक्ति से क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी और नए कार्यकर्ता जुड़ेंगे।

# आरोग्य मेला का हुआ आयोजन 196 मरीजों का उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 56 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 47 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 49 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 41 मरीजों का उपचार किया कुल 196 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था।

## सरवाइकल कैंसर से बचाव हेतु 30 किशोरियों का किया गया टीकाकरण



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के अंतर्गत अकरहरा, मोहनकोला एवं भुतहवा ग्रामों में सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की कुल 30 किशोरियों का वैक्सीनेशन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में होने वाले सरवाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। टीकाकरण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को इस बीमारी, इसके कारणों तथा बचाव के उपायों के संबंध में भी जागरूक किया। मोहनकोला क्षेत्र में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में एएनएम फिरदौस फातिमा एवं प्रियंका कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर संपर्क कर पात्र किशोरियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया तथा अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के प्रभारी अविनाश चौधरी ने बताया कि सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे जागरूकता एवं टीकाकरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगा, जन कल्याणकारी शिविर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हलिया विकास खंड मुख्यालय पर रविवार से मंगलवार तक तीन दिवसीय समेकित जन कल्याणकारी एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी हलिया द्वारा जिलाधिकारी मिर्जापुर के निर्देश पर विकास खंड मुख्यालय पर जन कल्याणकारी शिविर/कैंप का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में हलिया में तीन दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य, बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, जल जीवन मिशन, मनरेगा, कृषि और अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी और लाभ दिए जाएंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागीय स्टाल लगाकर योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं।खण्ड विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिविर में किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## विकास खण्ड सभागार में मनाया गया केंद्र सरकार के12 वर्ष पूर्ण होने का कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत हलिया(मिर्जापुर)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को विकास खण्ड सभागार हलिया में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि विकास खण्ड में 34,032 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।सभागार में फार्मर रजिस्ट्री, आयुष्मान कार्ड, सेनेटरी पैड, पशुपालन, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। जिन लोगों को किसी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें मौके पर ही पंजीकरण कर लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई। अधिकारियों ने मौजूद लोगों को बताया कि योजनाओं का लाभ कैसे लिया जाए और इसके लिए कौन से दस्तावेज जरूरी हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद, बीटीएम सर्वेश मिश्रा, डॉक्टर रीना पटेल, प्रदीप कुमार मौर्य, आदि मौजूद रहे।

## रानीपुर में जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रानीपुर विकास खंड परिसर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया।स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई, जबकि कृषि, पशुपालन, समाज कल्याण, मनरेगा, आवास और पंचायत विभाग ने अपनी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया।

## बढ़ रहे हैं किडनी स्टोन के मरीज पर्याप्त पानी पीने की सलाह

**स्वतंत्र भारत मऊ।** प्रेमा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. अरशद ने बताया कि बदलती जीवनशैली और कम पानी पीने की आदत के कारण गुर्दे में पथरी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और खान-पान पर ध्यान देने से पथरी की समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है।डॉ. अरशद ने सलाह दी कि लोगों को प्रतिदिन 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए। उन्होंने बताया कि शुरुआती अवस्था में पथरी का इलाज दवा और पर्याप्त पानी से संभव है, लेकिन बड़ी पथरी होने पर ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ सकती है। समय पर जांच और उपचार न कराने से किडनी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

## छप्पर की दुकान में आग लगने से सामान राख

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना अंतर्गत गोंदाही चौराहे पर गरीब दंपत्ति छप्पर डालकर चाय लाई चना आदि सामान रखकर दुकान चलाकर परिवार का पेट पालता है।मोती लाल व उसकी पत्नी पूनम दुकान करते है और रात मे वहीं सो जाते है। गरीब दंपत्ति ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे हल्की बारिश हो रही थी,दुकान बंदकर गोंदाही गांव मे स्थित घर पर चले गए,इसी दरमियान उनकी छप्पर की दुकान में आग लग गई,जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया,आग से एल्यूमिनियम के बर्तन पिघल गए साथ में गृहस्थी का सामान राख हो गया,अब परिवार के सामने पेट पालने की आफत बन गई है।

## कार सवार के साथ मारपीट करने वाले दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाव कलंदर पुर निवासी सत्यम सिंह ने रविवार को थाने में तहरीर देकर दो नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की शनिवार को 12बजे रात्रि अपने साथी बंजारी कला गांव निवासी मोतीलाल कोल व ज्ञान कुमार व लालगंज थाना क्षेत्र के कटाई गांव निवासी अभिमन्यु सिंह के साथ कार से बंजारी कला अपने साथी को घर छोड़ने जा रहे थे की पंवारी कला गांव में पंवारी कला गांव निवासी गोपाल सिंह व मनधारी सिंह व तीन अज्ञात रोककर गाली गलौज देते हुए मारपीट कर चोटिल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है । जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की कार सवार के साथ मारपीट करने वाले दो नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## अंकित मिश्रा बने चार्टेड अकाउंटेंट, क्षेत्र में हर्ष

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी मोतीलाल मिश्रा के छोटे भाई अमर नाथ मिश्रा के पुत्र अंकित मिश्रा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे गांव में खुशी का माहौल है।अंकित ने कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय, नई दिल्ली से सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत पूरी की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के दौरान उन्होंने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान_ की कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सीए की उपाधि प्राप्त की।गांव वालों का कहना है कि अंकित बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और घर से बाहर रहकर उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने कहा कि अंकित की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता से हम सभी गर्व महसूस कर रहे हैं।

## सादात में राजमिस्त्री की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया निवासी 26 वर्षीय राजमिस्त्री विजय बहादुर की गाजीपुर जनपद के सादात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।परिजनों के अनुसार विजय बहादुर ठेकेदार के माध्यम से सादात में काम करने गया था। शनिवार रात पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने संदेह जताया कि ठेकेदार और अन्य मजदूरों के लापता होने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## पुरुषोत्तम मास में विष्णु कथा श्रवण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पुरुषोत्तम मास (मलमास) के अवसर पर महिला मंडली द्वारा भगवान विष्णु की कथा का आयोजन किया गया। कथा में आजमगढ़ एवं स्थानीय पुरोहितों ने पुरुषोत्तम मास के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय जाप, रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के उपरांत हवन-पूजन सम्पन्न हुआ तथा भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाइक व टोटो की टक्कर, बाइक चालक सहित टोटो सवार छहः घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा राजा गांव में रविवार की दोपहर टोटो व बाइक की टक्कर होने से बाइक चालक सहित टोटो सवार छह लोग घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के हाटा पूरा पाण्डेय निवासी 32 वर्षीय गीता देवी टोटो बुक कर 32 वर्षीय रेखा देवी, 15 वर्षीय अंकित, 10 वर्षीय अमित व 6 वर्षीय आदित्य व रिश्तेदार लालगंज के पचोखर गांव निवासी 50 वर्षीय विमला देवी के साथ लालगंज से उपचार कराने के बाद वापस लौट रहे थे की जैसे ही लालगंज के बस्तरा गांव में पहुंचे की सामने से आ रहे बाइक चालक बिजनौर निवासी 50 वर्षीय सुरजीत सिंह की बाइक से टोटो की आमने सामने टक्कर होने से बाइक चालक व टोटो सवार लोग घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस चालक विनोद यादव व ईएमटी संतोष भारतीय ने घायलों को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## मझवारा में आयुर्वेदिक एवं योग शिविर, 45 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** ग्राम पंचायत मझवारा में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा विशेष आयुर्वेदिक एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद आमिर के नेतृत्व में आयोजित शिविर में करीब 45 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया।शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पेट संबंधी रोग, गठिया व जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया। योग प्रशिक्षक सर्वजीत ने ग्रामीणों को योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रधान सत्येंद्र कुमार ने शिविर की सराहना करते हुए इसे ग्रामीणों के लिए लाभकारी बताया। ग्रामीणों ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

## मुहम्मदाबाद गोहना में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक परिसर में रविवार को तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन भाजपा की पूर्व प्रत्याशी पूनम सरोज एवं डॉ. उमेश सरोज ने फीता काटकर किया।मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप व मधुमेह परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रामबदन ने अतिथियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## सूफी सैयद शाह जहीरुद्दीन का 702वां उर्स श्रद्धापूर्वक संपन्न

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के कैलेंडर तिराहा स्थित सूफी सैयद शाह जहीरूद्दीन का 702वां उर्स मेला श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार शाम अनुयायियों ने पारंपरिक जुलूस के साथ आस्ताने पर पहुंचकर चादरपोशी और सजदा किया।उर्स के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मजार पर पहुंचकर चादर चढ़ाई तथा प्रसाद ग्रहण किया। महक अली शाह सहित अन्य अनुयायियों ने चादरपोशी कर लोगों में प्रसाद वितरित किया और अमन-चैन की दुआ मांगी।

## बाइक-टेंपो की टक्कर में युवक गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के दसबारी गांव के पास रविवार दोपहर बाइक और टेंपो की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

### विधानसभा प्रत्याशी चयन एवं संगठन विस्तार पर हुआ मंथन



**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को बंजारी मोड़ स्थित होटल राधा कृष्णा पैलेस में संपन्न हुई। यह बैठक उत्तर प्रदेश प्रभारी व पूर्व डीआईजी जुगुल किशोर तिवारी के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों और संगठन के नए पदाधिकारियों की सूची पर भी मंथन हुआ, जिसे वरिष्ठ नेतृत्व के विचार-विमर्श के बाद जल्द ही आधिकारिक तौर पर जारी किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित दीपक त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अमर नाथ शुक्ल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए मोर्चा को एक सशक्त राजनीतिक विकल्प बनाने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में एडवोकेट राम नारायण मिश्र, एडवोकेट बाबू राम तिवारी, रवि श्रीवास्तव, दिलीप त्रिपाठी और कृपाराम मिश्र सहित कई गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आग्रह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय मे रविवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक मे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य,जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य,पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा उपस्थित रहे।बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन ने किया।प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता,जिला एवं मंडल पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें।जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने निर्देश दिए कि आगामी सभी शक्ति केंद्रों पर निश्चित तिथि पर बैठकों का आयोजन किया जाए और प्रत्येक मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों मे बैठक कर मजबूती से कार्य योजना बनवाएं।जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सचेत किया कि बिना खुद बैठकों मे शामिल हुए गलत रिपोर्टिंग करने से संगठन कमजोर होगा।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# ईरान समझौते से पहले ट्रंप का शक्ति प्रदर्शन

## ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा की एआई फोटो



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एआई से बनी एक सैन्य तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में ट्रंप को एक खास और शक्तिशाली अंदाज में दिखाया गया है। उनके पीछे युद्धपोत और फाइटर जेट्स नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने इस तस्वीर के साथ एक कैप्शन भी लिखा है, जिसका मतलब है आप भ्रमित हो रहे हैं।

यह पोस्ट ऐसे समय में आई है जब पश्चिम एशिया में बड़े राजनीतिक बदलाव की उम्मीद की जा रही है। ट्रंप ने बताया है कि रविवार को ईरान के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। शनिवार को पोस्ट की गई इस तस्वीर में ट्रंप एक नौसैनिक जहाज के डेक पर %कमांडर इन चीफ% की भूमिका में खड़े हैं। उनके हाथ में दूरबीन है और वह समुद्र में चल रही सैन्य गतिविधियों को देख रहे हैं।

तस्वीर के बैकग्राउंड में अमेरिकी युद्धपोतों का एक बड़ा बेड़ा लहरों के बीच आगे बढ़ रहा है। आसमान में कई फाइटर जेट्स एक साथ उड़ रहे हैं और सफेद धुआं छोड़ रहे हैं। जहाजों पर अमेरिकी झंडे लगे हैं और पीछे डूबते सूरज का सुनहरा नजारा है। यह पूरी तस्वीर किसी फिल्म के सीन जैसी लगती है।

ट्रंप ने शांति समझौते को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि यह समझौता परमाणु हथियारों के रास्ते में एक दीवार की तरह होगा। इससे यह पक्का हो जाएगा कि ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा। ट्रंप ने अपने पोस्ट में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के ईरान समझौते का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ओबामा का समझौता परमाणु हथियारों के लिए एक आसान रास्ता था। ट्रंप के अनुसार, अगर वह समझौता रहता तो ईरान छह साल पहले ही परमाणु हथियार बना लेता। ट्रंप ने दावा किया कि उनका समझौता ओबामा के समझौते से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि अब ईरान परमाणु हथियार नहीं चाहता है। वह किसी भी तरीके से इन्हें हासिल नहीं कर पाएगा। ट्रंप ने यह भी जानकारी दी कि समझौते पर हस्ताक्षर होते ही होर्मुज जलडमरूमध्य सभी के लिए खुल जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह समझौता काम नहीं करता है, तो अमेरिका के पास एक अंतिम विकल्प भी मौजूद है।

### ईरान का रुख अलग

हालांकि, ईरान का रुख थोड़ा अलग नजर आ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि रविवार को किसी समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद कम है। उन्होंने सरकारी मीडिया के माध्यम से बताया कि यह प्रक्रिया रविवार को पूरी नहीं होगी और इसमें कुछ और दिन लग सकते हैं।

# लंदन में चाकू मारकर भारतीय युवक की हत्या

**सात लोग हिरासत में लिए गए**

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में 26 साल के भारतीय मूल के युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके से 20 से 30 साल की उम्र के 7 लोगों को हत्या के शक में हिरासत में लिया था। जांच के बाद 6 लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि एक व्यक्ति को जमानत पर रिहा किया गया है। उससे आगे भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, गुरभेज सिंह पर करीब रात 12:30 बजे हमला हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। घटना में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद अब वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि गुरभेज सिंह के परिवार को सहायता दी जा रही है और हमले की पूरी वजह जानने के लिए जांच जारी है।

## एक नज़र

### ओमान में जहाज पर भारतीय नागरिक की मौत

**पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी तेज**

**मस्कट।** ओमान के दुक्म पोर्ट पर खड़े एक जहाज में सवार भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। भारतीय दूतावास ने बताया कि निशांत उर्थनाथन नामक भारतीय नागरिक का निधन चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण हुआ। यह घटना उस समय हुई जब वह एमटी सेलेस्टियल नामक जहाज पर मौजूद थे। घटना के बाद भारतीय दूतावास ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदना जताई है और पार्थिव शरीर को जल्द भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय दूतावास के अनुसार निशांत उर्थनाथन की मौत मेडिकल जटिलताओं के कारण हुई। उनका पार्थिव शरीर फिलहाल ओमान के दुक्म पोर्ट पर खड़े एमटी सेलेस्टियल जहाज पर रखा गया है। दूतावास ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि मेडिकल जटिलताओं की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

### 'आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं'

**पीएम मोदी के दौरे से पहले बोले स्लोवाकिया के राष्ट्रपति**

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक यात्रा से भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग के नए अवसर खुलेंगे। राष्ट्रपति पेलेग्रिनी ने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट साझा करते हुए लिखा, प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं सोमवार को ब्रातिस्लावा में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। आपकी यह ऐतिहासिक यात्रा नई दिल्ली में हुई हमारी सकारात्मक बातचीत को आगे बढ़ाएगी। स्लोवाकिया-भारत सहयोग के नए अवसर खोलेगी। इससे पहले शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 14 और 15 जून को मैं स्लोवाकिया की यात्रा पर रहूंगा। स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। मैं ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। शीर्ष उद्योगपतियों के साथ भी बैठक होगी। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता मजबूत व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रवाना हुए। उनकी इस यात्रा में द्विपक्षीय वार्ता, बहुपक्षीय कार्यक्रमों में भागीदारी और आर्थिक व सांस्कृतिक सहयोग पर खास फोकस रहेगा।

### क्या जबरन गायब किए जा रहे बलूच लोग?

**अब दो छात्रों के लापता होने पर सवालों में पाकिस्तानी सेना**

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में आम नागरिकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। बलूच मानवाधिरकार संगठनों ने पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने एक व्यक्ति की हत्या और छात्रों को जबरन गायब करने का आरोप लगाया है। बलूचिस्तान के मानवाधिकार संगठन %बलूच यकजेहती समिति% के अनुसार, केच जिले के तुर्बात क्षेत्र में 28 वर्षीय सद्दाम का शव शुक्रवार को डी-बलूच इलाके में फेंका हुआ पाया गया। संगठन ने इस घटना को बलूचिस्तान में जारी हिंसा और मानवाधिकारों के हनन के एक निरंतर पैटर्न का हिस्सा बताया है। एक अन्य मानवाधिकार निकाय बलूच वॉयस फॉर जस्टिस ने दो छात्रों की जबरन गुमशुदगी का मामला उठाया है। आरोप है कि 19 वर्षीय शुक्रुल्लाह और 20 वर्षीय जुबैर बलूच को 4 जून को प्रांत के दलबंदिन इलाके से पाकिस्तानी बलों द्वारा कथित तौर पर गायब कर दिया गया। इन छात्रों के परिवारों को उनके बारे में कोई जानकारी भी नहीं दी गई। संगठन ने आगे कहा, 'सद्दाम की हत्या बलूचिस्तान में जारी हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के सिलसिले में एक और दुखद घटना है। पूरे क्षेत्र में परिवार अपनों को खोने का दर्द झेल रहे हैं और उन्हें न्याय भी नहीं मिल रहा है।' मानवाधिकार निकायों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से अपील की है कि वे बलूचिस्तान में हो रहे इन अत्याचारों का संज्ञान लें।

# नाविकों की मौत पर भारत का विरोध खारिज

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ एकतरफा हमला करने वाला अमेरिका पश्चिम एशिया में दादागीरी पर उतर आया है। मालवाहक जहाजों पर हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर विरोध जताने पर अमेरिका ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में उसकी नौसैनिक नाकेबंदी का उल्लंघन या ईरानी तेल का अवैध परिवहन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिकी हमले में भारतीय नाविकों की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने बताया कि मार्को रुबियो ने इस दौरान वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी बलों के आदेशों का तुरंत पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह होर्मुज जलडमरूमध्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ईरानी तेल के अवैध परिवहन को भी अस्वीकार्य बताया। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, आज शाम अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई। मैंने खाड़ी में अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई पर भारत का कड़ा विरोध दोहराया, जिसमें तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। वाणिज्यिक शिपिंग पर इस तरह की घातक कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अमेरिका के हालिया हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर देश में भारी आक्रोश है। इस गंभीर मुद्दे को भारत ने अमेरिकी प्रशासन के सामने उठाया है। पूर्व राजनयिक वीना सीकरी ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर भारत की गहरी नाराजगी दर्ज कराई है। यह बातचीत शीर्ष स्तर पर देश के कड़े रुख को बयां करती है। ओमान की खाड़ी में भारतीय नागरिक जहाजों पर हुए तीन हमलों से भारत बेहद आहत है।

### अमेरिका ने कहा- होर्मुज में आदेश मानें, नाकेबंदी का उल्लंघन न करें

# रेयर अर्थ की तलाश में ग्रीनलैंड पहुंचेगा जापान का दल

**टोक्यो।** जापान इस गर्मी में ग्रीनलैंड में रेयर अर्थ खनिजों के संभावित खनन का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की तैयारी कर रहा है। निक्केई की रिपोर्ट के मुताबिक, दल में सरकारी अधिकारी, ट्रेडिंग कंपनियों के प्रतिनिधि और ऊर्जा-सुरक्षा एजेंसी के सदस्य शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, यह दल ग्रीनलैंड के स्थानीय सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक कर खनन संभावनाओं का आकलन करेगा। ग्रीनलैंड लंबे समय से अपने संभावित रेयर अर्थ भंडारों के कारण वैश्विक शक्तियों की रुचि का केंद्र रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन ऊर्जा उपकरणों, सेमीकंडक्टर और रक्षा क्षेत्र में इन खनिजों की बढ़ती जरूरत के चलते दुनिया भर में इनके नए स्रोत तलाशे जा रहे हैं। ग्रीनलैंड की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और संभावित खनिज संपदा इसे वैश्विक शक्तियों के लिए महत्वपूर्ण बनाती है।

# क्या एक करोड़ पर थम जाएगी स्विट्जरलैंड की आबादी?



**बर्न।** स्विट्जरलैंड इतिहास में पहली बार अपनी जनसंख्या पर औपचारिक सीमा लगाने के वोटिंग करा रहा है। यहां के लोग आबादी को 1 करोड़ (10 मिलियन) तक सीमित करने के प्रस्ताव पर वोट करेंगे। दक्षिणपंथी स्विस पीपुल्स पार्टी द्वारा पेश इस प्रस्ताव में साल 2050 तक देश की आबादी को 10 मिलियन (1 करोड़) तक सीमित करने की मांग की गई है। जहां एक तरफ समर्थकों का मानना है कि बेकाबू आप्रवासन के कारण ट्रेनों में भीड़, महंगे मकान और बुनियादी ढांचे पर असहनीय दबाव बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ सरकार, व्यापार संगठनों और आलोचकों ने इसे बेतुका और खतरनाक कदम बताया है। आलोचकों का तर्क है कि इस फैसले से देश में गंभीर लेबर शॉर्टेज (कामगारों की कमी) हो जाएगी और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त आवागमन समझौता टूटने से स्विट्जरलैंड आर्थिक रूप से अलग-थलग पड़ सकता है। पूरे यूरोप की नजरें अब इस स्विस जनमत संग्रह पर टिकी हैं, जिसे देश का ब्रेक्सिट मोमेंट कहा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले दो दशकों में स्विट्जरलैंड की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। 2002 में यूरोपीय संघ के साथ देश के मुक्त आवागमन समझौते के लागू होने के बाद से जनसंख्या लगभग 73 लाख से बढ़कर 91 लाख से अधिक हो गई है। आज, लगभग 27त्न निवासी विदेशी नागरिक हैं, जो यूरोप में सबसे अधिक अनुपातों में से एक है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून पर हो रही वोटिंग

# 30 देशों की 120 सीक्रेट बायो लैब्स में अमेरिकी फंडिंग



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने बताया है कि अमेरिका ने अब तक 30 से ज्यादा देशों में 120 से ज्यादा बायोलॉजिकल लैबोरेटरी के लिए फंडिंग दी है. हाल ही में सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों से मिली इस जानकारी के बाद ट्रंप प्रशासन की नीति में बड़ा बदलाव आया है। ऑफिस ऑफ द डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (ओडनी) के बयान से पता चला है कि इनमें से कई जगहों पर खतरनाक और तेजी से फैलने वाले पैथोजन पर रिसर्च की गई है, जिसमें गेन-ऑफ-फंक्शन रिसर्च भी शामिल है. यह बीमारी फैलाने वाले कीटाणु होते हैं. डीएनआई के मुताबिक, इन पर बहुत कम निगरानी रखी गई थी। एजेंसी के अनुसार गबार्ड ने कहा, ओडनी सरकार के दूसरे विभागों के साथ मिलकर यह पता लगाने का काम जारी रखेगी कि ये लैब कहां हैं और उनमें कौन-कौन से पैथोजन हैं, ताकि खतरनाक गेन-ऑफ-फंक्शन रिसर्च को रोका जा सके, जो अमेरिकी लोगों और दुनिया भर के लोगों की सेहत और भलाई के लिए खतरा है। सार्वजनिक किए गए रिकॉर्ड से पता चलता है कि यूक्रेन में 40 से ज्यादा लैब सोवियत-युग के बायोलॉजिकल वॉरफेयर पैथोजन को संभालने में शामिल थीं. खबरों के मुताबिक, इन जगहों पर एंथ्रेक्स, इबोला, मर्स, सार्स और प्लेग जैसे बेहद खतरनाक पैथोजन (ईडीपी) पर रिसर्च की गई थी। गैबार्ड ने कहा कि बायोलैब में खतरनाक पैथोजन पर रिसर्च से दुनिया पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है, फिर भी नेताओं, डॉ. फौसी जैसे तथाकथित हेल्थ एक्सपर्ट्स और बाइडेन प्रशासन की नेशनल सिक्योरिटी टीम के लोगों ने अमेरिकी लोगों से अमेरिका द्वारा फंडेड और सपोर्टेड बायोलैब के अस्तित्व के बारे में झूठ बोला और सच सामने लाने की कोशिश करने वालों को धमकाया। रिपोर्ट में खेरसॉन डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी जैसे उदाहरण दिए गए, जिसे 1,728,822 अमेरिकी डॉलर की फंडिंग मिली, जबकि खास पैथोजन पर काम करने के लिए उसका परमिट प्रोसेस में ही बना रहा. इन नतीजों के जवाब में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर में गेन-ऑफ-फंक्शन रिसर्च के लिए फेडरल फंडिंग आधिकारिक तौर पर बंद कर दी है. गैबार्ड ने पिछली सरकारों और हेल्थ अधिकारियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका-समर्थित इन बायोलैब के अस्तित्व के बारे में जनता को गुमराह किया।

### तुलसी गैबार्ड ने किया खुलासा

# ब्राजील में बंजी जंपिंग के दौरान हादसा

**ब्रासीलिया।** आजकल सोशल मीडिया पर रील्स और वीडियो देखकर लोग अक्सर खतरों के खिलाड़ी बनने निकल पड़ते हैं, जो अक्सर उनके लिए जानलेवा हो जाती है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि ताजा मामला ब्राजील से सामने आया है, जहां एक एडवेंचर कंपनी की घोर लापरवाही के कारण 24 साल की युवती की बंजी जंपिंग के दौरान मौत हो गई। दरअसल, एडवेंचर कंपनी की घोर लापरवाही के कारण एक लड़की बिना बंजी कॉर्ड बंधे ही 35 मीटर की ऊंचाई से नीचे कूद गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस खौफनाक हादसे का वीडियो कैमरे में कैद हो गया है, जिसके बाद पुलिस ने मौके से भाग रहे कंपनी के स्टाफ को हिरासत में ले लिया है। यह हादसा साओ पाउलो राज्य के लिमेइरा और कोर्डेइरोपोलिस शहरों को जोड़ने वाले पोंटे डो एस्केलेटो पर हुआ। यह पुल हाल के दिनों में एडवेंचर के शौकीनों और पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा स्पॉट बन गया था। लेकिन इस जगह पर सरकार या किसी आधिकारिक संस्था की कोई निगरानी या सुरक्षा रेगुलेशन लागू नहीं था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृतका मारिया एडुआर्डा रोड्रिग्स डी फ्रीटास ने इस खतरनाक बंजी जंप और उसका वीडियो शूट कराने के लिए एंट्रे कोर्डास नाम की प्राइवेट कंपनी को करीब 290 डॉलर (लगभग 24,500 रुपये) दिया था। वह अपनी वीडियो को यादों में समेटना चाहती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवती से पहले तीन और लोगों ने वहां से जंप लगाई थी, जो सुरक्षित रहे।

### बिना रस्सी बांधे 115 फीट की ऊंचाई से गिरी युवती, मौके पर मौत

## वैज्ञानिकों की चेतावनी

# दुनिया के कुछ हिस्सों में पड़ेगी झुलसाने वाली गर्मी कहीं छा सकता है अंधेरा



**नई दिल्ली।** पृथ्वी पर जीवन का आधार सूरज की रोशनी है। पेड़-पौधों की वृद्धि से लेकर मौसम का संतुलन, जल चक्र और सोलर पावर तक सीधे तौर पर सूरज पर निर्भर है। वैज्ञानिकों ने बेहद चौंकाने बदलाव का पता लगाया है, जो भविष्य में दुनिया के कई हिस्सों के लिए चुनौती साबित हो सकता है। हाल ही में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ है, जिसमें संकते मिला है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचने वाले सूर्य का प्रकाश का वितरण बदल रहा है। इस प्रभाव आने वाले समय में दुनिया के कई इलाकों पर पड़ सकता है।

यह चिंता बढ़ाने वाला अध्ययन नेशनल रिव्यू जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस शोध में कहा गया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण वातावरण में होने वाले बदलाव से सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक पहुंचने का तरीका प्रभावित हो रहा है। चीन की ओशन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इसका बदलाव का अध्ययन अत्याधुनिक क्लाइमेट मॉडल और कंप्यूटर सिमुलेशन से किया है। अध्ययन के परिणामों से खुलासा हुआ है कि पृथ्वी के कुछ इलाकों में धूप की मात्रा में बढ़ोत्तरी हो सकती है, तो वहीं कुछ इलाकों में यह कम हो सकती है। अध्ययन के मुताबिक आर्कटिक और अंटार्कटिका जैसे ध्रुवीय क्षेत्रों में आने वाले समय में पृथ्वी तक पहुंचने वाली सौर ऊर्जा कम हो सकती है। वैज्ञानिकों ने बताया कि दुनिया में बढ़ रहे तापमान की वजह से जलवाष्प की मात्रा बढ़ती जा रही है और बादलों की संरचना में भी बदलाव हो रहा है।

# बांग्लादेश की दोहरी चाल : जिहादियों के खौफ में रोक दिया श्रीराम मूर्ति का काम



**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के रिश्ते इस समय एक बेहद संवेदनशील मोड़ पर हैं। एक तरफ दोनों देशों के बीच दोस्ती बढ़ाने की बात हो रही है, तो दूसरी तरफ विवाद भी सामने आ रहे हैं। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने भारत को एक बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्रीय भागीदार बताया है। एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि भूगोल की वास्तविकताओं को बदला नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत हमारा पड़ोसी है। न तो उन्होंने हमें चुना और न ही हमने उन्हें चुना, लेकिन हम पड़ोसी हैं। हमें एक साथ रहना होगा और मिलकर काम करना होगा। एक तरफ जहां सरकार भारत से रिश्ते सुधारने का दावा कर रही है, वहीं बांग्लादेश के भीतर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बांग्लादेश के गाइबांधा जिले के पलाशबाड़ी उपजिला में स्थित श्रीश्री राधा गोविंद एवं काली मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति का निर्माण किया जा रहा था। लेकिन तारिक रहमान सरकार ने इस निर्माण कार्य पर अचानक रोक लगा दी है। %इंसाफ कायमकारी छात्र श्रमिक जनता संगठन% से जुड़े एक कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक ने इस मूर्ति को तोड़ने की खुली धमकी दी थी। स्थानीय जिहादी समूहों के इस भारी दबाव और कानून-व्यवस्था बिगड़ने के डर से प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

### मानवाधिकार संगठनों की बढ़ती चिंता

इस मूर्ति निर्माण को रोके जाने के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक संगठनों ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है। एक बांग्लादेशी अखबार के संपादक सलाह उद्दीन शोएब चौधरी ने सोशल मीडिया पर इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार कट्टरपंथियों के दबाव के आगे झुक गई है। जानकारों का मानना है कि एक तरफ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाना और दूसरी तरफ हिंदुओं के धार्मिक निर्माण को रोकना, नई सरकार की दोहरी नीति को दिखाता है।

## बाजार दर्पण

शिवशक्ति ज्योतिष
अनुसंधान एवं रत्न केन्द्र
मिले ज्योतिषाचार्य
परामर्श शुल्क 1100/-
डॉ० एस के वर्मा
शादी । व्यापार । संतान
करियर । स्वास्थ्य
कॉल: 9450649300
आशियाना
सदाफल प्लाजा सेक्टर I,
LDA कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ.
इन्दिरा नगर
B/27, भूतल, केशव कॉम्प्लेक्स फैजाबाद रोड, लखनऊ
Website: www.shivshaktijyotishkendra.in

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089